
RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 6
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com

कांग्रेस वाइड, आप नो बॉल, केवल भाजपा सही लेंथ की बॉल

राष्ट्रीय-9

# ईडब्ल्यूएस के लिए 10% कोटा जारी रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण संबंधी मामले पर निर्णय सुनाती सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की बेंच

- सुप्रीम कोर्ट ने 3-2 के बहुमत से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण के पक्ष में सुनाया फैसला
- व्यवस्था दी कि यह भेदभाव वाला नहीं है तथा संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को अपने ऐतिहासिक फैसले में दाखिलों और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले 103वें संविधान संशोधन की वैधता को दो के मुकाबले तीन मतों के बहुमत से बरकरार रखा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण के दायरे में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब नहीं आएंगे और शीर्ष अदालत ने कहा कि कहा कि यह भेदभाव वाला नहीं है और संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता।

न्यायाधीशों ने 2019 में पारित 103वें संविधान संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस को अलग श्रेणी के रूप में देखना एक तर्कसंगत वर्गीकरण है और मंडल मामले में फैसले के तहत कुल आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा गैर-लचीली नहीं है। प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने केंद्र द्वारा 2019 में लागू किए गए 103वें संविधान संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली 40 याचिकाओं पर चार अलग-अलग फैसले सुनाए। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी एवं न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कानून को बरकरार रखा, जबकि प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति ललित ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन अदालत की कार्यवाही संचालित करते हुए न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट के साथ इसके खिलाफ रुख रखा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संशोधन के दायरे से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीबों को बाहर रखने से भेदभाव के संवैधानिक रूप से प्रतिबंधित स्वरूपों का अनुसरण होता है। न्यायाधीशों ने अदालत कक्ष में 35 मिनट से अधिक समय तक चार अलग-अलग फैसले पढ़े।

न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने अपना निर्णय पढ़ते हुए कहा कि 103वें संशोधन को संविधान के मूल ढांचे को भंग करने वाला नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि आरक्षण सकारात्मक कार्य करने का एक जरिया है ताकि समतावादी समाज के लक्ष्य की ओर सर्व समावेशी तरीके से आगे बढ़ा जा सके और यह किसी भी वंचित वर्ग या समूह के समावेश का एक साधन है। न्यायमूर्ति माहेश्वरी का नाम सबसे पहले उनके फैसले के मुख्य भाग को पढ़ने के लिए पुकारा गया। न्यायमूर्ति त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पारदीवाला ने उनके स्वर में स्वर मिलाते हुए कहा कि केवल आर्थिक आधार पर दाखिलों और नौकरियों में आरक्षण संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता। उन्होंने कहा कि 103वें संविधान संशोधन को ईडब्ल्यूएस के कल्याण के लिए उठाए गए संसद के सकारात्मक कदम के तौर पर देखना होगा। उन्होंने इन दलीलों पर भी समान रुख रखा कि मंडल मामले में फैसले के अनुरूप कुल आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसके कथित उल्लंघन से संविधान के बुनियादी ढांचे पर असर नहीं पड़ता। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने फैसला पढ़ने की शुरुआत में उन सवालों का जिक्र किया जिन पर पीठ ने विचार किया था। उन्होंने बताया कि पहला मुद्दा था कि क्या 103वां संविधान संशोधन केवल आर्थिक आधार पर आरक्षण देते हुए बुनियादी ढांचे का उल्लंघन करता है। उन्होंने दूसरे प्रश्न के संबंध में कहा, क्या संशोधन ईडब्ल्यूएस आरक्षण से एससी-एसटी-ओबीसी श्रेणियों के गरीबों को बाहर रखकर बुनियादी ढांचे का उल्लंघन करता है। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा कि तीसरा प्रश्न था कि क्या संशोधन आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को तोड़कर बुनियादी ढांचे का उल्लंघन करता है। ( शेष पेज 8 )

## अहम बिंदु

- जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, बेला एम त्रिवेदी और जेबी पारदीवाला ने 10 फीसदी ईडब्ल्यूएस आरक्षण को कायम रखा, जिसमें एससी, एसटी और ओबीसी शामिल नहीं हैं।
- असहमति जताने वाले जस्टिस एस रविंद्र भट ने कहा ईडब्ल्यूएस आरक्षण अनुमति योग्य है लेकिन इससे एससी, एसटी और ओबीसी को बाहर करना रखना अन्याय होगा।
- प्रधान न्यायाधीश ललित ने न्यायमूर्ति भट के विचार से सहमति व्यक्त की।
- तीनों न्यायाधीशों ने कहा कि ईडब्ल्यूएस को अलग श्रेणी के रूप में देखना एक तर्कसंगत वर्गीकरण है और मंडल मामले में फैसले के तहत कुल आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा गैर-लचीली नहीं है।

# छावला गैंगरेप व हत्या में सुप्रीम कोर्ट से तीन बरी

**एजेंसी** । नई दिल्ली



- आईटी प्रोफेशनल को 2012 में गुरुग्राम ऑफिस से लौटते समय घर के पास से किया गया था अगवा
- निचली अदालत ने तीन लोगों को सुनाई थी मौत की सजा, हाई कोर्ट ने इसे बरकरार रखा था

**सुप्रीम** कोर्ट ने दिल्ली के छावला इलाके में 2012 में 19 साल की आईटी प्रोफेशनल लड़की से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सोमवार को तीन लोगों को बरी कर दिया। निचली अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुनाई थी और हाईकोर्ट ने इसे बरकरार रखा था। तीनों पुरुषों पर फरवरी 2012 में लड़की का अपहरण करने, उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने और उसकी नृशंस हत्या करने का आरोप है। लड़की का क्षत-विक्षत शव उसके अपहरण के तीन दिन बाद मिला था। निचली अदालत ने 2014 में मामले को दुर्लभ से दुर्लभतम करार देते हुए तीन आरोपियों को मौत की सजा सुनाई थी। बाद में दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसले को बरकरार रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गुड़गांव के साइबर सिटी इलाके में काम करने वाली पीड़िता उत्तराखंड की रहने वाली थी। घटना वाले दिन वह अपने दफ्तर से लौट रही थी और अपने घर के पास थी, तभी तीन लोगों ने एक कार में उसका अपहरण कर लिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार लड़की जब घर नहीं लौटी तो उसके माता-पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में लड़की का शव सड़ी-गली हालत में हरियाणा के रेवाड़ी के एक गांव में मिला। पुलिस को उसके शव पर चोट के अनेक निशान मिले। आगे जांच और ऑटोप्सी में पता चला कि उस पर कार के औजारों, कांच की बोतलों, किसी पदार्थ से और अन्य हथियारों से हमला किया गया। पुलिस के अनुसार उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया। पुलिस ने अपराध में शामिल होने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के बाद पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक के शादी के प्रस्ताव को लड़की ने ठुकरा दिया था।

## संघर्ष जारी रखेगा पीड़ित का परिवार

**छावला** सामूहिक दुष्कर्म मामले के तीनों आरोपितों की फांसी की सजा को निरस्त किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर लड़की के माता-पिता ने गहरी निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि वे एक दशक से न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए। हमें देश की शीर्ष अदालत से भी पूर्ण न्याय की आशा थी, लेकिन फैसले से बहुत निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि परिवार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का अध्ययन करेगा और जो भी कानूनी विकल्प शेष हैं, उनके अनुसार संघर्ष जारी रखा जाएगा। बेटी को न्याय दिलाने के लिए हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है और इस लड़ाई में हम अकेले नहीं हैं, समाज, पड़ोसी सब हमारे साथ हैं। पीड़ित लड़की के माता-पिता के साथ सुप्रीम कोर्ट के बाहर खड़ीं सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भड़ाना ने कहा कि हम सुबह बहुत उत्साहित थे। ( शेष पेज 8 )

# बढ़ेगी सिसोदिया की परेशानी गवाह बनना चाहता है अरोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

- आबकारी नीति मामले में उपमुख्यमंत्री के करीबी की याचिका पर फैसला 14 को

**दिल्ली** आबकारी नीति मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सिसोदिया के बेहद करीबी सहयोगी एवं कारोबारी दिनेश अरोड़ा ने माफी मांगते हुए इस मामले में गवाह बनने की इच्छा जताई है। अदालत आगामी 14 नवंबर को फैसला करेगी कि सीबीआई को उन्हें गवाह बनाने की अनुमति दी जाए या नहीं। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत में सुनवाई के दौरान, आरोपी ने कहा कि वह मामले के बारे में स्वेच्छा से सच्चाई का खुलासा करने के लिए तैयार हैं और वह मामले में सरकारी गवाह बनना चाहते हैं। अदालत के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सीबीआई या किसी अन्य की ओर से उन पर कोई दबाव या धमकी नहीं है।

अरोड़ा के वकील ने बंद कमरे में कार्यवाही के लिए एक अर्जी भी दी और कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है और मीडिया को सुनवाई के प्रारंभिक चरण में बाहर रखा जाना चाहिए। सीबीआई ने इसका विरोध नहीं किया। अदालत ने इससे पहले जांच एजेंसी द्वारा जमानत याचिका का विरोध नहीं करने के बाद अरोड़ा को अग्रिम जमानत दे दी थी।

सीबीआई ने अग्रिम जमानत याचिका के जवाब में कहा था कि अरोड़ा जांच में शामिल हुए और कुछ तथ्यों का खुलासा किया, जो जांच के लिए महत्वपूर्ण थे और इसलिए, अगर इस अदालत द्वारा अर्जीकर्ता को अग्रिम जमानत दी जाती है तो एजेंसी को कोई आपत्ति नहीं है। ( शेष पेज 8 )

# नोएडा और ग्रेनो के बिल्डरों को झटका

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा कि देरी से किए जाने वाले हर भुगतान पर बिल्डरों को प्राधिकरणों को आठ फीसदी ब्याज देना होगा। अदालत ने आम्रपाली मामले की सुनवाई के दौरान 2020 के आदेश को वापस ले लिया, जिसमें इनसॉल्वेंसी मामलों के कारण भुगतान में ब्याज के हिस्से को समाप्त कर दिया गया था। यह आदेश प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित तथा जस्टिस एस रविंद्र भट और बेला त्रिवेदी की बेंच ने दिया। आम्रपाली होमबायर्स मामले में कोर्ट द्वारा नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता (वर्तमान एटार्नी जनरल) आर वेंकटरमणी ने सितंबर में सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि 11,854 फ्लैट दो या तीन महीन में होमबायर्स को दे दिए जाएंगे, जिसमें से 5,428 यूनिट अक्टूबर में सौंपे जाएंगे। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी गई कि अदालत द्वारा जुलाई 2019 में डेवलपर के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट को सरकारी एनबीसीसी (पूर्व में नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन) ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में कल से खुल जाएंगे प्राइमरी स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

- वर्क फ्राम होम का निर्णय भी वापस, बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहनों पर रोक जारी रहेगी

**सरकार** ने राजधानी में वायु गुणवत्ता में सुधार होने के बाद नौ नवंबर से प्राथमिक विद्यालयों को दोबारा खोलने का फैसला किया है। साथ ही 50 प्रतिशत कर्मियों के घर से काम करने के आदेश को भी वापस ले लिया गया है। हालांकि पेट्रोल से चलने वाले बीएस-3 और डीजल से चलने वाले बीएस-4 वाहनों पर लगी रोक अभी जारी रहेगी। कई दिन प्रदूषण की स्थिति गंभीर श्रेणी में रहने के बाद रविवार से इसमें सुधार हुआ है और सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 354 अंक पर दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक अगले पांच-छह दिन वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में ही बनी रहेगी।

हवा की गति बढ़ने एवं पराली जलाने की घटनाओं में भी कमी से प्रदूषण से कुछ हद तक निजात मिली है। इसलिए, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए ग्रेप के चरण-4 के तहत लागू पाबंदियां हटाने का फैसला किया गया है।

सीएक्यूएम के निर्देशों के बाद सोमवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के बाद दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि क्रमिक कार्रवाई कार्ययोजना (ग्रेप) के तीसरे चरण के तहत दिल्ली में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों के चलने पर रोक जारी रहेगी। ( शेष पेज 8 )

**खनन पट्टा विवाद**

# सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन की याचिका स्वीकार की

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने खनन पट्टा मामले की जांच संबंधी जनहित याचिकाओं को सुनवाई योग्य बताने वाले हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य सरकार की याचिकाओं को सोमवार को स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने झारखंड हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को भी दरकिनार कर दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता पर राज्य के खनन मंत्री रहते हुए खुद को खनन पट्टा देने का आरोप लगाया गया है। सोरेन ने न्यायालय के फैसले के बाद ट्वीट किया, सत्यमेव जयते। पीठ ने कहा, हमने इन दो याचिकाओं को अनुमति दे दी है और जनहित याचिकाओं को सुनवाई योग्य नहीं ठहराते हुए झारखंड उच्च न्यायालय के तीन जून, 2022 को पारित आदेश को दरकिनार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति ( शेष पेज 8 )

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होगी शिवसेना और एनसीपी

- तेलंगाना में 12 दिन की यात्रा के बाद सोमवार रात महाराष्ट्र पहुंची यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली/मुंबई

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो यात्रा 12 दिन तेलंगाना में रहने के बाद सोमवार रात को महाराष्ट्र में प्रवेश कर गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही इस यात्रा में महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी पार्टी शिवसेना मंगलवार को इसमें शामिल हो सकती है। ऐसी संभावना है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी मराठवाड़ा क्षेत्र में यात्रा से जुड़ सकती है।

राहुल गांधी महाराष्ट्र में अपनी 14 दिन की यात्रा के दौरान पांच जिलों बुलढाणा, अकोला, हिंगोली, वासिम और नांदेड़ में 382 किलोमीटर पैदल चलेंगे। कांग्रेस की 8 नवंबर को सिखों के पवित्र शहर नांदेड़ में गुरु नानक जयंती गुरु पर्व के अवसर पर बड़ी रैली करने की योजना है। ( शेष पेज 8 )

## कोर्ट ने ट्विटर से कांग्रेस, भारत जोड़ो यात्रा का अकाउंट ब्लॉक करने को कहा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु शहरी जिले की एक विशेष अदालत ने सोमवार को माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और इसकी भारत जोड़ो यात्रा के हैंडल को सुनवाई की अगली तारीख तक ब्लॉक करने का निर्देश दिया। उल्लेख किए गए ट्विटर हैंडल आईएनसी इंडिया और भारत जोड़ो हैं। अदालत ने विपक्षी पार्टी द्वारा पोस्ट किए गए तीन ट्वीट हटाने का भी आदेश दिया। अदालत का आदेश एमआरटी म्यूजिक द्वारा एक वाद दायर किए जाने के बाद आया है, जो केजीएफ चैप्टर 2 फिल्म के साउंड ट्रैक का कॉपीराइट धारक है। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,185 | ↑ 235 | |
| निफ्टी | 18,203 | ↑ 86 | |
| सोना | 50,909 | ↑ 43 | /10g |
| चांदी | 60,244 | ↓ 294 | /kg |

## क्विक न्यूज

### विधि आयोग के अध्यक्ष बने ऋतुराज अवस्थी

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी को सोमवार को विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। केंद्र सरकार में कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति केटी. शंकरन, प्रोफेसर आनंद पालीवाल, प्रोफेसर डी.पी. वर्मा, प्रोफेसर राका आर्य और एम. करुणानिधि को आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। कानून मंत्री रीजीजू ने ट्वीट किया, केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी को विधि आयोग का अध्यक्ष जबकि न्यायमूर्ति केटी शंकरन, प्रोफेसर आनंद पालीवाल, प्रोफेसर डीपी वर्मा, प्रोफेसर (डॉ.) राका आर्य और श्री एम. करुणानिधि आयोग सदस्य नियुक्त किया है।

# कुनो में छोड़े गए दो चीतों ने किया पहला शिकार

- बड़े इलाके में आने के 24 घंटों के भीतर बड़ी बिल्लियों ने दिखाए तेवर वन्य अधिकारी खुश

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**अफ्रीका** से लाए गए आठ में से दो चीतों ने बड़े बाड़े में छोड़े जाने के 24 घंटों के अंदर पहला शिकार किया। इस खबर से मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कुनो राष्ट्रीय उद्यान में खुशी की लहर दौड़ गई और अधिकारियों की यह चिंता दूर हो गई कि कहीं ये चीते अस्वस्थ तो नहीं हैं। इसे इन चीतों के यहां के परिवेश में ढलने की ओर पहला कदम भी माना जा रहा है। देश में 70 साल पहले चीते विलुप्त हो गए थे। पुनः यहां बसाने की परियोजना के तहत 17 सितंबर को नामीबिया से आठ चीते कुनो नेशनल पार्क लाए गए थे। इनमें पांच मादा और तीन नर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भव्य समारोह में उन्हें डेडिकेटेड क्वारंटाइन जोन में छोड़ा था।

उसी दिन से इन्हें यहां के माहौल में ढलने के लिए क्वॉरंटीन अवधि में एक निगरानी वाले छोटे बाड़े में रखा गया था। दो चीतों फ्रेडी एवं एल्टन की जोड़ी को शनिवार को पृथक-वास (क्वॉरंटीन) क्षेत्र से 98 हेक्टेयर में फैले बड़े बाड़े में छोड़ा गया। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) उत्तर कुमार शर्मा ने बताया कि बड़े बाड़े में जाने के बाद इन चीतों ने 24 घंटों के अंदर रविवार की रात या सोमवार तड़के एक चीतल (चित्तीदार हिरण) का शिकार किया। वन निगरानी दल को सोमवार सुबह इसकी जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि चीता दो घंटे के अंदर अपने शिकार को खा जाता है। चीता परियोजना के निदेशक एवं नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी के निदेशक एसपी यादव ने कहा कि नामीबिया से लाए गए चीतों द्वारा यह पहला शिकार है। इसे भारत में चीतों के अनुकूलन की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इससे इन चीतों की शिकार करने की क्षमता के बारे में पार्क प्रबंधन की चिंताओं को दूर कर दिया है। अब तक छोटे बाड़े में बंद चीतों को कर्मचारियों द्वारा मांस लाकर खिलाया जा रहा था। उनके स्वयं के शिकार करने यह पता चलता है कि चीते पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी किसी भी मांसपेशियों की ताकत को खोने की आशंका नहीं है। इससे यह संभावना बढ़ गई है कि चीते भारतीय परिवेश में स्वयं को स्वतंत्र रूप से ढाल लेंगे। हालांकि अन्य वन अधिकारियों ने यह भी कहा कि अभी चीता परियोजना की सफलता के बारे में भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगा। बड़े बाड़े में छोड़े गए दोनों चीते फ्रेडी एवं एल्टन नर हैं। अन्य छह चीतों सवाना, साशा, ओबान, आशा, सिबिली एवं सायसा को भी चरणबद्ध तरीके से 15 नवंबर तक बड़े बाड़े में छोड़ा जाएगा।



प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित (दाएं) को विदायी समारोह में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने सम्मानित किया

# न्यायमूर्ति ललित ने सुप्रीम कोर्ट में 37 साल का कार्यकाल याद किया

**भाषा** । नई दिल्ली

**न्यायमूर्ति यूयू** ललित ने उच्चतम न्यायालय में 37 साल के कार्यकाल को याद किया। निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में करीब 37 साल की अपनी यात्रा को पीछे मुड़कर देखा और कहा कि उन्होंने वकील और न्यायाधीश दोनों रूप में अपने कार्यकाल में उत्साह के साथ काम किया।

प्रधान न्यायाधीश ललित आठ नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह अपने निर्वाचित उत्तराधिकारी न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी के साथ आज दोपहर में आखिरी बार शीर्ष अदालत की रस्मी पीठ पर बैठे और संबोधित किया। न्यायमूर्ति ललित ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को कमान सौंपना विशेष अनुभूति है क्योंकि उन्होंने शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के पिता और 16वें प्रधान न्यायाधीश यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ के सामने अपनी वकालत शुरू की थी। न्यायमूर्ति ललित ने कहा, मैंने इस अदालत में करीब 37 साल बिताए हैं। ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 नवंबर, 2022



# रविवार को सफाई कर्मी मनाएंगे छुट्टी, लोग करेंगे काम

## इंदौर की तर्ज पर गाजियाबाद में संडे होगा सेल्फ सैनिटेशन-डे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अब रविवार के दिन आपके इलाके में सफाई कर्मचारी नहीं आएंगे। घर के साथ बाहर की सफाई भी आपको खुद ही करनी होगी।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से प्रेरणा लेकर नगर निगम दिसंबर से यह योजना शहर में शुरू करने जा रहा है। इसके तहत रविवार को सेल्फ सैनिटेशन डे घोषित किया जाएगा।



संडे को सफाई कर्मिचारी अपने परिवार के साथ छुट्टी मनाएंगे और छुट्टी वाले दिन लोग अपने घर के साथ घर के बाहर सड़क या गली की भी सफाई करेंगे। हालांकि, इस योजना को धरातल पर उतारना चुनौती होगी। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे वसुंधरा के एक वार्ड से शुरू किया जाएगा। नगर निगम ने 25 लोगों की टीम बनाई हैए जो पहले इस वार्ड में जाकर लोगों से बात करेगी और उन्हें इस योजना के बारे में बताने के साथ ही शहर की स्वच्छता पर इस योजना के सकारात्मक परिणामों के बारे में बताया जाएगा।

दिसंबर से यह योजना शुरू होगी और अगले तीन माह में नगर निगम के सभी 100 वार्डों में लागू करने का दावा किया जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि इंदौर अपने नागरिकों की वजह से स्वच्छता में अव्वल आता है। वहां कोई भी खुले में कूड़ा नहीं डालता। घरों में गीले और सूखे कूड़े के साथ बायो और हैजाड्र्स वेस्ट भी अलग-अलग रखा जाता है।

लोग एक दिन खुद सफाई करेंगे तो उन्हें स्वच्छता के महत्व, कर्मचारियों की मेहनत के साथ इसका भी एहसास होगा कि वे थोड़ा सा सजग हों। इससे सार्वजनिक स्थान गंदा होगा ही नहीं। अभी सफाईकर्मियों को रोटेशन के आधार पर साप्ताहिक अवकाश दिया जाता है। इस योजना के बाद सभी कर्मचारी छह दिन काम करेंगे और रविवार को छुट्टी पर रहेंगे।

साप्ताहिक अवकाश खत्म होने से रोजाना काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या में 16.20 प्रतिशत का इजाफा होगा। ज्ञात हो गाजियाबाद नगर पालिका कूड़े के निस्ताकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यह पहल उसी कदम का हिस्सा है।

> "आरडब्ल्यूए, एओए, एनजीओ और सिविल डिफेंस के साथ मिलकर इस योजना को सफल बनाएंगे। सफ ाई करने वालों को प्रशस्ति.पत्र देंगे।"
>
> –डॉ. नितिन गौड़, नगर आयुक्त

# सोसाइटी में मासूम पर लेब्राडोर ने किया हमला शिकायत करने पर भड़का कुत्ते का मालिक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर में कुत्तों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला गाजियाबाद की एक सोसायटी का है। जिले में कविनगर थाना क्षेत्र की लैंड क्राफ्ट सोसायटी में मां के साथ कामन एरिया से जा रही साल की मासूम बच्ची पर लेब्राडोर नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया।



इस घटना में मां-बेटी ने किसी तरह अपनी जान बचाई और मां ने कुत्ते को भगा दिया। शोर मचने पर सोसायटी के लोग एकत्र हुए और कुत्ते के मालिक भी आ गए। आरोप है कि जब घटना का विरोध किया गया तो कुत्ते के मालिक ने महिलाओं व लोगों के साथ अभद्रता की। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित लैंड क्राफ्ट के स्कार्डी ग्रीन सोसायटी के ज्ञानेंद्र सिंह डाक्टर हैं। उनका कहना है कि उनकी तीन साल की बेटी सोनायरा पांच नवंबर की शाम को मां के साथ फ्लोर के कामन एरिया से होते हुए दूसरे फ्लैट में जा रही थी। इसी दौरान कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ता मालिक ने बिना सावधानी बरते कुत्ते को बाहर छोड़ दिया था। शोर-शराबा होने पर सोसायटी में लोगों की भीड़ लग गई और कुत्ता मालिक भी आ गया। आरोप है कि जब इसकी शिकायत जीएस बिष्ट से की गई और विरोध किया गया तो उन्होंने वहां मौजूद पीड़िता व अन्य महिलाओं के साथ बदतमीजी की। कविनगर थाना प्रभारी अमित कुमार काकरान का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चला रहा था कार, चालान काटा बिना हेलमेट का

नोएडा। ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार चालक का बिना हेलमेट का चालान करने का मामला सामने आया है। हालांकि, यह चालान डेढ़ साल पुराना है। चालान कोर्ट में पहुंचने के बाद कार मालिक को इसकी जानकारी हुई। चालान की कॉपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

खोदना खुर्द गांव के रहने वाले विकास शर्मा को कोर्ट के माध्यम से चालान की कॉपी प्राप्त हुई है। विकास की कार के नंबर पर भेजा गया चालान हेलमेट नहीं पहनने पर किया गया है। कार चालक ने इस मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर चालान की कॉपी वायरल कर दी।

# मुश्किन इंटरनेशनल कंपनी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

## मौके पर पहुंचीं एक दर्जन से अधिक गाड़ियां

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोतवाली फेज-2 क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में भीषण आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर एक दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए मशक्कत कर रही हैं। लोगों की भीड़ के मद्देनजर पुलिस बल को तैनात किया था।

जानकारी के मुताबिक फेज दो क्षेत्र स्थित मुश्किन इंटरनेशनल नामक कंपनी सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के बाद आसपास स्थित कंपनियों में भी अफरा-तफ री मच गई। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फायर स्टेशन आफिसर ने बताया कि आग लगने की सूचना पर तत्काल दमकल की गाड़ियां भेजी गई। आग के भीषण रूप को देखकर दमकल की और गाड़ियां बुलाई गईं। उन्होने बताया कि इस बात की उपाय किए गए, जिससे आग अगल-बगल की कंपनियों तक न पहुंचे।

# पुलिस और प्रशासन ने किसानों को किया नजरबंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

किसान बेरोजगार सभा ने जेल में बंद किसानों की रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी थी। लेकिन पुलिस और प्रशासन ने किसानों को उनके कार्यालय पर नजर बंद कर दिया। किसान कमिश्नरेट मुख्यालय का घेराव करने के लिए रामपुर फ तेहपुर स्थित अपने कार्यालय पर इकट्ठा होकर सूरजपुर की तरफ कुछ करने वाले थे। इसी बीच पुलिस और प्रशासन ने किसानों को रोक दिया। किसानों ने मौके पर ही अपनी मांगों को लेकर एसडीएम और एसीपी को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द किसानों की रिहाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन होगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूबेराम नेताजी ने बताया कि किसान अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह रामपुर फ तेहपुर स्थित अपने कार्यालय पर इकट्ठा हुए थे। किसान यहां से सूरजपुर स्थित पुलिस मुख्यालय की तरफ कुछ करने वाले थे, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने उन्हें मौके पर ही रोक दिया। इसके बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस आयुक्त को संबोधित एक ज्ञापन दादरी एसडीएम और एसीपी को सौंपा।

## भाकियू अंबावता की महापंचायत

नोएडा। भाकियू अंबावता ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर किसानों की विभिन्न समस्याओं की मांग को लेकर महापंचायत की। पुलिस ने किसानों की महापंचायत को स्थगित करने का प्रयास किया, लेकिन किसानों की बढ़ती भीड़ को देखकर पुलिस को पीछे हटना पड़ा। इस बीच पुलिस और किसानों के बीच झड़प भी हुई। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरु पर्व पर सेवा के लिए लगेगा तीन शिविर

गाजियाबाद। गुरु नानक देव की जयंती गुरु पर्व के अवसर पर इंदिरापुरम स्थित गुरुद्वारा में सेवा भाव से एक साथ तीन शिविर स्वास्थ्य, रक्तदान और देहदान-अंगदान का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। शिविर का संचालन खालसा हेल्प इंटरनेशनल की टीम द्वारा किया जाएगा। गुरुवाद्वारा के प्रधान गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि गुरु पर्व के अवसर पर आयोजित तीन शिविरों में पहले शिविर में मुफ्त ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। दूसरे शिविर में मानवता की रक्षा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। तीसरे शिविर में देहदान और अंगदान के लिए पंजीकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण फार्म गुरुद्वारा में उपलब्ध है।


इंदिरापुरम स्थित गुरुद्वारे में गुरुपर्व की तैयारी में सेवा देते सेवादार।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार गिरफ्तार

नोएडा। फेस-3 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा लगा रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से ताश के पत्ते और 13 हजार 260 रुपये की नकदी बरामद हुई है। आरोपितों की पहचान बागपत के महिपाल, बहलोलपुर के गजेंद्र, निठारी के अमित और गढ़ी चौखंडी के सोनू के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपियों को गढ़ी चौखंडी स्थित छोटा पार्क से दबोचा गया। बीते दिनों पार्क के आसपास रहने वाले लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी।

## सेक्टर-57 में तमंचे संग युवक गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-58 कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपी महेन्द्र सिंह निवासी विशनपुरा को बिजली घर के पास सेक्टर-57 से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी तमंचे के बल पर लूट की फिराक से घूम रहा था। जिसे चैकिंग के दौरान संदिग्ध हालातों में घूमते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सर्विस रोड के किनारे लिफ्ट के बाहने से लूट की फिराक में था।

## हरे पेड़ काटने के विरोध में प्रदर्शन

गाजियाबाद। आदर्शनगर कॉलोनी में एक कॉलेज प्रबंधन ने अवैध तरीके से हरे पेड़ काटे। इसके विरोध में सोमवार को कालोनी के लोगों ने तहसील में प्रदर्शन किया। गुस्साए लोगों एसडीएम शुभांगी शुक्ला से मिले और प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। सोमवार दोपहर आदर्शनगर कॉलोनी के दर्जनों लोग तहसील पहुंचे और कॉलोनी स्थित एक कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि आठ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री के आह्वान पर कॉलोनी में सड़क किनारे हरे पेड़ लगवाए गए थे। तीन दिन पूर्व कॉलेज के प्रबंधन ने मनमाने तरीके से हरे पेड़ों को कटवा दिया। जब कॉलोनी के लोगों ने विरोध किया तो कॉलेज के प्रबंधन ने लोगों को धमकाते हुए भगा दिए।

## नोएडा के छात्र लीवर कैंसर पर करेंगे शोध

नोएडा। अब एमिटी के छात्र लीवर कैंसर से संबंधित रिसर्च कर सकेंगे। इसके लिए एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती, डीन डा बीसी दास यहां सेंटर फॉर लीवर रिसर्च का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफमोलक्यूल मेडिसिन एंड स्टेम सेल रिसर्च द्वारा सेमिनार का आयोजन भी किया गया। डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि यहां होने वाली रिसर्च कैंसर की जागरूक और उसके ठीक होने में बेहद सहायक साबित हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि खराब जीवन शैली कैंसर का मुख्य कारण है। इसके अतिरिक्त आप निरंतर योगए मेडिटेशन और व्यायाम और सही आहार से स्वंय को कैंसर मुक्त रख सकते है। एमिटी विश्वविद्यालय के हेल्थ एंड एलाइड सांइस के डीन डा बीसी दास ने कहा कि यकृत या लीवर शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है जो मुख्य रूप से दो कारणों से कमजोर होता है। अधिक मात्रा में शराब के सेवन से या वायरस के कारण। उन्होंने कहा कि यूके और यूरोप में अधिकतर व्यक्ति जो लीवर से संबधित रोगों से ग्रसित पाये जाते है । उसका कारण अधिक मात्रा में शराब का सेवन ।

## पूर्व विधायक और साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया

गाजियाबाद। कमल विहार कॉलोनी की एक महिला ने पूर्व विधायक और उनके साथियों पर मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिखा शर्मा का आरोप है कि वह पति के साथ बाइक से रिश्तेदारों के घर से लौट रहे थे। लोनी तिराहे के पास उनकी बाइक पूर्व विधायक मदन भाईया के काफिले के बीच में आ गई थी। इस दौरान हथियारबंद गार्ड उतरे और मारपीट की।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनामिका बिस्वास/ अमल कुमार बिस्वास (13300000636 & QZDEL00005039991) | संपत्ति। नं- 11, तीसरी मंजिल, छत के साथ (आर.एच.एस.) के.एच. नंबर 80/5, ग्राम- हस्तसाल, रूप विहार, ओम विहार फेज-V, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ नवंबर 04, 2022 | फरवरी 07, 2020/ ₹ 20,49,284/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | ललित राम/ देवकी (24900001352 & QZJNK00005008728) | संपत्ति संख्या आरजेड-177 और आरजेड-177-ए, तीसरी मंजिल, छत के अधिकार के साथ, जैन कॉलोनी भाग -1, टी-ब्लॉक एक्सटेंशन, गांव-मटियाला, खसरा संख्या 21/5, उत्तम नगर, नई दिल्ली, दिल्ली/ नवंबर 04,2022 | जुलाई 08, 2021/ ₹ 19,47,066/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | ज़ैनब निशा/ मोहम्मद उस्मान (9600001737 & QZDEL00005015713) | संपत्ति संख्या डी-61, खसरा नं- 3013/728, छत के साथ तीसरी मंजिल, ग्राम बसई दारापुर सुदर्शन पार्क नई दिल्ली/ नवंबर 04,2022 | जून 03, 2021/ ₹ 25,62,306/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | भोला कुमार झा/ सुधा झा (9600001863 & QZDEL00005006349) | संपत्ति संख्या 3 और 3ए, छत के साथ तीसरी मंजिल, दक्षिणी इकाई केएच नंबर 7, टी ब्लॉक, गांव- बिंदापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली/ 04 नवंबर, 2022 | मार्च 26, 2021/ ₹ 19,53,310/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | संतोष कुमार सिंह/ ब्यूटी सिंह (26600001408 & QZDEL00005022237) | एफ-159-ए, बिना छत के पहली मंजिल, प्लॉट नंबर -159 में स्थित, ब्लॉक-एफ, गली नंबर 2, खसरा नंबर-31/19, 22, गांव ख्याला, विष्णु गार्डन, दिल्ली नवंबर 04, 2022 | अगस्त 20, 2020/ ₹ 18,77,000/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 08, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड करोल बाग, दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव जोशी, रेणु जोशी, जे-196, तृतीय तल, विष्णु गार्डन, विष्णु गार्डन, दिल्ली वेस्ट दिल्ली। ऋण संख्या 27900001803, खाता संख्या :- क्यूजैडजीएनओ00005010891 | सम्पत्ति सं. जे-48, प्रथम तल, खसरा नंबर 15/2, ग्राम ख्याला, ब्लॉक-जे, विष्णु गार्डन, दिल्ली दिल्ली | 06-09-2022 रू. 11,72,177/- | 08-06-2022 |
| 2. | नागेन्द्र सिंह नेगी, आरती नेगी, आरजैड 64 बी, पूरन नगर, भू तल, पालम कालोनी, दिल्ली दिल्ली। ऋण संख्या 19800041614, खाता संख्या :- क्यूजैडपीटीयू00004997716 | आरजैड - 110, प्रथम तल, गली नंबर 4, राज नगर-1, पालम कालोनी, दिल्ली नई दिल्ली। | 06-09-2022 रू. 8,71,743/- | 08-06-2022 |
| 3. | अमरीश कुमार त्यागी, सुमन त्यागी, मकान नंबर 132/46, सिरोही एन्क्लेव, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद। ऋण संख्या 20000042593, खाता संख्या :- क्यूजैडएनओडी00005010136 | एच. नंबर 1/3127, रियर फर्स्ट फ्लोर, गली नंबर 3, केएच नंबर 606, ग्राम सिकदरपुर, रामनगर एक्सटेंशन लोनी रोड, शाहदरा, दिल्ली नई दिल्ली | 06-09-2022 रू. 9,10,512/- | 08-06-2022 |
| 4. | अनिल कुमार, पूजा, एच नंबर 63, बाल्मीकि मोहल्ला, ग्राम शाहपुर गढ़ी, नरेला, दिल्ली दिल्ली ऋण संख्या 26600000936, खाता संख्या :- क्यूजैडडीईएल00005020397 | डब्ल्यूजैड-III-बी/56, द्वितीय तल, छत नहीं, खसरा नंबर 31/6/1, ग्राम ख्याला, विष्णु गार्डन, दिल्ली दिल्ली | 06-09-2022 रू. 16,09,854/- | 08-06-2022 |
| 5. | मोहन सुखीजा, गीता सुखीजा, ए 84, राम दत्त एन्क्लेव, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली नई दिल्ली ऋण संख्या 13000002409, खाता संख्या :- क्यूजैडजीयूआर0005003351 | सम्पत्ति सं. आरजैड-बी-39, द्वितीय तल, छत नहीं, केएच नंबर 189, ग्राम बिंदापुर, इंद्रा पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली नई दिल्ली | 06-09-2022 रू. 10,23,922/- | 11-05-2022 |
| 6. | सुभाष कुमार, विकाश कुमार, एच. नंबर 92/10, सिकंदरपुर घोसी, तहसील गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम ऋण संख्या 19700042207, खाता संख्या :- क्यूजैडजीयूआर00005040240 | फ्लैट नंबर 218, द्वितीय तल, वेम्बले एस्टेट ईडब्ल्यूएस रोजवुड सिटी, सेक्टर-49-50, हरियाणा, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 8,55,448/- | 11-05-2022 |
| 7. | मोहम्मद इरफान आलम, समसुन निशा, डब्ल्यूजैड-130 ई, प्रथम तल, नारायण ग्राम, दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली। ऋण संख्या 19800041555, खाता संख्या :- क्यूजैडपीटीयू00005025678 | पी/नंबर 166-बी एवं 167, तृतीय तल फ्रंट एलएचएस, मय छत, खसरा नंबर 20/1, टी-एक्सटे पार्ट-1, ग्राम मटियाला, उत्तम नगर, दिल्ली नई दिल्ली। | 06-09-2022 रू. 15,47,543/- | 30-06-2022 |
| 8. | सचिन कुमार शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, बी 64 एस/एफ, हनुमान मंदिर रोड, गुलाब बाग, नवादा, उत्तम नगर, निकट नवादा मेट्रो स्टेशन, दिल्ली, नई दिल्ली। ऋण संख्या 19800041483, खाता संख्या :- क्यूजैडपीटीयू00005013043 | प्लॉट नंबर बी-195, अपर ग्राउंड फ्लोर बैक साइड, केएच नंबर 10/16-23, गली नंबर 5, सैनिक नगर, ग्राम मटियाला, दिल्ली नई दिल्ली। | 06-09-2022 रू. 14,72,134/- | 07-05-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 08-11-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



## RATHI STEEL AND POWER LIMITED

CIN: L27109DL1971PLC005905
Regd. Off.: 24/1, Block A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi– 110044
Email ID: investors@rathisteelandpower.com, Website: www.rathisteelandpower.com

This is to inform you that pursuant to the Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations And Disclosure Requirements) Regulations, 2015 meeting of the Board of Directors of M/s Rathi Steel and Power Limited is to be held on Monday the 14th Day of November 2022 at the Registered office of the Company at 2.00 PM to consider and approve following businesses as under

| ITEM NO. | AGENDA FOR DISCUSSION |
|---|---|
| Take note and confirm the following:- | |
| 1. | To appoint Chairman of the meeting to call the meeting to order. |
| 2. | To Ensure Quorum of the Meeting |
| 3. | To grant leave of absence, if any. |
| 4. | To take note and confirm the minutes of previous meeting of board of directors of the Company. |
| Consider and Approve following:- | |
| 5. | To consider and approve Unaudited Financial Results for the Six month ended and Quarter ended on September 2022 |
| 6. | Any other businesses with permission of the Chair. |

For and on behalf of Board
Sd/-
(PREM NARAIN VARSHNEY)
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00012709

Place: New Delhi
Date: 07-11-2022



## PUBLIC NOTICE

Be it known to all general public that my client MR. JITENDER CHAUHAN S/o Sh. B.P. CHAUHAN having residence at F-119 St.No. 6, Pandav Nagar Delhi-110091 is the owner of the said property residential plot of land area 100 sq. yards, out khasra No. 1106 situated at Village Barula, Gautam Budh Nagar, U.P. vide Doc. No. 665 through Sale Deed dated 14/05/1999 executed by Ganga Saran, Har Saran, Ram Saran, Shiv Saran in favour of Sh. Kiran Pal.

Thereafter, unfortunately MR. JITENDER CHAUHAN lost the original copy of registered Power of attorney (POA) of the above said property. If anyone want to make any claim, please contacted within 7 days.

That the L.A.R. No. 20220000612111 and date of the FIR is 01/11/2022. The complainant details are as follow : Mr. Jitender Chauhan S/o Sh. B.P. Chauhan having residence at F-119 St. No. 6, Pandav Nagar, Delhi-110091.

Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey
(Enrl. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Building, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-110033



INDAG
## इन्डैग रबर लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1978पीएलसी009038
पंजी. कार्यालय : खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
फोन : 011-26963172-73, ई-मेल : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com

**सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 के अधीन और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 42 तथा 43 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि 07 नवंबर, 2022 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए रूपये 2/- प्रति इक्विटी शेयर के लिए अंतरिम लाभांश रूपये 0.90/- प्रति इक्विटी शेयर घोषित किया है।

लाभांश उन सदस्यों को दिया जाएगा, जिनका नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में रिकॉर्ड यानी दिनांक शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022 में दिखाई देता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 07 नवंबर, 2022
स्थान : नई दिल्ली



## PERFECTPAC LIMITED

Regd. Office: 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi - 110019
Phone No.: 011-26441015-18, Website: www.perfectpac.com
Email: complianceofficer@perfectpac.com, CIN No.: L72100DL1972PLC005971

### EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2022

(Rs. In lakhs except EPS)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2022 | 30.06.2022 | 30.09.2021 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 31.03.2022 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Revenue from operations | 2,455.61 | 2,528.47 | 2,245.81 | 4,984.08 | 3,995.37 | 8,849.73 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items) | 101.35 | 40.41 | 77.17 | 141.76 | 65.04 | 158.95 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 101.35 | 40.41 | 77.17 | 141.76 | 65.04 | 158.95 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax and Exceptional items | 62.16 | 36.79 | 55.60 | 98.95 | 48.68 | 103.01 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 62.16 | 36.79 | 55.60 | 98.95 | 48.68 | 108.54 |
| Equity Share Capital | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 |
| Earnings Per Share of Rs. 10/- each | | | | | | |
| 1. Basic (Rs.) | 4.67 | 2.76 | 4.17 | 7.43 | 3.65 | 7.73 |
| 2. Diluted (Rs.) | 4.67 | 2.76 | 4.17 | 7.43 | 3.65 | 7.73 |

NOTES:
1. The above unaudited financial results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved and taken on record by the Board of Directors at its Meeting held on November 07, 2022.
2. The above is an extract of the detailed format of Un-audited Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2022, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-audited Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2022 along with review report of the Statutory Auditors is available under the investor section of our website at www.perfectpac.com and on the website of the stock exchange i.e. www.bseindia.com.

For Perfectpac Limited
Sanjay Rajgarhia
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 07.11..2022



## सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती काजल पांडेय पत्नी श्री दिनकर कुमार, Residential Plot area measuing 26.66 Sq. Metes, comprised in Khasra No. 201/1, situted at Kala Enclave, Village Khora, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh के सेल डीड दिनांक 29.08.2022 पंजीकृत प्रपत्र संख्या 12614 और वसीयत दिनांक 08.03.2013 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 696 के द्वारा मालिक हैं और वेय उपरोक्त संपत्ति को, जो मेसर्स डी0 ऍम0 आई0 हाउसिंग फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति में वसीयत न्यायालय द्वारा प्रमाणित नहीं कराई गयी और न ही मृत्यु प्रमाण पत्र और पारिवारिक प्रमाण पत्र बनवाया गया है।

यदि किसी व्यक्ति(ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328



THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sandhya Kumari , D/o- Sh. Bhageshwar Singh , R/o- House No.6, Gali no. 14, A-Block, Baba Colony, Burari, Delhi-110084. I have change my name Sandhya to Sandhya Kumari for all future purposes.

PD(90190)A


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरकारी नौकरियों की बहार, भरे जाएंगे 30 हजार पद

## डीएसएसबी के माध्यम से होंगी भर्तियां, एलजी ने हाल ही में दिए थे निर्देश





● वर्ष 2013 के बाद से विभिन्न विभागों में खाली पड़े हैं हजारों पद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली जीएनसीटीडी के शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों में खाली 30 हजार पदों को जल्द भरा जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक-दिशा निर्देश दिए हैं।

वर्ष 2013 से जीएनसीटीडी के शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों में करीब 30,000 से अधिक सरकारी पद खाली हैं। आप सरकार पर आरोप है कि वह स्थायी सरकारी नियुक्तियों की जगह संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति को प्राथमिकता दे रही है।

इन खाली पदों को दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) के तहत भरे जाने की उम्मीद है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के सूत्रों का कहना है कि ये पद वर्ष 2013 से खाली पड़े हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि राज्य सरकार स्थायी सरकारी रिक्तियों को भरने के बजाए संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति को प्राथमिकता दे रही है।

उपराज्यपाल ने हाल ही में अधिकारियों को डीएसएसएसबी में विभिन्न श्रेणियों के 117 अतिरिक्त पदों को तुरंत भरने का निर्देश दिया था। इन पदों को भरने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है और दो सप्ताह के भीतर यह पूरी हो जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि इस साल मई में उपराज्यपाल के फैसले के बाद उपसचिव, अनुभाग अधिकारी, सहायक अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, कानूनी सहायक और चपरासी/एमटीएस पदों पर भर्तियां की जानी है। इन 117 पदों को भरने के बाद डीएसएसएसबी पूरी तरह से शिक्षकों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों और तकनीशियनों समेत हजारों पदों को भरने के लिए पूरी क्षमता से काम करने में सक्षम हो जाएगा।

इससे परीक्षाओं और साक्षात्कारों आदि को कुशलतापूर्वक आयोजित करने की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। गौरतलब है कि उपराज्यपाल ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद दिल्ली के लोगों के लिए महत्वपूर्ण महत्व के सरकारी विभागों में खाली पदों को लेकर चिंता और नाराजगी व्यक्त की थी।

सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल ने अनुबंध के आधार पर उन स्थाई पदों को भरने पर भी हरी झंडी दिखाई थी, जिन नियुक्तियों में पक्षपात के आरोप लगते रहे हैं।

इसके अलावा संविदा पर अदृश्य और फर्जी भर्तियों को लेकर भी उपराज्यपाल ने सवाल उठाते हुए व्यापक जांच के आदेश भी जारी किए थे। डीएसएसएसबी के पास जीएनसीटीडी, एमसीडी समेत सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए समूह 'बी' (अराजपत्रित) और समूह 'सी' के तहत उम्मीदवारों के चयन का अधिकार है।

## अधिक प्रदूषण वाले स्थानों पर एंटी स्मॉग गन लगाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के इलाकों से अभी भी प्रदूषण का खतरा टला नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। यही वजह है कि केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निर्माण और विध्वंस स्थलों पर एंटी-स्मॉग गन की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए अन्य उपायों की भी सिफारिश की है। इन उपायों में धूल बैरियर स्क्रीन, निर्माण सामग्री और उसके मलबे को ढंकने के साथ ही निर्माण स्थलों से ढके वाहनों में कचरे का उचित निपटान शामिल है। आयोग का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में निर्माण स्थल वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत हैं। ऐसे में 5,000 से 10,000 वर्ग मीटर के निर्माण क्षेत्र के दायरे में कम से कम एक एंटी-स्मॉग गन की तैनाती जरूरी है। इसके अलावा दस हजार से 15 हजार वर्ग मीटर के निर्माण क्षेत्र में दो, 15 हजार से बीस हजार के दायरे में तीन और बीस हजार से ऊपर के निर्माण क्षेत्र में 4 एंटी-स्मॉग गन लगाना जरूरी है।



सिख युवाओं ने दिखाए गतका के करतब। फोटो: रंजन डिमरी

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिखों के पहले गुरु गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में संगत ने भाग लिया। सोमवार सुबह गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में अरदास के पश्चात नगर कीर्तन शुरू हुआ, जिसका नेतृत्व पांच प्यारों ने किया।

इसमें गुरु ग्रंथ साहिब को बेहद खूबसूरत पालकी साहिब में सुशोभित किया गया था। नगर कीर्तन में गुरु की प्यारी निहंग फौज का जत्था अपने घोड़ों सहित नगर कीर्तन में शामिल हुआ। इसके अलावा नगर कीर्तन में विभिन्न संगठनों के जत्थे भी शामिल हुए।

गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से शुरू होकर यह नगर कीर्तन खारी बावली, आजाद मार्केट, सब्जी मंडी, राणा प्रताप मार्ग, बेबे नानकी चौक से होते हुए गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब पर समाप्त हुआ। मार्ग में कई स्थानों पर संगतों ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया, पांच प्यारों व अन्यों को सिरोपाओ भेंट कर सम्मानित किया।

## निगम चुनाव: गरीबों को जहां झुग्गी है, वहीं देंगे मकान



● केंद्रीय पेट्रोलियम एवं शहरी विकास मंत्री ने रवाना किए प्रचार रथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने चार दिसंबर को होने वाले एमसीडी के 250 वार्डों के चुनाव के लिए अभियान तेज कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि के अनुसार भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बन जाएगा जहां रेवड़ी संस्कृति वाली राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने यह भी कहा कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव न केवल राष्ट्रीय राजधानी के लिए बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। एमसीडी चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रचार अभियान के तहत वीडियो वाहनों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा मोदी सरकार में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और कुछ साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुसार भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बन जाएगा जिसमें अराजकता और रेवड़ी वाली राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। केंद्र सरकार दिल्ली को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानियों में शामिल कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आप की कूड़े पर जनसंवाद से भाजपा को घेरने की तैयारी



● भगवा पार्टी को नगर निगम चुनाव कराने के लिए विवश कर दिया : राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी एमसीडी चुनाव में कूड़े पर जनसंवाद से भाजपा को घेरने की रणनीति बनाई है। आप के दिल्ली संयोजक व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को एमसीडी चुनाव को लेकर प्रचार अभियान घोषणा की। अभियान का नाम है कूड़े पर जनसंवाद दिया है। राय ने कहा कि दिल्ली वाले खुश हैं कि सारे तिकड़म लगाने के बाद आप ने भाजपा को नगर निगम चुनाव कराने के लिए विवश कर दिया है। गोपाल राय संवाददाता सम्मेलन में भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामलीला मैदान में आए, मगर भाजपा के 15 साल पूरे होने के बाद भी एक बार भी ऐसी उपलब्धि नहीं बता पाए कि जो उन्होंने काम किया हो। उन्होंने पहले आबकारी नीति को लेकर आप पर आरोप लगाए और अब महाठग सुकेश को लेकर आए हैं। मगर भाजपा कूड़े पर बात नहीं कर रही है। यह चुनाव कूड़े पर ही होगा। कूड़े पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। आज तो नहीं कल, भाजपा को कूड़े पर बोलना पड़ेगा।

## 23 हजार छात्रों ने कॉलेज बदलने का विकल्प चुना




**पायनियर समाचर सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में दाखिले के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद 30,500 से अधिक छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला ले लिया है जबकि 23,000 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने कॉलेज बदलने का विकल्प चुना है।

इस बीच, विश्वविद्यालय को मिड एंट्री एप्लिकेशन भी मिली हैं। पहले और दूसरे चरण में दाखिले के लिए आवेदन नहीं कर पाए अभ्यर्थियों के लिए मिड एंट्री एप्लिकेशन की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए पांच से सात नवंबर तक का समय दिया था। विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए कुल 70 हजार सीट हैं, जिनमें से अब तक 61,500 से अधिक सीटों पर छात्र दाखिला ले चुके हैं।

स्नातक पाठ्यक्रमों के दूसरे चरण में 15,500 से अधिक छात्रों को दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में दाखिला दिया गया है। डीन हनीत गांधी ने कहा, दूसरे दौर के बाद, 30,662 छात्रों ने दाखिला ले लिया है। जबकि 23,139 छात्रों ने कॉलेज बदलने का विकल्प चुना है।



# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने को चलाया जनसंपर्क अभियान

### कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने किया जागरुक

### कैनविन की टीम के सदस्यों ने बांटे कपड़े से बने हुए थैले

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने को लेकर जागरुक करते नवीन गोयल।

**कैनविन** फाउंडेशन की ओर से शिवजी पार्क गांधी नगर में पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने लोगों को पर्यावरण के प्रति गंभीर रहने का संदेश दिया।

नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण को खराब करने में पॉलिथीन का अहम योगदान होता है। हम तो उपयोग ना होने पर उसे कूड़े में फेंक देते हैं, लेकिन वह सेंकड़ों वर्षों तक भी गल नहीं पाती। उसके कारण हमारे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को खराब करने वाले सभी कारणों के प्रति हमें ना केवल जागरुक रहना है, बल्कि उसमें सुधार भी करना है। हमें प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कपड़े, जूट के थैलों का उपयोग करके प्लास्टिक को हमेशा के लिए घर से निकाल देना चाहिए। श्री गोयल ने इस बात के लिए भी लोगों का आभार जताया कि उनके द्वारा सरकार की ओर से जारी किए गए निर्देशों का पालन किया गया।

इसका परिणाम यह रहा कि हमारे पर्यावरण में सुधार हुआ है। पिछले करीब एक सप्ताह से दिल्ली-एनसीआर की वायु की गुणवत्ता काफी खराब हो चुकी थी। इसके लिए ग्रैप के स्टेज-4 तक हम पहुंच गए थे। यानी बहुत ही खतरनाक स्थिति हो गई थी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सुधार करना एक समुद्र की तरह से है। इसके लिए बहुत काम करना है। पेड़ लगाने का अभियान कभी थमना नहीं चाहिए। पेड़ लगाकर उन्हें जीवनदान देने के लिए खाद-पानी नियमित तौर पर देना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश यादव, डा. एमएस गर्ग, योगेश शर्मा, प्रिंस गर्ग, जगवीर प्रजापत, वीरेंद्र कुमार, परशुराम यादव, चुन्नीलाल ठेकेदार, बिल्लू आढती, जनसेवा यूपी एकता मंच कोषाध्यक्ष डीपी, दिनेश प्रधान, अशोक सेन, महेंद्र सिंह, कुमाऊं मंडल, जयपाल यादव मास्टर, सूरज तिवारी, मदन सिंह, राजेश शर्मा, सच्चिदानंद, पवन सिंह, गोविंद सिंह गढ़िया, ललित कंडारी, अमित फोटोग्राफर के अलावा गांधी नगर टीम से महेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, गोविंद सिंह गढ़िया, बसंत कुमार, उग्रसेन, मदन सिंह, बीरबल, पान सिंह, ललित कंडारी, भुवन सिंह, सच्चितानंद, भूपाल नेगी, दीपक सेन, मनोज सेन, कुंदन सिंह, पप्पू कुमार, गणेश नेगी, गणेश बिष्ट, दीवान सिंह, सुनील सेन मौजूद रहे।

## प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला व उसका साथी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में प्रेमिका के पति का हत्यारोपी।

**गुरुग्राम।** बीती 29-30 अक्टूबर 2022 की रात को एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी व पत्नी के प्रेमी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि मृतक धर्मेश की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की प्रॉपर्टी हड़पने व प्रेमी के साथ शादी करने के लिए अपने प्रेमी बबलू खान के साथ मिलकर अपने पति धर्मेश की हत्या करने की योजना बनाई थी।

बबलू खान ने अपने साथी मोहम्मद्दीन के साथ मिलकर धर्मेश की हत्या की। बता दें कि बीती 29-30 अक्टूबर 2022 को थाना पालम विहार को सूचना मिली थी कि मकान नंबर 465, सेक्टर-22 के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मौजूद नत्थुराम ने बताया कि उसके बेटे धर्मेश की हत्या की गई है। रात करीब डेढ़ बजे ठेकेदार कालूराम ने उन्हें सूचना दी थी कि सोते समय धर्मेश को किसी ने गोली मार दी है। इस सूचना पर नत्थुराम मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके बेटे धर्मेश के सिर में गोलियां लगी हुई हैं। धर्मेश की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। अपराध शाखा पालम विहार प्रभारी जोगिंद्र की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की। इस केस में पुलिस ने आरोपी की पत्नी व एक व्यक्ति को काबू किया है। उन्होंने धर्मेश की हत्या का गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपी मोहम्मद्दीन बहजोई यूपी का रहने वाला है।

# गुरुग्राम में पहली बार जीरो वेस्ट हुआ गुरु पर्व का नगर कीर्तन

### गुरु पूरब में उपयोग नहीं किया गया प्लास्टिक का सामान

**गुरुग्राम।** गुरु नानक देव जी के 553वें प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाला नगर कीर्तन इस बार ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। ऐसा पहली बार हुआ की जब नगर कीर्तन में 10,000 से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया और प्लास्टिक के सामान का जरा भी उपयोग नहीं किया। स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग देते हुए नगर कीर्तन को जीरो वेस्ट नगर कीर्तन यात्रा का नाम दिया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान शेर दिल सिद्धू व कंवलजीत सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन 6 नवंबर को सिविल लाइन स्थित गुरुद्वारे से सुबह 9 बजे शुरू हुआ। इसमें 10000 से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान साध संगत द्वारा शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन के दौरान सभी से अपील की गई है कि वह किसी भी तरह के प्लास्टिक सामग्री जैसे प्लास्टिक की प्लेट, चम्मच, ग्लास समेत किसी भी सामग्री का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गुरुग्राम को प्लास्टिक मुक्त बनाना है। ऐसे में आपका छोटा प्रयास है की नगर कीर्तन को जीरो वेस्ट यात्रा बनाया जाए। देशभर में पहला नगर कीर्तन होगा, जो जीरो वेस्ट को मध्य नजर रखते हुए मनाया गया। उन्होंने आमजन से भी अपील की वह भी प्लास्टिक के सामान का उपयोग ना करके स्टील एवं दोबारा प्रयोग किए जाने वाले सामान का ही उपयोग करें। प्रतियोगिता में नगर कीर्तन में आए हुए लोगों से सफाई व्यवस्था, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव और उनकी सफाई, घर-घर से कचरा कलेक्शन, कूड़े का पृथक्करण और निस्तारण, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर रोक, कूड़ा प्रबंधन और कूड़ा घर तक पहुंचाने की व्यवस्था, पौधारोपण आदि संबंधित प्रश्न शामिल हैं।



गुरुग्राम शहर में सोमवार को गुरु पूरब पर नगर कीर्तन निकालते सिख श्रद्धालु।

# आईएमए ने बॉन्ड पॉलिसी के खिलाफ डीसी को दिया ज्ञापन

### मेडिकल छात्रों के साथ पुलिस बर्बरता का किया विरोध

### काले कपड़े पहन कर डॉक्टरों ने छात्रों का किया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में डीसी को ज्ञापन सौंपते आईएमए के पदाधिकारी।

**बॉन्ड** पॉलिसी के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों ने सोमवार को राज्यपाल के नाम उपायुक्त निशांत कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा।

आईएमए गुड़गांव के अध्यक्ष डॉ. दीपक भाटिया ने कहा कि केंद्रीय सरकार बॉन्ड पॉलिसी को समाप्त करने की घोषणा कर रही है, दूसरी ओर हरियाणा सरकार जबरन मेडिकल कॉलेज के छात्रों को 40 लाख का बॉन्ड साइन कराने की पॉलिसी बना रही है। उन्होंने कहा कि 7 साल सरकारी नौकरी और 40 लाख रुपए की बॉन्ड पॉलिसी पूरे देश में कहीं भी लागू नहीं है। 1800 बच्चे हर साल एमबीबीएस खत्म करते हैं और हरियाणा सरकार के पास केवल 900 नौकरियों की पोस्ट है। ऐसे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का रवैया बहुत ही हैरान जनक है। नौकरी की गारंटी दिए बिना 40 लाख रुपए कैसे मांग सकते। आईएमए सचिव डॉ. सारिका वर्मा ने बताया की स्वास्थ्य सेवाएं देना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री का बयान है हरियाणा सरकार 7-10 हजार करोड़ स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करती है तो इसका पैसा मेडिकल कॉलेज के छात्रों से वसूल करेगी। क्या यह पैसा डॉक्टरों की पढ़ाई में लग रहा है या हरियाणा की जनता के स्वास्थ्य में खर्च हो रहा है। पूरे विश्व भर में भारत सरकार स्वास्थ्य पर सबसे कम निवेश करती है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि इस पॉलिसी पर आई एम ए के डॉक्टरों और मेडिकल कॉलेज के छात्रों से आमने-सामने बैठकर वार्तालाप करें और सभी मुद्दों पर स्पष्टता हो। ऐसी पॉलिसी से गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे हरियाणा के मेडिकल कॉलेज में दाखिला ले ही नहीं पाएंगे।

## आदमपुर की जीत मनोहर सरकार की नीतियों पर जनता की मोहर

**गुरुग्राम।** आदमपुर विधान सभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार भव्य बिश्नोई की प्रचंड जीत ने एक बार फिर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार की नीतियों पर जनता की मोहर लगा दी है। ये जीत मुख्यमंत्री के हरियाणा एक हरियाणवी एक और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के लक्ष्य को धरातल पर उतारने और साकार करने का प्रमाण है।

यह बात हरियाणा सरकार में चेयरमैन अनुराग बख्शी ने आदमपुर की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आज जारी एक बयान में कही है। अनुराग बख्शी को हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल का चेयरमैन बनाए जाने के उपलक्ष्य में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थाओं से जुड़े गुरुग्राम शहर के प्रबुद्ध जनों ने बख्शी को उनकी नयी जिम्मेदारी की बधाई और शुभकामनाएं दीं।


अभिनंदन समारोह में मौजूद चेयरमैन अनुराग बख्शी, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही।

इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी अरोड़ा परिवार की और से किया गया। अनुराग बक्शी को बधाई देते हुए गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां संगठन की नजर हर कार्यकर्ता की योग्यता और अनुभव पर रहती है। इस अवसर पर एनसी वधवा, बोधराज सीकरी, डा. सुभाष खन्ना, हरविंद कोहली समेत अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# रिठौज गांव में टूटी 45 साल पुरानी परम्परा इस बार होगा पंचायत चुनाव

### हर बार सर्वसम्मति से चुनी जाती थी पंचायत

### आजादी के बाद सिर्फ वर्ष 1977 में हुआ था चुनाव

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**सोहना** खंड के गुर्जर बिरादरी के खटानपुरी गोत्र के सबसे बड़े गांव रिठौज में आजादी के बाद सिर्फ एक बार (वर्ष 1977 में) पंचायत चुनाव भले ही हुआ हो, लेकिन इसके बाद कभी भी चुनाव नहीं हुआ। ग्रामीणों द्वारा आपसी प्रेमभाव से बैठकर छोटी सरकार को चुन लिया जाता था। इस बार 45 साल पुरानी यह परम्परा धराशायी हो गई और उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए ताल ठोंक दी। अब 17 उम्मीदवार सरपंच पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। आगामी 12 नवंबर को मतदान होगा।

हरियाणा के साथ-साथ दूसरे राज्यों के लिए रिठौज गांव की पंचायत मिसाल थी। इस गांव में वर्ष 1952 से सर्वसम्मति से ही सरपंच चुने जाते रहे हैं। इस गांव में तीन दादा का परिवार है। उनमें से बारी-बारी से सरपंच और पंच चुन लिए जाते हैं। कभी भी यहां पर ना तो मतदान के लिए ढोल रखे गए और ना ही कभी ईवीएम की जरूरत पड़ी। बुजुर्गों ने गांव की इस परम्परा को सदा जिवित रखा।

गांव के भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए हर बार के पंचायत चुनावों में बुजुर्गों द्वारा कभी चुनाव में जाने की नौबत नहीं आने दी गई। हालांकि वर्ष 1977 में यह परम्परा कुछ लोगों की जिद के आगे टिकी नहीं रह सकी। आखिरकार चुनाव के जरिये ही पंचायत चुनी गई। इसके बाद के चुनावों में फिर से बुजुर्गों की ही चली और उन्होंने तब से लेकर अब तक गांव को चुनावों का मुंह नहीं देखना पड़ा था। सर्वसम्मति से पंचायत चुनीं जाती रही।

### युवाओं की जिद के आगे हारे बुजुर्ग

**रिठौज** गांव में इस बार यानी 2022 के पंचायत चुनाव में भी सर्वसम्मति बनाने के खूब प्रयास किए गए। युवाओं को मनाने का प्रयास किया गया। गांव में कई मुद्दे ऐसे हावी हो गए कि पंचायत गठित करने के लिए सर्वसम्मति के रास्ते निकल ही नहीं पाए। आखिर बुजुर्गों ने भी हार मान ली और पंचायत चुनाव लड़ने का बिगुल बज गया। गांव के 17 लोगों ने सरपंच पद के लिए नामांकन किया है। आगामी 12 नवम्बर को ईवीएम के माध्यम से इनकी किस्मत का फैसला होगा।

### आदर्श माने जाते हैं दादा भूमिया

**रिठोज** गांव में तीन दादाओं की संतान रहती हैं। सबसे बड़े दादा गुर्जर, दादा भूरा ओर दादा सैंया द्यथे। दादा गुर्जर के परिवार से सदस्य को निर्विरोध सरपंच चुना गया। उसके बाद दूसरे दादा के परिवार से और अगली बार और तीसरे सबसे छोटे दादा के परिवार से निर्विरोध सरपंच चुने जाते थे। तीनों दादा के वंशज बारी-बारी अपने-अपने परिवार से सरपंच चुनते थे। पूरा गांव यह निर्णय दादा भूमिया को साक्षी मानकर लेता था। वर्ष 1977 में गांव में आपसी मनमुटाव हो गया और सहमति नहीं बनने से चुनाव कराना पड़ा। गांव के गणमान्य लोगों में पूर्व चेयरमैन शेलेश खटाना, प्रताप खटाना, हेमराम खटाना, पूर्व सरपंच प्रदीप खटाना, पूर्व सरपंच राजवीर रोहतास खटाना, रामसिंह, महाराज सिंह, सरपंच धर्मपाल आदि ने सरपंच चुनने के लिए सर्वसम्मति बनाने के काफी प्रयत्न किए, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया।

# कश्मीर प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा में वाईडब्ल्यूसी टीम बनीं चैम्पियन

### तीन दिनों में 16 क्रिकेट ग्राउंड्स पर 110 मैच खेले गए

### फाइनल में वाईडब्लूसी टीम ने एल्कोब्रू को 39 रनों से हराया

### महिला केपीएल की ट्रॉफी शारदा क्लब गुरुग्राम ने शारदा क्लब कश्मीर को 10 विकेट से हराकर जीती

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**क्रिकेट** के माध्यम से कश्मीरी समुदाय के समग्र विकास और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कश्मीर पीस लवर्स के बैनर तले गुरुग्राम में चल रहे कश्मीर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शानदार ढंग से हुआ। तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में वाईडब्लूसी टीम ने एल्कोब्रू को 39 रनों से हराकर केपीएल 2022 की ट्रॉफी जीती।

महिला केपीएल का खिताब शारदा क्लब गुरुग्राम ने शारदा क्लब कश्मीर को एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से हराकर अपने नाम किया। केपीएल जूनियर की ट्रॉफी राइजिंग कश्मीर ने उत्सव फाउंडेशन को 10 विकेट से हराकर जीती। वेटेरन वर्ग में सैफरन क्लब, आर्यन्स क्लब को 7 विकेट से हराकर विजेता बनी।



कश्मीर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन टीम।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राज नेहरू मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि कश्मीर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तीन दिवसीय आयोजन से कश्मीरी समुदाय के युवाओं में खेल के प्रति जानकारियां एवं खेल भावना का विकास हुआ है। उन्होंने कश्मीरी समाज के युवाओं को इसी तरह हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करने की बात कही।

तीन दिनों तक चली इस केपीएल क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू कश्मीर राज्य समेत 51 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनके बीच गुरुग्राम के 16 क्रिकेट ग्राउंड्स पर कुल 110 मैच खेले गए। केपीएल 2022 को 4 केटेगरी में बांटा गया था जिसमें महिला, पुरुष, जूनियर और मेंस सीनियर 40 प्लस वर्ग शामिल थे।

## सीईटी परीक्षा: ड्यूटीरत कर्मचारियों को मिलेगा अवकाश व सम्मान पत्र

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम डिपो के जीएम ने किया सम्मान

**सीईटी** पेपर के दौरान व्यवस्था सम्भालने वाले और दोनों दिन और रात कार्य पर रहने वाले सभी कर्मचारियों को हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम डिपो के महाप्रबंधक विकास नरवाल एक अतिरिक्त अवकाश और सम्मान पत्र देने की घोषणा की है। इस निर्णय पर हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन (इंटक) के डिपो प्रधान एवं राज्य उप प्रधान संदीप दलाल ने खुशी जाहिर करते हुए भविष्य में इसी तरह से ड्यूटी करने का भरोसा दिया है।

सम्मान मिलने की बात से गुरुग्राम डिपो के सभी कर्मचारियों में बहुत ज्यादा खुशी का माहौल है। संदीप दलाल ने कहा कि खुद गुरुग्राम महाप्रबंधक विकास नरवाल दिन-रात बस स्टैंड पर मौजूद रहे। खुद भी कर्मचारियों के साथ मिलकर पेपर देने वाले बच्चों कि समस्याओं का समाधान करने में लगे रहे। महाप्रबंधक को अपने बीच काम करते हुए देख कर सभी कर्मचारी भी दोगुने उत्साह से काम करते हुए दिखाई दिए। स्वयं महाप्रबंधक पेपर देने वालों को उनकी बसों की लोकेशन की जानकारी दे रहे थे। बीच-बीच में स्वयं माइक से अनाउन्स भी कर रहे थे कि अगर किसी को कोई भी दिक्कत आती है तो वो सीधे उनसे आकर मिलें। महाप्रबंधक द्वारा आदेश दिया गया था कि एक भी पेपर देने वाला बच्चा रहना नहीं चाहिए। ना उनको किसी तरह कि परेशानी होनी चाहिए। हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन (इंटक) एवं गुरुग्राम डिपो के सभी कर्मचारी मुख्यमंत्री मनोहर लाल और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा से मांग करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव में शराब तथा नोट बांटने वालों पर वोट से चोट करें


उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** पंचायत चुनावों मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि समाज में अच्छे लोगों की कमी नहीं है। किंतु निर्णायक मुद्दों पर उनकी चुप्पी समाज के गलत लोगों के गलत कार्यों को बढ़ावा दे जाती है। उन्होंने मतदाताओं को जागरुक करते हुए अपील की कि आप सभी यह चुप्पी तोड़ें, जागें तथा जगाएं। चुनाव में शराब तथा नोट बांटने वालों पर वोट से चोट करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने जिला में आगामी 9 तथा 12 नवंबर को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के मद्देनजर ग्रामीण मतदाताओं से निर्भीक होकर बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक-एक वोट का अपना महत्व होता है। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक मतदान करें तथा इसके लिए जन समुदाय को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर चुने-सही विकल्प चुनें के मूलमंत्र को सार्थक करके ही गांवों की तकदीर को बदला जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि वे अपने मत के प्रयोग के लिए किसी प्रकार के प्रलोभन में न आएं और भयमुक्त माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि हम सब का नैतिक दायित्व बनता है कि हम सब मिलकर एक स्वस्थ समाज एवं मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए इसकी सबसे सुदृढ़ इकाई पंचायत को मजबूत बनाए तथा निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

### लंबी बीमारी से पीड़ित 48 वर्षीय कैदी की मौत

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में बंद 48 वर्षीय कैदी की बीमारी के कारण मौत हो गई। भोंडसी पुलिस ने ड्यूटी मैजिस्टेट की मौजूदगी में मृतक कैदी के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। भोंडसी जिला जेल में महिला से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप में जुलाई माह में आया 28 वर्षीय कैंदी ज्वाहर लाल बीमारी से पीड़ित था। मृतक कैदी नई दिल्ली मदनगिरी का निवासी था। जिसके खिलाफ गुरुग्राम के थाना में मामला दर्ज था। जानकारी के अनुसार ज्वाहर लाल लीवर में इंफेंक्शन की बीमारी काफी समय से चली आ रही थी। जिसका जेल में रहते हुए उपचार भी दिया जा रहा था। भोंडसी जिला जेल से तबीयत अधिक खराब होने के कारण गुरुग्राम की सेक्टर-10 में स्थित नागरिक अस्पताल में शनिवार को दाखिल कराया था। जहां उपचार के दौरान ज्वाहर लाल की मौत हो गई। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक कैदी के शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को दिल्ली लेकर चले गए।

### समिति व जिला पार्षद चुनाव में मतदान सरपंच की नींव रखेगा

**सोहना।** बुधवार को समिति सदस्य और जिला परिषद पद के लिए होने वाला मतदान सरपंच पद के उम्मीदवारों की जीत-हार की भूमिका रचेगा। समिति सदस्य और सरपंच पद के उम्मीदवारों के बीच हुए वोटों के आदान-प्रदान समझौते की असल परख होगी। सोमवार को पंचायत चुनाव में जिला पार्षद पद और समिति सदस्य के उम्मीदवारों ने अपना-अपना वोट बैंक का शक्ति प्रदर्शन किया। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के उद्देश्य से अच्छी खासी भीड़ जुटाते हुए रैलियां निकाली। समिति सदस्य के 14 वार्डों में होने वाला चुनाव सरपंच बनाने की भूमिका अहमं होगी। वोटों के आदान-प्रदान को लेकर समिति सदस्य और सरपंच पदों के उम्मीदवारों के बीच अभी तक बना तालमेल चुनाव के दौरान होने वाला मतदान आंकड़ों को बिगाड़ सकता है। समिति पद के चुनाव में 54 प्रत्याशी अपनी-अपनी किश्मत दाव पर लगाए हुए हैं। जिसमें 36 पुरुष और 18 महिलाएं है। 100 के लगभग मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे। सरपंच पद प्रत्याशियों की भूमिका वैसे तो समिति सदस्य और जिला पार्षद पद के लिए बुधवार को होने वाले चुनाव को मतदाता अधिक गहराई से नहीं ले रहा है, लेकिन सरपंच पद के उम्मीदवार अपने जीत पक्की करने के लिए मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डलवाने का काम करेंगे। ताकि उन्हे भी जीत हासिल हो सके। समिति उम्मीदवार की होगी पैनी नजर बुधवार को होने वाले समिति सदस्य और जिला पार्षद पद के चुनाव में समिति उम्मीदवार प्रत्येक मतदाता पर पैनी नजर रखेगा। सरपंच प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों द्वारा डलवाई जाने वाली वोटों के आकंड़ों से ही सरपंच की जीत पक्की होगी। इस लिए सरपंच पद प्रत्याशी एक-एक वोट को लेकर फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।

### ऋण के एकमुश्त भुगतान पर ब्याज माफी योजना

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए शुरू की गई वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना की अवधि बढ़ाकर 1 दिसंबर 2022 कर दी है। इस योजना के तहत महिला लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में 1 दिसंबर 2022 तक लौटाती है, तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे जानकारी देते हुए आगे बताया की यह योजना उन महिला ऋणियों को कवर करेगी। जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ऋण लेने वालो को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी। यदि ऋणी द्वारा बकाया मूल राशि को एकमुश्त या किश्तों में छ महीने के भीतर चुका दिया जाता है तो वह लाभार्थी महिला ब्याज की 100 फीसदी छूट के लिए पात्र होगी। डीसी ने स्पष्ट किया कि ब्याज में छूट केवल उन्हीं महिलाओं को दी जाएगी जो 6 माह के भीतर पूरी बकाया मूल का भुगतान कर देंगी। महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक देशराज ने बताया कि योजना के लाभार्थी कम से कम एक वर्ष के अन्तराल के बाद ही भविष्य में एक और ऋण अग्रिम कर सकते है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना 6 महीने तक मान्य होगी और किसी भी आधार पर या किसी न्यायालय के मामले या मध्यस्थता के बहाने योजना की मान्यता अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया की वे इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। यह योजना सीमित समय के लिए है। इस बारे में अधिक जानकारी हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय लघु सचिवालय के छटी मंजिल पर कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

### जूनियर स्टेट वालीबाल चैंपियनशिप का मुंढाल में आयोजन



**फरीदाबाद।** हिसार जिला वालीबाल संघ के सचिव भूपेंदर ढुल मुंढाल ने बताया कि 10वीं राज्य स्तरीय वालीबॉल गांव में 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत खेल मैदान मुंढाल में किया गया। इस राज्य प्रतियोगिता में 2004 जन्म तक के खिलाडी बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वालीबाल हरियाणा महासचिव सूबे सिंह और एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा किया गया। जिला सचिव भूपेंदर ढुल ने बताया कि लडका वर्ग में प्रथम स्थान पानीपत व गुरु ग्राम संयुक्त विजेता रहे, द्वितीय स्थान पर फतेहाबाद और तीसरे स्थान पर साई कुरुक्षेत्र की टीम रही। भूपेंदर ढुल के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लड़कियों में पहला स्थान पानीपत ने, दूसरा स्थान करनाल ने और तीसरा स्थान स्पोर्ट्स स्कूल राई और जींद जिले ने प्राप्त किया। भारतीय ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष एवं वालीबाल संघ हरियाणा के अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला सिरसा ने सभी टीम विजेता खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। चैंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डाक्टर स्टेन मान, इनेलो नेता उम्मेद सिह लोहान और सुनील लांबा रहे। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि विनोद ढुल, राकेश ढुल, संदीप जगल कुलदीप जगल,जिला पार्षद राजा शर्मा, विजय भारद्वाज, संदीप, व सतेंदर ढुल प्रदेश सचिव इनेलो आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस स्टूडेंट्स की गिरफ्तारी के विरोध में जताया रोष

**कविता।** फरीदाबाद

**हरियाणा** सिविल मेडिकल सर्विसिस (एचसीएमएस) में शामिल सभी चिकित्सकों ने रोहतक में मेडिकल के छात्रों के द्वारा बॉन्ड पॉलिसी का विरोध करने पर हुई गिरफ्तार के विरोध में काले बिल्ले लगाकर रोष जताया। विरोध करने वालों में सिविल अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों और उप स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सक शामिल रहे। उनका कहना था कि इतना बॉन्ड मेडिकल के छात्र नहीं दे सकते, यह पॉलिसी गलत है और छात्रों को रिहा किया जाए।

**इसलिए किया गिरफ्तार:** रोहतक पीजीआई के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शनिवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, सीएम मनोहर लाल व गृहमंत्री अनिल विज के आने से पहले बॉन्ड पॉलिसी का विरोध कर रहे मेडिकल छात्रों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिस पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार बंसीलाल के बयान पर सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने का मामला दर्ज करवा दिया। जिसमें कहा गया कि करीब 12:40 बजे पीजीआईएमएस में मेडिकल के छात्रों ने एकत्रित होकर वीआईपी कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए जेड प्लस सुरक्षा घेरे को तोड़ने का प्रयास किया। करीब 300 छात्रों को सीटीएम मोहित मेहराना ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। छात्रों को चेतावनी दी गई कि वे वीआईपी एरिया खाली कर दें। छात्र नेताओं ने जेड प्लस सुरक्षा घेरा तोड़कर सरकारी कार्य में बाधा डाली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रों को गिरफ्तार कर लिया था।


काले बिल्ले लगा रोष प्रकट करते एचसीएमएस डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. सुशील अहलावत, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. निधि, डॉ. संगीता और डॉ. अंशु।

**विरोध का कारण :** डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि एससीएमएस के बैनर तले शहर के सभी सिविल अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकों ने काले बिले लगा एमबीबीएस के छात्रों पर किए गए केस को वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर डॉ. सुशील कुमार अहलावत, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. निधि, डॉ. संगीता, डॉ. अंशु सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. श्योकंद ने बताया कि हरियाणा में एमबीबीएस के छात्रों से 40 लाख का बॉन्ड भरवाया जा रहा हैं। यदि छात्र सरकारी अस्पताल में सात साल जॉब करते हैं, तो उन्हें सरकार पैसा लौटाएगी।

निजी अस्पताल में जॉब करने पर 40 लाख रुपये उन्हें सरकार को देने होंगे। इस 40 लाख के बॉन्ड को वापस लेने की मांग छात्र कर रहे हैं। मांग पूरी तरह से सही है। कोई भी 40 लाख रुपये जमा नहीं करवा सकता। ऐसे में आने वाली पीढ़ी मेडिकल की पढ़ाई से दूर रहेगी।

# व्यवसायी से 20 लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में चाचा-भतीजे समेत तीन गिरफ्तार

## सट्टे में हुए नुकसान की भरपाई के लिए बनाई थी योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश पर और एसीपी क्राइम सुरेंद्र स्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हारून, नीतीश तथा नीतीश के चाचा राकेश का नाम शामिल है।

आरोपी नीतीश तथा राकेश बल्लभगढ़ के रहने वाले हैं वहीं आरोपी हारून दिल्ली के मुस्तफाबाद का निवासी है। दो दिन पहले पुलिस थाना एनआईटी में सेक्टर 21 एरिया के रहने वाले व्यापारी राकेश ने शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह शादी के लिए फार्म हाउस किराए पर देते हैं। दो दिन पहले उन्हें किसी अंजान नंबर से फोन आया था। जिसमें आरोपी ने उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रुपये नहीं देने की सूरत में उनके व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके पश्चात थाने में मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपियों को मात्र 48 घंटे के अंदर काबू कर लिया।


रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार हारून,नीतीश और राकेश।

प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हारून तथा आरोपी नीतीश कुछ समय पहले जेल में बंद थे। आरोपी हारून अवैध हथियार तथा आरोपी नीतीश लड़ाई झगड़े के मामले में बंद था। वहां दोनों की दोस्ती हो गई और तीन चार महीने पहले दोनों आरोपी जेल से बाहर आ गए। आरोपी नीतीश का चाचा आरोपी राकेश जो सट्टाखाई का काम करता है। जिसे पिछले दिनों सट्टेबाजी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। आरोपियों को पैसों की जरूरत थी। इसलिए उन्होंने रंगदारी मांगने की योजना बनाई।

आरोपी राकेश को पता था कि व्यापारी के पास अच्छा खासा पैसा है और वह आसानी से पैसे दे देगा। राकेश ने यह बात अपने भतीजे आरोपी नीतीश को बताई और नीतीश ने इसकी जानकारी अपने साथी आरोपी हारून को दी। आरोपी राकेश ने कहा कि वह इसी एरिया के रहने वाले हैं। इसलिए उनकी आवाज पहचान में आ सकती है तो उन्होंने हारून से व्यापारी को फोन करवाया। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इसमें शामिल अन्य किसी आरोपी के बारे में जानकारी हासिल करके कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जीवा में गुरुपर्व पर छात्रा आरती को किया सम्मानित


जीवा पब्लिक स्कूल में गुरुपर्व पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व टीचर।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर** 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रार्थना सभा में गुरुपर्व के त्योहार को परंपरागत ढंग से मनाया गया। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहॉ पर सभी त्योहारों को परंपरागत रूप से मनाया जाता है। जिससे छात्रों को प्रत्येक त्योहार की विशेषता एवं उसके महत्व के विषय में ज्ञान प्राप्त हो।

कार्यक्रम में छात्रों ने गुरुपर्व के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्र इस विशेष प्रार्थना सभा में उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों ने गुरूनानक देवजी के जीवन के विषय में बतायाए कीर्तन का महत्व भी बताया गया। इसके साथ-साथ गुरु नानक देव के जीवन से संबंधित एक छोटी सी मूवी भी दिखाई गई। कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के छात्रों ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए सेवा, दया और परोपकार की भावना के विषय में बताया। छात्रों ने सुंदर गीत भी प्रस्तुत किया, शब्द गायन, मूल मंत्र पाठ, प्रभातफेरी तथा लघु नाटिका द्वारा गुरु नानक देवजी के सिद्धांतों को प्रदर्शित किया। आज की प्रार्थना सभा में विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा आरती चंदीला को भी सम्मानित किया गया।

# मैमोग्राफी जांच और रक्तदान शिविर लगाया


लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में मतदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए अतिथिगण।

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**ब्रेस्ट** कैंसर के चेकअप के लिए मेमोग्राफी, ब्लड डोनेशन एवं हड्डियों की जांच के लिए बोन डेंसिटी कैंप का आयोजन लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अग्रसेन भवन में किया गया।

ये जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश मंगला ने बताया कि ये सभी कैंप अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ एवं अग्रवाल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ केके गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला ने बताया कि डॉ मानवी तिवारी ने ब्रेस्ट कैंसर के प्रति महिलाओं को जागरूक किया एवं उन्हें बताया कि स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच महिलाएं घर में ही कर सकती हैं। स्नेह शिशु विद्या मंदिर एवं अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने डॉ तिवारी से स्तन कैंसर के बारे में अनेक प्रश्न पूछे।

# दिल्ली बैठे यूरोप की सैर करा रहा फिल्म फेस्टिवल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दो साल** के ठहराव के बाद हाल ही में यूरोपीय यूनियन फिल्म फेस्टिवल (ईयूएफएफ) ने राजधानी दिल्ली में सिनेमा के दीवानों के बीच दस्तक दी है। 13 नवम्बर तक चलने वाले 27वें ईयूएफएफ का उद्घाटन हाल ही में हुआ। समारोह में यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों की 23 भाषाओं में बनी 27 फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। ये फिल्में अपनी कहानियों के माध्यम से यूरोप की जिंदगी में झांकने और उसका अनुभव करने का अवसर प्रदान करेंगी और दिल्ली बैठे यूरोप की सैर कराएंगी।

27वां यूरोपीय यूनियन फिल्म फेस्टिवल (ईयूएफएफ) किसी भी सिनेप्रेमी के लिए अच्छा अवसर है, क्योंकि फेस्टिवल में प्रदर्शित हो रही हर फिल्म अपने आप में अलग है,

## ईयूएफएफ में प्रदर्शित हो रही हैं 10 ऐसी फिल्में, जिन्हें देखना चाहेगा हर सिनेमाप्रेमी

लेकिन इनमें से भी 10 फिल्में ऐसी हैं, जिन्हें शायद कोई भी सिनेप्रेमी देखने से नहीं चूकना चाहेगा। क्यूरेटर वेरोनिका फ्लोरा और वैलेरियो केरुसो ने कहा कि इस फिल्मोत्सव में अलग-अलग थीम और जोनर की फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें हंसाने और रुलाने की ताकत है। ये फिल्में हर सिनेमाप्रेमी को देखनी चाहिए। सभी फिल्मों के अंग्रेजी सबटाइटल होंगे और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश मिलेगा। टॉप 10 फिल्मों की



सूची में ग्रेगरी मैग्ने के निर्देशन में फ्रेंच में बनी 'परफ्यूम्स' मानवता की कहानी कहती है। निर्देशक सोनिया लिजा केंटरमैन की फिल्म 'टेलर' ग्रीस के कुछ स्थानीय मुद्दों को छूते हुए एक सार्वभौमिक कहानी कहती है। निर्देशक जेन बुबेनिसेकडेनिसा ग्रिमोवा की 'इवन माइस बिलॉन्ग इन हेवन' प्रेम एवं साहस की कहानी है। निर्देशक विक्टर बोजिनोव की फिल्म 'द नेक्ड ट्रुथ अबाउट झिगुली बैंड' बुल्गारिया भाषा की फिल्म है। स्लोवेनिया के निर्देशक मिरोस्लेव मैंडिक की फिल्म 'सैनेरेमो' भी रोमांस की कहानी कहती है।

# शारीरिक श्रम और संतुलित आहार से कैंसर को करें परास्त

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

जेआरसी काउंसलर, ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवंबर को भारत में कैंसर इसके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस सर्वप्रथम 2014 में मनाया गया था। इस दिवस की जागरूकता का उद्देश्य कैंसर के शुरुआती चरणों में ही इसका पता लगाने और उसका समय पर उपचार करने पर केंद्रित है।

# 17 सूत्री मांगों को लेकर मैदान में उतरे करतार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रदेश** के पूर्व सहकारिता मंत्री करतार सिंह भड़ाना का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वायदे अनुसार अयोध्या में राम मंदिर तो बना दिया किन्तु देश में रामराज तभी कायम होगा। जब प्रत्येक देशवासी की सुख-सुविधा का ख्याल सरकार द्वारा रखा जाएगा। वह किसी भी तरह से दुख व चिंता से ग्रसित नहीं रहेगा। यह हरियाणा संघर्ष समिति के 17 सूत्रीय मांग पत्र के लागू करने से ही संभव हो सकेगा। इस 17 सूत्रीय मांग पत्र को लागू करने के लिए जो भी राजनैतिक दल अपनी रंजामंदी देगा। उसका समर्थन 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा किया जाएगा और ऐसा कोई राजनैतिक दल नहीं करता है तो वोट की चोट से अपना हक प्राप्त किया जाएगा।

पूर्व मंत्री करतार भड़ाना ने अरावली पर्वत माला में स्थित नाहर कुटी पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा के आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए यह बात कही। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न गांवों से आए पंच-सरपंच विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा के मांग पत्र का विमोचन भी बुजुर्गों द्वारा करवाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि उनका हमेशा से ही यह सपना रहा है कि



समाज, प्रदेश व देश के लिए ऐसा कोई काम अवश्य किया जाए जिससे कि वह समाज, प्रदेश व देश के कर्ज को उतार सके और इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा के मांग पत्र पर हरि की धरा हरियाणा से इसकी शुरूआत की जा रही है। इस 17 सूत्रीय मांग पत्र में समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए मांगों को शामिल किया गया है और जिन 17 मांगों को इस मांग पत्र में शामिल किया गया है अगर उन मांगों पर पूरी ईमानदारी से काम किया जाता है तो देश में रामराज स्थापित करना संभव हो सकेगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उदाहरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जिस भी योजना को प्रदेश में लागू करते है वह पूरी नेक नीयती के साथ करते हैं और यह उसी का परिणाम है कि उन योजनाओं का फायदा प्रदेश के सभी वर्गों को मिल भी रहा है।

प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल को घेरते हुए कहा कि वह हमेशा सफेद झूठ बोलते है। वास्तविकता से उनका कोई लेना-देना नहीं होता है। आज जबकि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली गैस चैम्बर में तब्दील हो चुकी है और इस पर भी वह राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे है। उनका यह कहना कि उन्होंने एक्यूआई केवल 900 से घटाकर 500 कर दिया है अपने आप में काफी हास्यास्प्रद है।

उन्होंने कहा कि जन मानस के हक की लड़ाई के लिए वह आगामी सप्ताह से प्रदेश भर में भ्रमण कर 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा की मांगों से आम प्रदेश वासी को अवगत करायेंगे। उनका कहना था कि जो भी राजनैतिक दल उनकी इन 17 सूत्रीय मांगों पर अपनी ओर से सहमति देगा उसका संघर्ष समिति द्वारा समर्थन किया जाएगा।

# गौरव हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलिस रिमांड पर

**फरीदाबाद।** घटना दो नवम्बर की रात का है आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी के खिलाफ मृतक के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा मामले में संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई के लिए दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुण्डु ने हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अंकित है। आरोपी फरीदाबाद के गांव अंनगपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से प्रहलादपुर रोड से शराब के ठेके के पास थाना सुरजकुंड के हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने चचेरे भाई गौरव को रास्ते के विवाद के चलते 2/3 नवम्बर की रात को चाकू से हमला कर घायल कर दिया था जिसमें गौरव की मृत्यु हो गई थी। आरोपी से मामले में पूछताछ जारी है अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिए लिया गया है। आरोपी से वारदात में प्रयोग चाकू,मोटरसाइकिल बरामद की जानी है। आरोपी के अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# 22 वर्षीय मीनाक्षी के सिर रखा सरपंची का ताज


गांव गढ़खेड़ा में निर्विरोध चुनी गई सरपंच मीनाक्षी को आशीर्वाद देते ग्रामीण।

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**जिला** मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर गांव गढ़खेड़ा में रविवार देर रात नई पहल की शुरूआत हुई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर वाल्मीकी समाज की बेटी कुमारी मीनाक्षी को निर्विरोध सरपंच का उम्मीदवार घोषित किया। रविवार देर रात हुए फैसले को लेकर ग्रामीण खूब उत्साहित हैं। बेटी पर सहमति बनाने के लिए बाकि इच्छुक उम्मीदवारों से समझाया जा रहा है।

बता दें कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत में सामूहिक रूप से 75 फुट ऊंचा तिरंगे लगाने वाले गांव गढ़खेड़ा भी निर्विरोध पंचायत गठन की कवायद में जुटा हुआ है। करीब डेढ महीने से ग्रामीण निर्विरोध पंचायत बनाने को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं। गांव में सर्वसम्मति बनाने के लिए तीन बड़ी समन्वय बैठक व दर्जनों नुक्कड बैठकें हो चुकी हैं। जिसमें अधिकांश भावी सरपंच पद के उम्मीदवारों ने गांव-बस्ती के फैसले का पुरजोर स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि वोट-बैंक की राजनीति गांव के भाईचारे को नुकसान पहुंचा रही है। यह गांव के विकास में भी अक्सर अड़चन पैदा करती रही है। इसलिए ग्रामीण इसबार निर्विरोध पंचायत बनाना चाहते हैं। गांव में निर्विरोध पंचायत मुहिम का व्यापक असर भी दिखाई दे रहा है। अधिकांश वार्ड में निर्विरोध पंचों का चुनाव किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


गुरूपर्व के अवसर पर रोशनी से जगमगाता एनएच दो का गुरुद्वारा।

**फरीदाबाद।** बीपीटीपी मैनेजमेंट से जो पार्क फ्लोर-2, सेक्टर 76 सोसाइटी का डिस्कशन चल रहा था। उससे एक प्रपोजल प्राप्त हुआ, जिसके लिए सोसाइटी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने 6 नवंबर को जनरल बॉडी मीटिंग कॉल की। जिसमें कई निर्णय लिए गए। बीपीटीपी प्रपोजल को जनरल बॉडी मीटिंग में अप्रूव कर दिया गया। जिसमें मेंटिनेस चार्जेस पुराने रेट पर रहेगा ओसी जून 2023 तक आने के लिए बीपीटीपी से कमिटमेंट मिली है यदि डिले होता है तो उसके बाद मेंटेनेंस चार्जेस 25 पैसे 6 महीने के लिए कम होगा और भी ओसी ढीले होने पर मेंटेनेंस चार्ज 50 पैसे अभी के फाइनल रेट से कम हो जाएगा। बीपीटीपी सोसाइटी में प्लास्टर एवं पेंट का काम कंपलीटली फ्री करेगी। कई प्रॉमिनेंट वकीलों से राय लेने के बाद यह निर्णय लिया गया कि अभी ॥-रेरा कोर्ट मैं जो केस डाला हुआ है। उन्हीं सब पॉइंट्स के लिए एनसीडीआरसी में जाने की जरूरत नहीं है। रेजिडेंट्स के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ॥-रेरा के सीनियर वकील डेनसन जोजेफ को भी बुलाया गया। जिन्होंने सभी रेजिडेंट्स के प्रश्नों के उत्तर दिए। जल्दी ही बीपीटीपी के साथ पार्क रोड-2 सोसाइटी का एग्रीमेंट हो जाएगा। सभी ग्रेटर फरीदाबाद एसोसिएशन, ग्रेफा के पदाधिकारी, न्यूज़ चैनलों एवं सभी पत्रकार मित्रों का बहुत-बहुत शुक्रिया, जिन्होंने बिल्डर के साथ इस लड़ाई में बखूबी साथ दिया।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सीएम संग देखी लखमीचंद



**फरीदाबाद।** हरियाणा के सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद के जीवन पर आधारित दादा लख्मी फिल्म को बेस्ट हरियाणवी फिल्म का राष्ट्रीय अवार्ड मिला है। तो, वहीं पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने मुख्यमत्रीं मनोहर लाल खट्टर, पं रामविलास शर्मा पूर्व मंत्री व समाज के साथ करनाल सुपर माल मे दादा पं लख्मीचंद फिल्म देखी। पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने फिल्म के बारे में बताते हुए कहा कि फिल्म में दादा लख्मी के हर किरदार की भूमिका दिखाई गई है। हरियाणवी फिल्म में ठेठ हरियाणवी बोली और पंडित लख्मीचंद के प्राचीन संगीत को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने दादा लख्मी को नहीं देखा, वो इस फिल्म के माध्यम से उनके किरदार को समझ सकेंगे। पंडित लख्मीचंद के बचपन के किस्सों को बताते हुए बबली ने कहा कि बालकपन से ही पंडित लख्मीचंद कुछ पंक्तियां याद करके पशु चराते-चराते उनको गुनगुनाए करते थे, जैसे ही वह धीरे-धीरे अलग-अलग जगह पर जाने लगे और अपनी धुन गुनगुनाने लगे तो उनको गायन की मान्यता मिलने लगी, जिसकी वजह से कुछ भजनी और सांगी उनको साथ ले जाया करते थे, परिवार वालों को इस के शौक की वजह से काफी चिंता में रहना पड़ा, लेकिन लख्मीचंद गायन में मगन रहते थे और इसी प्रकार गायन करते-करते पंडित लख्मीचंद को इतना सम्मान मिला।

### जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका वितरित की



**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों एवं ग्राम जल एवं सीवरेज समिति द्वारा घरों में स्वच्छ जल प्रदान किये जाने के लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका जारी की गई है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि मुख्यालय द्वारा जिला कैथल के स्टाफ एवं ग्राम जल एवं सिवरेज समिति को प्रशिक्षित करने के लिए 260 मार्गदर्शिका जिले के लिए भेजी गई है। जो जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन व इम्प्लीमैंटेशन सपोर्ट एजेंसी के स्टाफ को ग्राम पंचायतों की क्षमता संवर्धन करने से पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए जिला कैथल के स्टाफ सदस्यों को यह मार्गदर्शिका भेंट कर दी गई है ताकि ग्राम पंचायतों को वे और अधिक जल जीवन मिशन के प्रति मार्गदर्शक कर सके। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य जहां भारत सरकार कर 2024 तक हर घर नल से जल पहुंचाना है। वहीं हरियाणा सरकार ने 2022 में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य सभी घरों में पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य एवं आरोग्यता केन्द्र समुदायिक स्वच्छता तथा शौचालय परिसर में मवेशी कुंड ऐसे अनेक सार्वजनिक स्थानों में भी शुद्धता पेयजल उपलब्ध करवाना है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को विलेज एक्शन प्लान बनाने, उनके कार्यान्वयन और रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर बीआरसी संदीप कुमार, रघबीर सिंह, चंद्रशेखर, बलकार सिंह उपस्थित रहे।

### छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति किया जागरुक



**फरीदाबाद।** साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिजटीन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता ने अपनी टीम के साथ सेक्टर-22 गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंच कर 900 से अधिक छात्राओं को साइबर,सेक्सटॉर्शन महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य वीना, अध्यापिका पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को गुड व बेड टच, सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में असमर्थ होती है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में आज कल मुख्य रुप से सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम को देखते हैं। इसलिए सभी विद्यार्थी को सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम से सावधान रहने व साइबर क्राइम से जागरुक रहने की आवश्यकता है। जिसमें बच्चे अपना अहम योगदान दें। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे। वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि गुड टच बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है। इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है।

## उपचुनाव परिणाम
### बेअसर कांग्रेस

**हाल** में कई राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों के परिणाम से स्पष्ट है कि कांग्रेस किसी प्रकार से भी भाजपा को रोकने में सफल नहीं है। यदि किसी ने सोचा था कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया से कांग्रेस पुनर्जीवित हो रही है तो उसका सोचना गलत था क्योंकि अलग-अलग राज्यों में हुए सात उपचुनावों से उसके लिए निराशाजनक स्थिति पैदा हुई है। समान रूप से चुनाव परिणामों से यह भी महत्वपूर्ण रूप से स्पष्ट है कि केन्द्र व राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकारों की तथाकथित कमियों से उसकी चुनावी संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, भाजपा की प्रख्यात चुनाव मशीनरी हमेशा की तरह मजबूत और प्रभावी है और कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है कि पार्टी अपने आप में एक मशीन है। चुनावी मुकाबलों की प्रकृति से कांग्रेस का धीरे-धीरे हाशियाकरण स्पष्ट है जिसमें मुख्यत: एक ओर भाजपा व दूसरी ओर तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस, राष्ट्रीय जनता दल-राजद, समाजवादी पार्टी-सपा व बीजू जनता दल-बीजद जैसी क्षेत्रीय पार्टियां हैं। उदाहरण के लिए, तेलंगाना के मुनुगोड में देश की सबसे पुरानी पार्टी का उम्मीदवार तीसरे स्थान पर आया और यहां टीआरएस की विजय हुई। हरियाणा के आदमपुर में भाजपा के भव्य विश्नोई ने कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश को लगभग 16,000 वोटों से हरा दिया। उपचुनावों में सहानुभूति की भावना ने बड़ी भूमिका अदा की। पूर्व पार्टी विधायक अरविंद गिरि के बेटे भाजपा के अमन गिरी ने उत्तर प्रदेश की गोला गोकर्णनाथ सीट से पूर्व विधायक व सपा उम्मीदवार को 34,000 से अधिक वोटों से हराया। इसी प्रकार बिहार के गोपालगंज से भाजपा की कुसुम देवी ने राजद उम्मीदवार को हराया। वे भाजपा के स्वर्गीय विधायक सुभाष सिंह की पत्नी हैं। हालांकि उनकी जीत का अंतर अधिक नहीं रहा।



उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पार्टी ने मोकामा विधानसभा सीट पर अपना कब्जा बनाए रखने में सफलता पाई। मुंबई की अंधेरी-पूर्व सीट से शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे की ऋतुजा लटके के लिए विजय आसान थी क्योंकि अधिकांश पार्टियों ने उनके खिलाफ अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। वे शिवसेना विधायक स्वर्गीय रमेश लटके की पत्नी हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में उनके बाद दूसरे स्थान पर सर्वाधिक वोट नोटा, यानी उपरोक्त में से कोई नहीं, को मिले। ओडिशा के धामनगर में भाजपा को विजय मिली। इस प्रकार कई राज्यों में फैले सात उपचुनाव परिणामों से कोई नतीजे निकालना अभी जल्दबाजी होगी। इन परिणामों से कोई प्रवृत्ति देखना भी कठिन है, लेकिन वे निश्चित रूप से यह धारणा मजबूत करते हैं कि यदि कांग्रेस समाप्त नहीं हो रही तो भी वह धीरे-धीरे कमजोर हो रही है। भले ही राहुल गांधी का कठोर परिश्रम प्रशंसनीय हो, भाजपा सरकारों व नेताओं के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां स्मार्ट व सटीक हों, पर शुद्ध चुनावी अर्थों में यह स्मार्टनेस व स्पष्टता पार्टी की सहायता नहीं कर पा रही है। इसके साथ ही भाजपा की कोई भी कथित कमियां या विफलतायें चुनाव बूथ पर उसे प्रभावित नहीं कर रही हैं। मुद्रास्फीति लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई है तथा रोजगारों का अधिक संख्या में सृजन नहीं हो पा रहा है। मोरबी में हुई त्रासदी से लगता है कि लंबे-चौड़े वादों के बावजूद जमीनी स्तर पर बहुत कुछ नहीं बदला है, हालांकि यह स्थिति गैर-भाजपा राज्यों में भी बनी हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है और कांग्रेस आईसीयू में ही बंद है।

# 'आप' शासित दिल्ली में भारी प्रदूषण

राजधानी को सांस लेने में कठिनाई हो रही है क्योंकि पंजाब व दिल्ली में सत्तारूढ़ आप असली समाधानों के बजाय खैरातों पर ध्यान दे रही है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)



**दिल्ली** में दो करोड़ से अधिक लोग रहते हैं तथा लगभग इतनी ही संख्या में लोग उसके नजदीकी नगरों में रहते हैं। इस प्रकार चार करोड़ से अधिक जनसंख्या को सांस लेने में कठिनाइयों का अनुभव करना पड़ रहा है। वे ठीक से सांस नहीं ले सकते हैं। वे अपने घरों से बाहर नहीं निकल सकते हैं। बच्चे स्कूलों को नहीं जा सकते हैं। बुर्जुग लोग पार्कों में जा कर नहीं बैठ सकते हैं। नौजवान खेलों के लिए मैदानों में नहीं जा सकते हैं। लेकिन काम करने वाले लोगों को अपना स्वास्थ्य खराब करते हुए भी कार्यस्थलों पर जाना पड़ता है। राष्ट्रीय राजधानी में लोग कभी इतने निराश नहीं थे। पंजाब से आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों से खेतों में बड़ी संख्या में जगह-जगह लगी आग दिखाई देती है। किसानों ने अपने खेतों में आग लगाई है क्योंकि उनको रबी की फसलों के लिए खेत तैयार करने हैं। पर्यावरणीय हितैषी तरीकों से खेतों से पराली हटाने में समय लगेगा और इसके लिए काफी प्रयास करने होंगे। ऐसे में आसान रास्ता एक डंडे के सिरे पर कैरोसीन में भीगा कपड़ा बांध कर पूरे खेत में आग लगा देना है। वर्तमान समय में पंजाब के बहुत से किसान यही कर रहे हैं। पिछले साल नवंबर में खेतों में आग लगने की घटनाओं में 20 गुना से अधिक वृद्धि हुई थी। इस साल संभवत: पंजाब में खेतों में आग लगने की घटनायें रिकार्ड तोड़ देंगी। वास्तव में किसान परंपरागत रूप से 'पराली' जलाते रहे हैं। लेकिन उस समय राष्ट्रीय राजमार्ग भी घने पेड़ों से घिरे रहते थे।

पंजाब में पेड़-पौधों का आच्छादन इतना घना था कि वह धुंए को सोख लेता था। इससे राष्ट्रीय राजधानी को कभी किसानों द्वारा अपने खेत जल्दी से खाली करने के लिए प्रयोग की जाने वाली इस तकनीक से कष्ट नहीं हुआ। लेकिन अब किसान अक्टूबर की शुरुआत से ही आग लगाना शुरू कर देते हैं जो नवंबर में अपने शिखर पर होती है। यह क्रम दिसंबर तक जारी रहता है, जब तेज हवाओं से नागरिकों को राहत मिलती है। स्वच्छ हवा तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 में लिखित जीवन के अधिकार का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा डीजल बसों पर प्रतिबंध, प्रदूषणकारी उद्योग बंद करने तथा सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सीएनजी अपनाने के लिए बाध्य करने से इस दिशा में प्रगति हुई। ये सारी उपलब्धियां सालों तक अभियान चलाने के बाद प्राप्त हुईं। राष्ट्रीय राजधानी में ये सभी उपलब्धियां इस कारण मिलीं क्योंकि लोगों ने जीवन की गुणवत्ता में सुधार के सामूहिक प्रयास किए। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के एक या दूसरे समय सत्ता में रहने के बावजूद केन्द्र, शहर सरकार तथा नगर निगमों ने इस दिशा में हाथ मिलाए। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केन्द्र सरकार ने जनता को दिल्ली मेट्रो के माध्यम से स्वच्छ यातायात व्यवस्था का उपहार दिया, जबकि उस समय भाजपा के मदनलाल खुराना व कांग्रेस की शीला दीक्षित राष्ट्रीय राजधानी के मुख्यमंत्री थे। प्रदूषणकारी उद्योगों के पुनर्वास के ऐसे ही सहभागी प्रयासों में राजनीतिक मतभेद कभी बाधा नहीं बने। आज भी केन्द्र में भाजपा नीत सरकार दिल्ली में महीनों से एक समिति के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास कर रही है। इस समिति में केन्द्र सरकार तथा दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व पंजाब के पर्यावरण मंत्रालय शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विभिन्न पक्षों के साथ मिल कर चौबीसों घंटे काम करते हुए सुनिश्चित किया है कि सदस्य राज्यों के किसान खेतों में आग लगाने का काम न करें। प्रधानमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट सचिव ने हस्तक्षेप कर नियमित बैठकें की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की आपातस्थिति से निपटने के लिए लंबी बैठकें की हैं।

हरियाणा में किसानों द्वारा खेतों में आग लगाने की घटनाओं में 30 प्रतिशत की कमी आई है। ऐसे ही परिणाम उत्तर प्रदेश के उन जिलों में दिखे हैं जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का हिस्सा हैं। लेकिन पंजाब ने ऐसे कोई प्रयास नहीं किए हैं। इससे संकेत मिलता है कि दिल्ली और पंजाब की सरकारें राष्ट्रीय राजधानी में जनता के सामने आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे उनकी अ-गंभीरता का पता चलता है। यह बहुत गंभीर लापरवाही का भी मामला है। यह प्रशासन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं है। पिछले साल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह कह कर दिल्ली के प्रदूषण को मामूली मामला बता दिया था कि एक केमिकल के छिड़काव से सभी पराली कंपोस्ट में बदल जाएगी और राष्ट्रीय राजधानी में स्माग का पूरा मामला गायब हो जाएगा। पिछले साल वे यह बहाना बना सकते थे कि शायद कांग्रेस सरकार पंजाब के खेतों में उस रसायन को छिड़कने की अनुमति नहीं देगी। लेकिन इस साल मार्च में प्रबल बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब की सत्ता में आ गई।

भगवंत सिंह मान सरकार को ऐसे में अतिरिक्त प्रयास कर खेतों से पराली को समाप्त करने के लिए अरविंद केजरीवाल का माडल अपनाना चाहिए था। केजरीवाल ने दावा किया था कि 'कंपोस्ट सोना है' और इससे किसान अमीर हो जाएंगे। लेकिन जमीनी स्थितियों से पता चलता है कि केजरीवाल व मान को इस मुद्दे की जरा भी चिन्ता नहीं है और इससे लोगों का जीवन अंधकारमय हो गया है। अब केजरीवाल और मान ने बेशर्मी से दावा किया है कि दिल्ली में प्रदूषण एक राष्ट्रीय समस्या है। एक प्रकार से उन्होंने बेशर्मी से पूरे मुद्दे से पल्ला झाड़ लिया है। इसके बजाय उनको बताना चाहिए कि वे इस समस्या से निपटने के लिए क्या कर रहे हैं। लेकिन इसके बजाय उन्होंने प्राइमरी स्कूल बंद करने तथा सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने जैसे असान रास्ते अपनाए हैं। अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की ऐसी कोई मिसाल नहीं मिलती है।

दु:ख की बात है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जनता इस गंभीर कुशासन का भारी खामियाजा भुगत रही है। वास्तव में यह कहना ज्यादा सही होगा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जनता शहर में एक अराजकतावादी सरकार बनाने का खामियाजा भुगत रही है। इस सरकार का प्रमुख संस्थानों के प्रति अनदेखी की भावना पैदा कर रहा है। केजरीवाल सरकार ने वृद्धों के लिए पार्क में योग योजना को आगे बढ़ाया, जबकि उप-राज्यपाल वी.के. सक्सेना ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। शहर की सरकार ने समुचित प्रक्रिया की घोर अनदेखी कर संस्थागत अराजकता को बढ़ावा दिया। वह वरिष्ठ नागरिकों को योग करने के लिए पार्कों में बुलाना चाहती है, जबकि वे वास्तव में ठीक से सांस भी नहीं ले पा रहे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के लोग बड़ी संख्या में अपने फेफडों में विकृतियों की शिकायत कर रहे हैं। प्रदूषण से दमा रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में युवा लोग आर्थराइटिस की शिकायत कर रहे हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ असाधारण रूप से बड़ी संख्या में लोगों के प्रभावित होने की बात कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण लोगों की आंखों और गले में जलन हो रही है। प्रवासी श्रमिक घरों पर नहीं बैठ सकते हैं क्योंकि उनको अपनी आजीविका के लिए रोज कमाना होता है, लेकिन उनकी खांसी की समस्या बहुत गंभीर हो गई है। कालेजों के छात्र-छात्राओं के अध्ययन में बाधा आ रही है। खिलाड़ी कई दिनों व महीनों तक अभ्यास नहीं कर पाते हैं। अराजकतावादी सोच वाले लोग कभी समाधान नहीं पेश करते हैं। पंजाब के किसानों को सरकार तथा नागरिक समाज से सहायता की जरूरत है। उनको अपने कल्याण के लिए हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों की तरह अच्छे कृषि व्यवहार अपनाने चाहिए।

पंजाब के किसानों को यह समझाना होगा कि पराली निपटान के लिए मशीन आधारित समाधान अपनाने से उनको बहुत लाभ होगा। वोटों के लिए खैरात पर पैसे खर्च करने के बजाय पंजाब सरकार को किसानों के वास्तविक कल्याण पर धन खर्च करना चाहिए। अराजकतावादियों का विश्वास है कि खैरातें सरकार बनाने का रास्ता हैं। उनकी इसी सोच ने राष्ट्रीय राजधानी की जनता को इतनी बुरी स्थिति में पहुंचा दिया है। जनता को उनको जवाबदेह ठहराना चाहिए।

# महिला-पुरुष कर्मियों में वेतन असमानता

**श्रेया गर्ग**
(लेखिका, महिला अधिकारों पर टिप्पणीकार हैं)



**वे**तन समानता की कमी एक प्रणालीगत मुद्दा है। यह हर क्षेत्र में व्याप्त और उपस्थित है। यदि दो व्यक्तियों का उत्पादन समान है, तो किए गए कार्य का पारिश्रमिक भी समान होना चाहिए। फिर महिलाओं को पुरुषों की तुलना में बहुत कम वेतन क्यों दिया जाता है? भले ही समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976, पुरुष और महिला श्रमिकों को समान पारिश्रमिक का भुगतान करता है और लिंग के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है, लेकिन जमीन पर इसका कार्यान्वयन निराशाजनक रहा है। वास्तविक तस्वीर समतावादी होने से कहीं परे है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में पुरुष अपनी श्रम आय का 82 प्रतिशत कमाते हैं, जबकि महिलाएं सिर्फ 18 प्रतिशत कमाती हैं। जरा सोचिए, शारीरिक श्रम करने वाली महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं होती हैं। उनमें से बहुतों को पता होता है कि उन्हें अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में कम राशि का भुगतान किया जाता है, लेकिन वे शायद ही इस पर विचार करती हैं। जब शहरी महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वेतन भेदभाव का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि वे मजबूती से अपने तर्क को आगे बढ़ाने में खुद को असमर्थ पाती हैं। समाज अभी भी गहन पितृसत्तात्मक है जहां बहुत कम महिलाएं अपने अधिकार के लिए खड़ी होती हैं। उन्हें साथी महिलाओं का समर्थन नहीं मिलता है, और उनके पास लड़ने के लिए आवश्यक साधन की कमी होती है। इसके अलावा, जब तक उन्हें उचित रूप से भुगतान नहीं किया जाता है, तब तक काम करने के लिए ना कहना एक व्यवहार्य विकल्प भी नहीं है, क्योंकि वास्तव में महिलाओं का एक और समूह हमेशा वहां रहेगा जो उनकी जगह लेने के लिए तैयार होगा और जो उनके मुकाबले कम मजदूरी पर काम करेंगी।

विश्व आर्थिक मंच की लैंगिक समानता रैंकिंग के अनुसार, भारत विश्व स्तर पर 146 देशों में से 135वें स्थान पर है। अफगानिस्तान इस सूची में सबसे निचले स्थान पर है - एक ऐसा देश, जहां महिलाओं को स्कूलों में जाने की भी अनुमति नहीं है। यह रेखांकित करता है कि भारत और दुनिया भर में महिलाओं के साथ दोयम दर्जे के नागरिक के रूप में कैसे व्यवहार किया जाता है। मनोरंजन, चिकित्सा, कानून और खेल के व्यवसायों में महिलाओं के साथ बहुत भेदभाव किया जाता है। महिला कलाकार खुलेआम मजाक उड़ाती हैं कि कैसे उनके पुरुष समकक्षों को फालतू रकम दी जाती है। खेलों में, वेतन अंतर और भी व्यापक है। फोर्ब्स ने 2018 में शीर्ष 100 सबसे अधिक भुगतान पाने वाले एथलीटों की सूची जारी की और आश्चर्यजनक रूप से, एक भी महिला ने इस सूची में जगह नहीं बनाई। हालांकि, जिस बात की प्रशंसा की जानी चाहिए वो यह है कि बीसीसीआई ने हाल ही में पुरुष और महिला खिलाड़ियों को समान रूप से मुआवजा देने का फैसला किया है। जो वाकई स्वागत योग्य कदम है! हालांकि, यह देखा जाना बाकी है कि अन्य निगम इस नियम का पालन करेंगे। लोग सोचते होंगे कि शिक्षा के क्षेत्र में, जहां महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक हावी हैं, उन्हें पुरुषों के बराबर वेतन मिलता होगा, मगर दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं है। चिकित्सा पेशे में, महिलाएं रिकॉर्ड संख्या में प्रवेश कर रही हैं और एक शानदार प्रभाव डाल रही हैं, फिर भी जब पारिश्रमिक की बात आती है, तो उन्हें समान घंटे काम करने के बावजूद कम भुगतान किया जाता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की समीक्षा के अनुसार, दुनिया भर में डॉक्टरों के बीच वेतन का अंतर, सबसे अधिक वेतन पाने वाली महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व होने के कारण है। भारत में केवल 15 प्रतिशत वकील ही महिलाएं हैं। आम धारणा यह है कि इस क्षेत्र में काम का माहौल कई बार प्रतिकूल होता है और महिलाओं की क्षमता को अंकित मूल्य अनुसार नहीं लिया जाता है। और यहां भी, इसी तरह के मामलों के लिए एक पुरुष वकील और एक महिला वकील को भुगतान की गई राशि में भारी अंतर होता है। अधिकांश महिलाओं को प्रबंधकीय और निर्णयकारी भूमिकाओं के लिए काम पर नहीं रखा जाता है क्योंकि नियोक्ता को हमेशा इस बात का डर रहता है कि महिलाएं खुद को पूर्णतया काम के लिए समर्पित नहीं कर सकती हैं। कुछ लोग यह भी सोचते हैं कि बौद्धिक क्षमता और जोश के मामले में महिलाएं पुरुषों के बराबर नहीं हैं। यह धारणा उन्हें महिलाओं को बढ़ावा देने या यहां तक कि उन्हें सीधे काम पर रखने के विरूद्ध बनाती है। इसके अलावा, आईआईएम अहमदाबाद के एक अध्ययन से पता चलता है कि महिला जितनी अधिक शिक्षित होती है, उसका अपने समकक्ष शिक्षित पुरुष के बीच का वेतन अंतर उतना ही अधिक होता है।



महिला संस्था यह रेखांकित करती है कि महिलाओं के द्वारा किए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण कार्य, उनके परिश्रम और उनके द्वारा लगाए गए घंटों की मात्रा को कमजोर करने वाली इस लगभग शातिर प्रथा को समाप्त करने का भावी रास्ता क्या है? इसका समाधान तब है जब कंपनियां सर्व समावेशी होना सीखें और समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने के लिए स्वयं जिम्मेदारी लें। उन्हें इस संबंध में अधिक पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना चाहिए। समान काम के लिए समान वेतन के लिए महिलाओं को भी पहल करनी होगी। वेतन अंतर के मसले ने जोर नहीं पकड़ा है, क्योंकि इसके बारे में बहुत कम लोग बात करते हैं। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है, क्योंकि बिना वेतन समानता के लैंगिक समानता दूर की कौड़ी है।

## आप की बात

### ईडब्लूएस आरक्षण

**इकोनॉमिक** वीकर सेक्शन-ईडब्दलूएस पर आरक्षण को लेकर विरोध की हलचल शुरू हो गयी है, गरीब लोगों के प्रति पहले से प्राप्त आरक्षणधारी मुखर विरोध के मूड में दिखाई दे रहे हैं, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के प्रति हमेशा समाज में सहानुभूति का व्यवहार रहा है और रहना भी चाहिए। आज के महंगाई के युग में आर्थिक रूप से कमजोर होना स्वयं में एक् अभिशाप है, ऐसे में इस केटेगरी के प्रति विरोध करते लोगों की मंशा आखिर क्या हो सकती है ये विचार का विषय अवश्य है। क्योंकि देखा गया है कि कुछ लोग पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण का लाभ ले रहे हैं और जो वास्तविक जरूरतमंद हैं, वो अभी तक भी आरक्षण सुख से वंचित हैं, ज्यादा अच्छा हो कि हर जातीय आरक्षण में आर्थिक स्थिति को आधार बना दिया जाए,एससी-एसटी और ओबीसी या ईडब्लूएस, सभी केटेगरी के आर्थिक कमजोर लोगों को ही आरक्षण का लाभ मिले और पहले से संपन्न लोगों को इससे बाहर किया जाए। भारत सरकार को पेश कई रिपोर्टों में कहा गया है कि परंपरागत रूप से आरक्षित समूहों का एक हिस्सा अब अनारक्षित लोगों की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में आ गया है।

**मनोज,** मेरठ

### शिक्षा में सुधार

**वर्ष 2011** की जनगणना के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार देश में अब 82.1 फीसदी पुरुष और 64.4 फीसदी महिलाएं साक्षर हैं। क्या इस असमानता को लेकर भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है? भारत में स्कूली शिक्षा के लिये एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस की 2021-22 की रिपोर्ट में, शिक्षा मंत्रालय खुद स्वीकार कर रहा है कि देश भर में 2020-21 के दौरान 20,000 से अधिक स्कूल बंद हो गए, जबकि शिक्षकों की संख्या में भी पिछले वर्ष की तुलना में 1.95 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। 2021-22 में स्कूलों की कुल संख्या 14.89 लाख है जबकि 2020-21 में इनकी संख्या 15.09 लाख थी। स्कूलों की संख्या में गिरावट मुख्य रूप से निजी और अन्य प्रबंधन के तहत आने वाले विद्यालयों के बंद होने के कारण है। बिना पूर्ण साक्षर हुए कोई भी देश या समाज कभी समृद्ध नहीं हो सकता है। पता नहीं क्यों आज़ादी के बाद से सरकारों ने इस बुनियादी जरुरत की तरफध्यान क्यों नहीं दिया? हमारे हुक्मरानों को तुरंत इस क्षेत्र में युद्धस्तर पर काम शुरू कर देना चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### पीओके का मामला

**हिमाचल** प्रदेश में रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह की एक आम सभा में आम जनता ने 'पीओके की आजादी' का नारा बुलंद किया है। इस नारे को आज हम सारे भारत का लगाया नारा हुआ कह सकते हैं। भारत सरकार को निर्णय लेना होगा कि पीओके को शीघ्र ही पाकिस्तान से आजाद कराया जाना चाहिए। पाक अधिकृत कश्मीर की जनता भी पाकिस्तान के जुल्मों सितम से तंग आ चुकी है, आज लगभग हर दिन ही पाकिस्तानी सेना लोगों के घरों में घुसकर उन्हें परेशान कर रही है, उनके बच्चों को अगवा करती है। वहीं के एक बड़े नेता अमजद अय्यूब मिर्जा का कहना है कि भारत सरकार को अब शीघ्र हमें आजादी दिलाने का निर्णय लेना चाहिए। मिर्ज़ा जब भी भारतीय टीवी चैनलों पर आते हैं तो भारत का तिरंगा झंडा लेकर बैठते हैं और अपने आप को भारतीय ही बताते हैं। भारत सरकार को पाकिस्तान के कब्जें वाले गिलगित, बालटिस्तान, मुजफराबाद वाले हिस्से को आजाद कराना करा लेना चाहिए। इस संबंध में रक्षा मंत्री का सही समय पर कार्रवाई का आश्वासन अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**बारह** नवंबर को मिलने वाला हर वोट अगले 25 साल के लिए राज्य की विकास यात्रा निर्धारित करेगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**एक्टिविस्ट** समूहों द्वारा विज्ञापनदाताओं पर दबाव डालने के कारण ट्विटर के राजस्व में भारी कमी आई है।

– **एल्टोन मस्क**
टेस्ला सीईओ





**वर्तमान** भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए रुपये की स्थिति मजबूत है। हमें विश्वास के साथ वैश्विक उथलपुथल से निपटना है।

– **शक्तिकांत दास**
आरबीआई अध्यक्ष"

# गुरु नानक देव ने आडंबरों का प्रतिकार कर समाज को नई दिशा दी: योगी

**● मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक जयंती पर दी हार्दिक बधाई**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में इस अवसर का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने इसी दिन मत्स्य अवतार लेकर प्रलय के अंत तक सप्त ऋषियों एवं वेदों की रक्षा की। जिससे पुनः सृष्टि का निर्माण सम्भव हो सका। इसके साथ ही, भगवान शंकर ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व मानव मात्र को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए कार्तिक पूर्णिमा के अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की है। अपने एक अन्य संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के सर्व-धर्म समभाव एवं सामाजिक सद्भाव के सन्देश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए गुरु नानक जयन्ती के अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की है।

वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व लोगों को प्रकृति से जोड़ता है और नदियों के महत्व को भी स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि गुरुनानक जी का जीवन और संदेश पूरी मानवता को प्रेम, करूणा, समानता एवं भाई चारे की राह दिखाता है। उन्होंने सच्चे ज्ञान के आलोक से लोगों को तमाम भेदभाव और आडम्बरों से मुक्त होने के लिये प्रेरित किया। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा पर्व को प्रेम और सद्भाव से मनाने तथा नदियों में स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

# ट्विटर पर 21 करोड़ से ज्यादा यूजर्स तक पहुंची काशी की देव दीपावली

पायनिर समाचार सेवा। लखनऊ

**● मोदी-योगी के प्रयासों की ट्विटर पर हुई खूब सराहना**

**देव** दीपावली पर जहां एक तरफ काशी नगरी लाखों दीयों की रौशनी से जगमग हो रही थी, वहीं इसकी चर्चाएं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर भी खूब हुई। ट्विटर पर हैशटैग 'काशी की देव दीपावली' कई घंटों तक टॉप ट्रेंड में बना रहा। इस दौरान तकरीबन 21 करोड़ से भी ज्यादा यूजर्स तक ये हैशटैग प्रदर्शित हुआ। वहीं करीब 30 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने इस हैशटैग के साथ देव दीपावली की तस्वीरें और वीडियो को शेयर किया जबकि तकरीबन 50 हजार लोगों ने रीट्वीट, लाइक और रिप्लाई के जरिए देव दीपावली को लेकर अपनी भावनाओं का इजहार किया। इसके साथ ही यूजर्स ने वाराणसी में साल दर साल भव्य होती जा रही देव दीपावली के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी के प्रयासों की जमकर सराहना की। वाराणसी में इस बार कुल 21 लाख दीये प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जिनमें से 10 लाख दीये काशी में गंगा घाटों पर जलाए गए।

# मुर्गी पालन यूनिट लगाने पर स्टांप शुल्क में मिलेगी शत-प्रतिशत छूट

**● कैबिनेट बाई सर्कुलेशन राज्य सरकार ने मंजूर की नई कुक्कुट नीति, पांच साल में होगा 1500 करोड़ का निवेश**


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन नई कुक्कुट नीति-2022 को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके बाद अब प्रदेश में मुर्गी पालन इकाई लगाने पर स्टांप शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बिजली बिल में भी दस साल तक विद्युत कर में शत-प्रतिशत की छूट मिलेगी। यही नहीं पांच साल तक सात प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति होगी।

इस नीति के अमल से 5 वर्ष में 1500 करोड़ का निवेश होगा। इससे सवा लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। पांच सालों में रोजाना 1.90 करोड़ अंडा उत्पादन क्षमता वाले कामर्शियल लेयर की स्थापना होगी। हर साल एक करोड़ 72 लाख ब्रायलर चूजों के उत्पादन के लिए ब्रायलर पेरेंट फार्म की स्थापना होगी। परियोजनाओं को वित्त पोषण 30 प्रतिशत मार्जिन मनी तथा 70 प्रतिशत ऋ ण के अनुपात में होगी। योजना के तहत लाभार्थी यदि उक्त से कम ऋण प्राप्त करता है तो प्रति इकाई वास्तविक लिए गए ऋण पर लाभार्थी को प्रति वर्ष 7 प्रतिशत अथवा बैंक द्वारा तय दर पर वास्तवित ब्याज की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इससे सरकार पर 259 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। योजना में डेडीकेटेड पोर्टल एवं डाटाबेस मैनेजमेंट तथा की प्रोजेक्ट फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसी पोर्टल पर योजना के लिए आवदेन लिए जाएंगे। चयनित लाभार्थियों को विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। नीति पर अमल का काम जिलों में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बनने वाली अप्रेजल कमेटी करेगी। वहीं लाभार्थियों का चयन करेगी। तय योजना के तहत 10 हजार, 30 हजारए एवं 60 हजार पक्षी क्षमता की कामर्शियल लेयर स्थापित होगी। इनकी लागत क्रमशः 99 लाख, 2.56 करोड़ तथा 4.91 करोड़ है। एक इकाई में 10 हजार ब्रायलर पेरेंट ब्रायलर पक्षी रखे जाएंगे। इसकी लागत 2.89 करोड़ रुपए है। 10 हजार, 30 हजार व 60 हजार कामर्शियल लेयर इकाई के लिए क्रमशः एक एकड़, 2.5 एकड़ एवं 4 एकड़ जमीन की जरूरत होगी।

# देश में टेक्नोलॉजी को लेकर नई सोच विकसित हुई है: दुर्गा शंकर मिश्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 देश की शिक्षा व्यवस्था में अमूल-चूल परिवर्तन करने के लिये लायी गई है। उन्होंने कहा कि पहली बार एक होलिस्टिक तरीके से शिक्षा के हर स्तर तक आंगनबाड़ी, प्राइमरी से लेकर स्नातक, परास्नास्तक तक बच्चों को रटाने के स्थान पर तार्किक, व्यवहारिक एवं सूझबूझ के साथ शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। हर बच्चा अपने आप में यूनिक है तथा बच्चों के अन्दर से असली टैलेंट निकालने में एनईपी बहुत सहायक होगी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने यह बात सोमवार को इंडपेण्डेण्ड स्कूल्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा रोड मैप फार इम्पलीमेण्टेशन ऑफ न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020- यूपी कॉन्टेक्स्ट विषय पर आयोजित सेमिनार में कही। मुख्य सचिव ने कहा कि पहले के समय में बच्चों के सामने अवसर बहुत कम हुआ करते थे, लेकिन वर्तमान समय में अवसर के लिये विभिन्न क्षेत्र उपलब्ध हैं। नई शिक्षा नीति एक साथ कई क्षेत्रों में जाने का अवसर उपलब्ध कराती है। देश में टेक्नोलॉजी को लेकर नई सोच विकसित हुई है।

नई शिक्षा नीति भी उसी के अनुरूप बनायी गई है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को स्थानीय भाषा में पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे विद्यार्थी विषय को अच्छी तरह से समझ सकेंगे। आने वाले समय में सीबीएसई, आईसीएसई और यूपी बोर्ड सहित सभी बोर्ड्स को नई शिक्षा नीति को लागू करना होगा। उन्होंने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उन लोगों को शिक्षित कर रहे हैं, जो नये भारत का निर्माण करेंगे और देश को विकसित बनायेंगे। शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुसार तैयार होना होगा, पढ़ाने के नये-नये तौर तरीकों को सीखना, जिससे बच्चे आने वाले समय के लिये हर तरह की चुनौतियों का सामना कर सकें। इस मौके पर मुख्य सचिव ने डॉ. मधु सूदन दीक्षित की 'प्लानर 2023-23' का विमोचन भी किया।

## परिवहन विभाग ने लखनऊ परिक्षेत्र में 5152.11 लाख प्रशमन शुल्क वसूला

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के निर्देशों का अनुपालन करते हुए परिवहन विभाग द्वारा अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर, 2022 तक लखनऊ परिक्षेत्र में कुल 106398 वाहनों का चालान किया गया तथा 11587 वाहनों को बंद किया गया और इससे कुल 5152.11 लाख रूपये प्रशमन शुल्क वसूल किया गया। यह जानकारी परिवहन उपायुक्त निर्मल प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के बीते सात महीनों में की गई कार्रवाई में 5343 बसों का, 18987 ट्रकों का तथा 82068 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इसी प्रकार 1459 बसों, 4201 ट्रकों व 5927 अन्य वाहनों को इस दौरान बन्द करने की कार्यवाही की गयी। मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री की मंशानुरूप अनधिकृत बसों एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों का परिवहन विभाग सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित कर रहा है।

# अटल की 20 फीट ऊंची संगमरमर की मूर्ति का नगर विकास मंत्री ने किया वर्चुअली अनावरण

**● मुरादाबाद नगर निगम की 66 करोड़ से अधिक की विकास परियोनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मुरादाबाद नगर निगम की 66 करोड़ रुपए से अधिक के लागत की 38 विकास परियोजनाओं का सोमवार को वर्चुअली लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही स्वर्गीय अटल जी की स्मृति को समर्पित 84 लाख रुपए की लागत से कराए गए कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें रामगंगा नदी के तट पर अटल घाट में स्थापित भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 20 फीट ऊंची संगमरमर की मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही अटल स्मृति स्थल का लोकार्पण एवं अटल सर्किट का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने मुरादाबाद जनपद के प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय के 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी भी ऑनलाइन प्रदान की।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने आज जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' लखनऊ कार्यालय से मुरादाबाद जनपद में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल प्रतिभाग किया। उन्होंने महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को ऑनलाइन लोगों को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय अटल जी की स्मृति में लोगों को समर्पित उनकी प्रतिमा, अटल स्मृति स्थल एवं अटल सर्किट का लोकार्पण एवं शिलान्यास करके प्रेरणा मिली है।

उन्होंने कहा कि रामगंगा नदी के तट पर विकसित किए जा रहे अटल घाट पर लोगों की श्रद्धा को देखते हुए इस स्थल को आस्था का प्रतीक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे कि यह स्थल लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सके और शिलापट पर लिखी गई उनकी काव्य पंक्तियों से लोगों को जीवन की अमूल्य सीख मिले।

## किसानों की समस्याओं को लेकर रालोद ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के एक प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को प्रदेश के किसानों की समस्याओं के सम्बन्ध में राज्यपाल से मिलकर 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता मनोज सिह चौहान, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौहान थे। सौंपे गये ज्ञापन को लेकर रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि उप्र में सूखा, बाढ़, जलभराव से प्रदेश भर मे किसानों को भारी जन धन की हानि हुयी है। राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से विभिन्न जिलों में मौके पर जाकर जो आकलन किया गया जिसमें बहराइच, बाराबंकी, फैजाबाद, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया, गाजीपुर आदि जनपदों में भारी नुकसान हुआ है।

## अपनी हार के लिए सपा कौन सा नया बहाना बनाएगी: मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोला** विधान सभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी के खीरी का गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव भाजपा की जीत से ज्यादा सपा की 34,298 वोटों से करारी हार के लिए काफी चर्चाओं में है। बीएसपी जब अधिकांशतः उपचुनाव नहीं लड़ती है और यहां भी चुनाव मैदान में नहीं थी, तो अब सपा अपनी इस हार के लिए कौन सा नया बहाना बनाएगी। मायावती ने आगे कहा कि अब अगले महीने मैनपुरी लोकसभा व रामपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव में आजमगढ़ की तरह ही, सपा के सामने अपनी इन पुरानी सीटों को बचाने की चुनौती है। देखना होगा कि क्या सपा ये सीटें भाजपा को हराकर पुनः जीत पाएगी या फिर वह भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है, यह पुनः साबित होगा।

# भाजपा की नीतियों से उठता जा रहा जनता का विश्वास

**● नोटबंदी के बाद बैंकों में जनधन की लूट मची है: सपा प्रमुख**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नोटबंदी के बाद बैंकों में जनधन की लूट मची है उससे भी लोगों को भरोसा भाजपा सरकार की नीतियों से टूटा है। विजय माल्या, चोकसी जैसे बड़े उद्योगपति बैंकों से बड़ी-बड़ी रकमें लेकर विदेश भाग गए। कई बैंक एनपीए की दुश्वारियां झेल रहे हैं। नोटबंकी के दुष्परिणामों के मद्देनजर ही अब तक 15 करोड़ लोगों के बैंक खाते नहीं खुले है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की नोटबंदी और जीएसटी ने संपूर्ण व्यापार जगत को अव्यवस्थित कर दिया है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा राज में विकास कार्य ठप है। भाजपा की नीतियों के चलते मंहगाई में लगातार वृद्धि और आर्थिक असमानता बढ़ी है। अमीर ज्यादा अमीर और गरीब और ज्यादा गरीब हो रहा है। खाली पेट और खाली जेब भारत को अब विश्वगुगुरु बनाने का सपना दिखाया जा रहा है।

अखिलेश ने कहा है कि प्रधानमंत्री के बयानों की चमक उतरने लगी है और जनता सच्चाई से रूबरू होने लगी है। छह साल पहले 8 नवम्बर 2016 को नोटबंदी की घोषणा करते हुए कई उन्होंने दावे किए थे। उनका दावा था कि नोटबंदी से कालाधन खत्म होगा, बाहर गया कालाधन वापस आएगा और भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। अखिलेश ने कहा कि ताजा रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया है कि नोटबंदी से 'कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था' बनाने का भारत सरकार का इरादा भी फेल हो गया है। रिजर्व बैंक के मनी सप्लाई आंकड़ो के अनुसार इस साल अक्टूबर तक जनता के बीच विभिन्न चलन में मौजूद मुद्रा का स्तर बढ़कर 30.88 लाख करोड़ रूपए हो गया। यह आंकड़ा चार नवम्बर 2016 को समाप्त पखवाड़े में चलन में मौजूद करेंसी के स्तर से 71.84 प्रतिशत अधिक है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की नोटबंदी को एक खराब योजना बताते हुए कई विशेषज्ञों ने इसकी आलोचना की थी। डिजिटल विकल्प के बावजूद अर्थव्यवस्था में कैश का लगातार बढ़ता उपयोग यह भी जताता है कि भाजपा की नीतियों से जनता का विश्वास उठता जा रहा है।

## प्रदेश में अब तक 1.15 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई धान की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति कुन्तल कॉमन धान तथा 2060 रुपए प्रति कुंतल ग्रेड 'ए' धान की निर्धारित दर से सीधे खरीद की जा रही है। विभिन्न धान 'क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 115164.50 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक लगभग 16838 किसानों को लाभान्वित करते हुए 83.704 करोड़ रुपए का भुगतान उनके खातों में किया गया है।

# डेंगू के मामले पर हाईकोर्ट का स्वयं संज्ञान लेना सरकार की विफलता: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि उच्च न्यायालय द्वारा डेंगू के मामले पर स्वयं संज्ञान लेते हुए जिस तरह से अधिकारियों को निजी तौर पर उपस्थित होने का आदेश दिया है, इससे स्पष्ट होता है कि सरकार शासन चलाने में पूरी तरह से असमर्थ है। प्रदेश सरकार के लिए सबसे शर्मनाक बात यह है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रदेश सरकार के ब्यूरोक्रेसी की कार्य प्रणाली पर असंतोष जाहिर किया गया। यह स्पष्ट तौर पर प्रदेश सरकार के ऊपर प्रश्नवाचक चिन्ह है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्ण कान्त पाण्डेय ने कहा कि ऐसा लगता है कि पूरी सरकार और सरकारी मशीनरी सरकार चलाने में विफल हो चुकी है। पूरा प्रदेश डेंगू की चपेट में बुरी तरह फं सा हुआ है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ अन्य जनपदों के साथ ही बुरी तरह से प्रभावित है। पाण्डेय ने कहा कि फागिंग की कहीं कोई व्यवस्था नहीं दिख रही है। डीडीटी का छिड़काव तो अब सपना हो गया है। भाजपा पार्षद द्वारा स्वयं स्वीकार किया जा रहा है कि फागिंग के लिए नगर आयुक्त ना तो तेल दे रहे हैं और ना ही केमिकल दे रहे हैं, यह अपने आप में सरकार, नगर निगम की लापरवाही का सबसे बड़ा सबूत है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय के सिविल हॉस्पिटल में लगभग दो घंटे से ज्यादा समय तक मरीज तड़पता रहा लेकिन उसे बेड़ नहीं मिल पा रहा, सच तो यह है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कागजों तक ही सीमित है। नगर निगमों में मशीनों और संसाधनों की भारी कमी है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष खाबरी आज व कल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से करेंगे भेंट

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी 8 एवं 9 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं में के साथ भेंट और वार्ता करेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि 10 नवम्बर को वह लखनऊ से कार द्वारा प्रातः 7 बजे जनपद जौनपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। 11 नवम्बर जनपद प्रयागराज तथा 12 नवम्बर को जनपद मऊ पहुंचकर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी, जौनपुर से सम्बन्धित प्रदेश पदाधिकारियों, पूर्व सांसद, विधायकों, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व और वर्तमान सदस्यों, विगत लोकसभा, ध्विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों, फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के जिला व शहर अध्यक्ष, चेयरमैन तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक चर्चा करेंगे।

## औषधि विभाग की टीम ने छापा मार कर तीन मेडिकल स्टोर कराए बंद

**लखनऊ।** निर्धारित नियमों को दरकिनार कर संचालित हो रहे तीन मेडिकल स्टोर्स को सोमवार को औषधि विभाग की टीम ने सील कर दिया। साथ ही मौके से बरामद तकरीबन 55000 मूल्य की औषधियों को फॉर्म 16 पर सीज किया गया और साथ ही 2 संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच हेतु एकत्र किये गये। एसजीपीजीआई के पास संचालित श्री लक्ष्मी मेडिकल एंड सर्जिकल, चिरंजीव मेडिकल, जया मेडिकल को लेकर औषधि विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि यहां पर घोर अनियमितता बरती जा रही है।

जिस पर औषधि विभाग की टीम ने आज सहायक आयुक्त औषधि बृजेश कुमार के नेतृत्व में लखनऊ के औषधि निरीक्षक माधुरी सिंह और नीलेश शर्मा और मंडल औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने उक्त मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घोर अनियमितता मिलने के कारण 22(1)क के अंतर्गत इन्हें टीम ने बंद कराया।

# दो तस्कर गिरफ्तार, एक लाख 95 हजार की जाली भारतीय मुद्रा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**एसटीएफ** ने भारतीय जाली मुद्रा की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को जनपद प्रयागराज से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 1 लाख 95 हजार 500 रुपए मूल्य की जाली मुद्रा बरामद हुई। पकड़ा गया तस्कर उमाशंकर बिंद प्रयागराज और राम बाबू बिंद मिर्जापुर का रहने वाला है। अभियुक्त उमाशंकर बिंद ने बताया कि मैं मुख्य रूप से वर्ष 1996 से ट्रक चालक का काम करता हूं।

वर्ष 2016 में गांव के ही रहने वाले मेवालाल बिंद की हत्या के मामले में जिला कारागार, नैनी में निरुद्ध रहा, जहां मेरी मुलाकात अच्छेलाल चौरसिया, कपूर चन्द्र जायसवाल व नकली नोट के माफिया दीपक मण्डल के रिश्तेदार सुभाष मण्डल व बहनोई विश्वजीत सरकार से हुई। जहां उन लोगों द्वारा मुझे नकली नोटों के कारोबार में शामिल होने का लालच दिया गया। जेल से अप्रैल 2022 में जमानत पर रिहा होने के बाद मैंने सुभाष मण्डल से सम्पर्क किया, जो मुझसे पहले ही जेल से छूट चुका था। सुभाष मण्डल से मुलाकात करने के लिये मैं माह जुलाई में पश्चिम बंगाल गया और सुभाष मण्डल से 50 हजार रुपए के नकली नोट लेकर वापस आया। जिसे अपने स्थानीय बाजार में खपा दिया। मैं पुनः माह अगस्त में पश्चिम बंगाल कालिया चक गया और एक लाख रुपए के नकली नोट लेकर जिसमें से 50 हजार रुपए अपने भतीजे रामबाबू को दिया और हम दोनों लोग अपने-अपने स्थानीय बाजार में नकली नोटों को खपा दिये। इसके बाद मेरे अन्दर लालच और अधिक बढ़ जाने के कारण मैं पुनः 2 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल से दो लाख रुपए लेकर 4 नवंबर 2022 को वापस आया। जिसमें से 4500 रुपए अपने स्थानीय बाजार में खर्च कर दिया तथा अपने रिश्तेदार रामबाबू बिंद से 40 हजार रुपए सुभाष मण्डल निवासी जयनपुर, जनपद मालदा के एकाउन्ट में डलवाया एवं इसके एवज में आज ही 80 हजार रुपए मैंने रामबाबू बिंद को दिया। अभियुक्त रामबाबू बिन्द ने बताया कि मैं वर्ष 2013 से अनुदेशक के पद पर अपने ही गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोगांव में कार्यरत् हूं। पकड़े गए उमाशंकर बिन्द रिश्ते में मेरे सगे फूफा हैं जो जेल से निकलने के बाद नकली नोटों का कारोबार करने लगे। जिनसे बातचीत के दौरान यह जानकारी हुई कि नकली नोटों के कारोबार में काफी मुनाफा है। लालच में आकर मैंने भी उमाशंकर बिंद के कारोबार में शामिल हो गया।

इस बार भी इनके कहने पर 40 हजार रुपए सुभाष मण्डल के एकाउन्ट में डाल दिया तथा उमाशंकर द्वारा लाए गए नकली नोटों से अपने हिस्से का 80 हजार रुपया आज मुझे मिला था।

## दो करोड़ की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अन्तर्राज्यीय** स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को सहारनपुर से गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से एक कैंटर में छिपाकर रखी गई 2.22 किलो स्मैक बरामद हुई। एसटीएफ के मुताबिक बरामद स्मैक का मूल्य अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रूपए है। गिरफ्तार किए गए तस्कर जोनी उर्फ जावेद, तौहीद और सुरेंद्र निवासी सहारनपुर ने बताया कि हम लोग बरेली निवासी अशफाक से स्मैक लाकर सहारनपुर जिले में इसकी सप्लाई करते है। चालक सुरेन्द्र ने बताया कि यह कैन्टर मेरा है। जिससे मैं इन लोगो के लिए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करता हूं। इस काम के लिए मुझे एक चक्कर का 45 हजार रुपए मिलता है। इसके पूर्व भी 2-3 बार बरेली से स्मैक ला चुका हूं। इसी क्रम में एसटीएफमेरठ द्वारा बीती नवंबर को भी जनपद बरेली से स्मैक की तस्करी करने वाले 3 अभियुक्तों को 1.500 किलोग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं।

# प्रदेश में अब तक डेंगू के 8968 रोगी मिले, दस की मौत

**● उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य भवन में स्थापित डेंगू कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में डेंगू रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक 8968 रोगी मिल चुके हैं। जबकि दस की मौत हुई है। सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य भवन में स्थापित डेंगू कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी चिकित्सक सतर्क रहें एवं अस्पतालों में व्यवस्था चाकचौबंद रहे। अस्पतालों में आने वाले डेंगू मरीजों के परीक्षण एवं उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में डेंगू के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था है। प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में डेंगू के उपचार हेतु आवश्यक दवाएं, रक्त उत्पाद एवं संसाधन उपलब्ध है। किसी को भी पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य स्तर पर 2 कन्ट्रोल रूम क्रियाशील है। किसी प्रकार की समस्या होने पर राज्य स्तर पर क्रियाशील कंट्रोल रूम नंबर 18001805145 एवं 104 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी जनपदों में कन्ट्रोलरूप स्थापित एवं क्रियाशील है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2021 में डेंगू के कुल 29750 केस पाये गये थे तथा डेंगू रोग से कुल 29 दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई थी। वर्तमान वर्ष 2022 में 6 नवम्बर 2022 तक प्रदेश में कुल 8968 रोगी सूचित हुये हैं, जिनमें से 10 रोगियों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई है। जबकि विगत वर्ष 2021 में 6 नवम्बर 2021 तक प्रदेश कुल 25353 रोगी सूचित हुये थेए जिनमें से 25 रोगियों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई थी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में डेंगू रोग के नियंत्रण, रोकथाम एवं उपचार हेतु सरकार द्वारा गंभीरता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों पर 4260 बेड तथा जनपद स्तरीय चिकित्सा इकाइयों पर 3380 बेड डेंगू रोगियों हेतु आरक्षित किए गए हैं। डेंगू रोग से सर्वाधिक प्रभावित जनपदो में प्रयागराज में 559 बेड, लखनऊ में 283 बेड, अयोध्या में 178 बेड, गाजियाबाद में 240 बेड तथा बदायूं में 95 बेड डेंगू मरीजों हेतु आरक्षित किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सालयों में प्रदेश में डेंगू रोगियों को आवश्यकतानुसार प्लेटलेट्स की उपलब्धता हेतु कुल 329 ब्लड बैंक क्रियाशील हैं। इनमें सरकारी क्षेत्र के 52 ब्लड बैंक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन 28 तथा चिकित्सा शिक्षा के अधीन 22 व सेना के अधीन 2 ब्लड बैंक क्रियाशील है। इसके अलावा निजी क्षेत्र के अंतर्गत 277 ब्लड बैंक क्रियाशील है।

# सड़क हादसे में तीन की मौत एक घायल

**संवाददाता।** सीतापुर

● परिवार में मचा कोहराम

●घायलों को ट्रामा सेंटर किया गया रेफर

**2 बाइकों** में हुई आपस में भिड़ंत में 2 सगे भाई समेत एक अन्य की हुई मौत हो गई! 3 लोगो की हुई मौत एक गंभीर रूप से घायल, घायल ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है! महमूदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुरमथुरा रोड स्तिथ जयरामपुर गाँव के पास हुआ दर्दनाक हादसा, आमने सामने हुई बाइकों में टक्कर, बाइकों के उड़े परखच्चे, भिटौरा निवासी 2 सगे भाई हरिनाम व सरनाम दोनों करते थे बढ़ई का काम, काम कर वापस घर को बाइक से रहे थे लौट, सामने से एक अन्य बाइक पर सवार सरताज व उसका भांजा अशरफ निवासी तंबौर थे सवार, दोनो की बाइकों की हुई आपस मे टक्कर, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने निजी वाहन से सभी घायलों को पहुंचाया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों सगे भाई हरिनाम उम्र 55 वर्ष व सरनाम उम्र 50 वर्ष पुत्र कन्हैयालाल व अशरफ खान पुत्र कबीर खान को किया मृत घोषित, जबकि सरताज का प्राथमिक इलाज कर गंभीर हालत देख किया ट्रामा सेंटर रेफर।

# थाना क्षेत्र खैराबाद की दोनों तीसरी आंख खराब, नहीं करा रहा इनका कोई इलाज

**संवाददाता ।** खैराबाद सीतापुर

**जहां एक** तरफ मौजूदा पुलिस कप्तान में सीतापुर की कमान संभालते ही सीतापुर जनपद में लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अपराध पर लगाम लगाने की बात कही थी वह जो सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े उनको सही कराने की बात कही थी लेकिन खैराबाद नगर क्षेत्र के दो मुख्य चौराहों जे एम एम डी जे इंटर कालेज और चिल्लाय सराय पर लगी तीसरी आंख से अपराध पर लगाम लगाने में खैराबाद पुलिस सफल साबित हो सकती हैं लेकिन वह सीसीटीवी कैमरे सफेद हाथी बने पड़े हुए हैं तत्कालीन पुलिस कप्तान सीतापुर एलआर कुमार तत्कालीन खैराबाद स्पेक्टर अजय कुमार यादव के अग्रवाल खैराबाद के दो चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे की थी लेकिन उन दोनों स्थानांतरण के बाद इन चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे सफेद हाथी बने पड़े हैं खैराबाद नगर की जे एल एम डी जे इंटर कॉलेज चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों नेशनल हाईवे एन एच 24से नेपाल को जाने वाली लोगों पर नजर रखी जा सकती है लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, इलाहाबाद, सुल्तानपुर ,आदि शहरों से जो लोग अपराध करने के कानून से बचने के लिए नेपाल जाते हैं वह खैराबाद नगर जे एल एम डी जे इंटरकॉलेज चौराहे से होते हुए लहरपुर और लखीमपुर के रास्ते होते हुए नेपाल जाते हैं और चुपचाप वहां जा छुप सकते हैं वहीं इस चौराहे से होते हुए अवेध बालू की ट्राली व ईंट की लदी ट्रालिया लहरपुर से छेत्र से होते हुए आती है और इसी चौराहे के निकट बहुत बड़ी बालू मंडी भाई मंडी लगती है वहीं दूसरी तरफ नगर के चिल्लाय चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे चोर चुरा ले गये है और इस चौराहे पर मशहूर बब्बू चाय वाले का होटल है और वहां उस होटल के ऊपर सीतापुर जनपद के विभिन्न कोनो से लोग चाय पीने आते हैं जो होटल देर रात तक खुला रहता है इस चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का उद्देश्य था कि इस चौराहे पर कौन-कौन लोग चाय पीने आते हैं अगर थाना क्षेत्र में कोई घटना घटती है तो उस पर नजर रखी जा सकती थी लेकिन लेकिन यह दोनों मुख्य चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे सफेद हाथी बने हुए हैं और इनको दुरुस्त कराने को कोई भी अधिकारी सोच नहीं रहा है।

## कार्तिक पूर्णिमा मेला स्नान में जुटेगे हजारों श्रद्धालु

**खैराबाद सीतापुर ।** 600 वर्ष की प्राचीन भुइंया ताली तीर्थ परिसर में माता पूर्वी देवी की पूजा होगी तथा इसी परिसर में सिखों के गुरुद्वारे में गुरु नानक देव का जन्मदिन श्रद्धा आस्था के साथ मनाया जाएगा यह जानकारी कमाल सराय उदासीन संगत के प्रबंधक एवं प्रमुख देखरेख करता महंत बजरंग मुनि ने दी उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक भुइंया ताली तीर्थ अति प्राचीन तीर्थ है जिसमें देवियां भूमि से निकली थी इसीलिए तीर्थ का भुइंया ताली तीर्थ कहा जाता है यह देवी पूर्व दिशा में स्थापित हैं इसीलिए इनको पूर्वी देवी कहा जाता है यहां पर कई देवी देवताओं के मंदिर हैं प्राचीन शिव मंदिर है प्राचीन हनुमान मंदिर शनि देव मंदिर कई सैकड़ों वर्ष पुराना बट वृक्ष है जिसकी शाखाएं काफी दूर तक फैल गई है महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस तीर्थ परिसर में हिन्दुओं तथा सिखों के धर्म स्थल स्थित हैं जिसमें एक ओर कार्तिक पूर्णिमा स्नान करके श्रद्धालु माता पूर्वी देवी के दर्शन करते हैं वही सिखों के गुरुद्वारे निर्मल कुटिया में श्रद्धालुओं के द्वारा शब्द कीर्तन का पाठ तथा लंगर का आयोजन किया जाता है महन्त बजरंग मुनि ने बताया कि कल शाम भुइय्य ताली तीर्थ पर दीपदान ,देवी जागरण का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर कई जनपदों के हजारों श्रद्धालु अति प्राचीन तीर्थ स्थल पर मौजूद रहेंगे थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि परिसर में पूर्वती वर्षों की भांति लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में पुलिस बल तैनात रहेगा। इस वर्ष दो दिवसीय मेले का आयोजन हो रहा है।

## क्विक न्यूज

### परचमे गौसपाक का जुलूस और चरागां का हुआ आयोजन

**संडीला(हरदोई)।** परचमे गौसपाक और चरागां का आयोजन किया गया। गौसे आज़म के जश्ने विलादत के मौके पर आसताना हजरत दादामियां के तत्वाधान में चरागां किया गया। इस मौके पर सरपरस्त बाबा शुजातअली खान, गद्दीनशीन इस्हाक अली खां एवं शहाबउद्दीन उर्फशहाबू मियां मौजूद रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन परचमे गौसपाक और जुलूस का आयोजन दरगाह हज़रत दादा मियां से किया गया। यह जुलूस छोटा चौराहा मेन रोड, दरगाह मकदूम शाह से मण्डई, मूसापुर, पुराना मदरसा होते हुए शहर काज़ी मो0 आरिफअब्दुल्ला के घर पर पहुंचा जहां फातेहाख्वानी और सलाम पेश किया गया। इसके बाद यह जुलूस वापस पहुंचा और यहां हाफिज मो0 नदीम कादरी, हाफिज मो0 साबिर, मो0 अफजाल नक्शबंदी, हाफिज मो0 अयाज़, फरहत महमूद ओवैसी, दावर रज़ा, हफिज फरहानुल हक, सूफी इकबाल अहमद, हाफिज रहमत अली वारसी, मो0 शाहरुखा आदि ने अपने नातिया कलाम पेश किए।

### नारी का सम्मान करने से ही युग बदलेगा: आचार्य राम तपस्या



**संडीला(हरदोई)।** प्रभात फेरी मंदिर में चल रहे चार दिवसीय नौ कुंडीय नव चेतना गायित्री जागरण महायज्ञ में बोलते हुए आचार्य राम तपस्या ने कहा कि नारि समाज की रीढ़ है और उसका सम्मान मजबूत समाज की नीव है। गायित्री महायज्ञ में बोलते हुए श्री तपस्या ने कहा कि नारि समाज की रीढ़ है। नारि के बिना समाज अधूरा है। जब तक नारि सशक्त नहीं होगी तब तक समाज सशक्त और संस्कारित नहीं होगा। नारि लक्ष्मी स्वरूपा है। इस अवसर पर शक्ति सिंह और जनक कुमार ने भजन प्रस्तुत किए। मंच संचालन आरबी शर्मा ने किया। इस अवसर पर कई संस्कारों का भी आयोजन किया गया।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**संडीला(हरदोई)।** अनियंत्रित कार की चपेट में आकर बाइक पर सवार होकर आ रहे दो युवाओं में से एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बघौली के अंतर्गत ग्राम बरौली मजरा पहाड़पुर निवासी 19 वर्षीय हारुन अली अपने मौसेरे भाई गुफरान तथा बालामऊ निवासी 18 वर्षीय शानू के साथ संडीला आ रहा था। जब वह हरदोई रोड पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित नहर पुलिया पर पहुंचा तो लखनऊ की तरफसे आ रही तेज रफतार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तीनों को उठाकर सीएचसी ले गई। डॉक्टरों ने हारुन को मृत घोषित कर दिया जबकि गुफरान की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया है वहीं शानू का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है। इस हादसे के बाद काल चालक अपनी कार लेकर भागने मे सफल रहा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सपा नेता ने दी आर्थित सहायता


फोटो न02: - आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते सपा नेता

**संडीला(हरदोई)।** सपा नेता डॉ0 अश्विनी सिंह ने ग्राम सिंहपुर मजरे परसा मोयोद्दीनपुर निवासी किशनपाल गौतम जिनके 7 वर्षीय पौत्र की दीवार गिरने से मलबे के नीचे दबकर मौत हो गयी थी, उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की तथा उन्हें दिलासा दिया। डॉ0 अश्विनी ने ग्राम मदनाखेड़ा निवासी रामसिंह मौर्य जिनका घर आग लगने से जल गया था उन्हें राहत समग्री और नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर राम सिंह यादव, अमित अवस्थी, क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र, मोनिस अली, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में चली लाठी डंडे, हुआ बवाल

●एम्बूलेन्स द्वारा मछरेहटा सी एच सी लाया गया जहां घायलों का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है

**संवाददाता।** मछरेहटा सीतापुर

**थाना मछरेहटा** की ग्राम पंचायत फतेहनगर मजरा असरेखा गांव में सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे खेत के मेढ पर तार को लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले दोनों पक्षों में तीन लोगो को काफी सर में चोटे आई है जिससे बुरी तरह घायल हो गए प्रथम पक्ष सुशील पुत्र कढ़िलेराम 32वर्ष ने आरोप लगाया कि द्वितीय पक्ष के रमेश पुत्र बाबूलाल, संग्राम पुत्र बाबूलाल ,सरनाम सिंह पुत्र बाबूलाल ,पंकज पुत्र रमेश आदि लोगों ने खेत की मेड पर तार लगाने को लेकर जाति सूचक गाली दी और आक्रामक होकर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमे प्रथम पक्ष के सुशील,28 वर्ष ,वर्शसुनील35,व सोमपाल 13 वर्ष को काफी चोटे आईं हैं वही दूसरे पक्ष के रमेश पुत्र बाबूलाल उम्र 42 ने आरोप लगाते हुए बताया कि सुनील,सुशील,सोमपाल आदि लोगों ने लाठी डंडों से सचिन पुत्र रमेश उम्र 15 को काफी मारा पीटा है जिससे सर में काफी चोटे आईं हैं दोनों पक्षों के घायलों को एम्बूलेन्स द्वारा मछरेहटा सी एच सी लाया गया जहां घायलों का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है इस सम्बन्ध में मछरेहटा थाना अध्यक्ष राम राघव सिंह से बात की गई तो बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हो गई है जांच कर विधिक कार्यवाह की जायगी

## युवक के लापता होने के बाद गुमशुदगी हुई दर्ज

**संवाददाता।** सीतापुर

**खैराबाद के** छतौडा गांव से एक युवक बिते 26 अक्टूबर से लापता है। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। जब सारे प्रयास फेल हो गए तो परिजनों ने 31 अक्टूबर को खैराबाद थाने पहुंचकर युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई। खैराबाद के छतौडा गांव निवासी सोनेलाल उम्र 42 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चले गए तब से उनका कोई पता नहीं चला युवक के भाई ने राजबहादुर ने बताया जब हम लोगों के सारे प्रयास फेल हो गए तब 31 अक्टूबर को खैराबाद थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# चिकित्सा मेला में बताया होम्योपैथिक औषधि की विशेषता

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के तांबेश्वर मंदिर प्रांगण में होम्योपैथिक चिकित्सा मेला का आयोजन हुआ। जिसका उदघाटन एवं अध्यक्षता विधायक राजेंद्र पटेल द्वारा किया गया। बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा में विभिन्न रोगों का इलाज करने के लिए पौधों और खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों की नैनो खुराक का उपयोग होता है। यह उपचार अचानक होने वाली और साथ ही पुरानी स्थितियों, बुखार और खांसी से लेकर गठिया तथा मधुमेह जैसी जीवन शैली की बीमारियों का इलाज कर सकते हैं। एक समग्र चिकित्सा होने के नाते, यह केवल व्यक्तिगत लक्षणों का इलाज नहीं करती है, बल्कि संपूर्ण उपचार के लिए व्यक्तित्व के साथ-साथ व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति पर भी ध्यान देती है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रयागराज डॉ0 सुमन रहेजा ने बताया कि होम्योपैथी एक सुरक्षित और सौम्य चिकित्सीय तरीका है जो कई प्रकार की बीमारियों का प्रभावी उपचार कर सकता है। यह गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सभी के लिए सुरक्षित है। यह उन व्यक्तियों द्वारा भी ली जा सकती है। जिन्हें मधुमेह या लैक्टोज असहिष्णुता है। होमियोपैथी माहवारी अनियमत्ता, संक्रामक रोगों, रसौली ओवेरियन सिस्ट, गांठ, बांझपन स्तन की गांठ, पीडियाट्रिक रोग, बच्चों के रोग, गुर्दे की खराबी, गुर्दे स्टोन्स, लीवर की बीमारियां रोग, जोड़ों के रोग, पेट के सभी रोग, स्किन, चर्म रोग सफेद दाग, बालों की समस्या, होमियोपैथी चर्म रोग के इलाज में सर्वाधिक लोकप्रिय एवं कारगर है। आजकल डेंगू बहुत फैला है यूपाटोरियम, कैरिका, टिनोस्पोरा, क्रोट होर 6, काफी कारगर है। सभी दवाएं हमारे चिकित्सालयों में मौजूद हैं। प्लेटलेट्स बढाने के लिए यह सभी कारगर हैं। चिकित्सा का 200 साल पुराना विज्ञान होने के बावजूद, होम्योपैथिक चिकित्सा से किसी भी स्वास्थ्य संबंधी खतरे को साबित करने वाले अध्ययन सामने नहीं आया हैं। होम्योपैथी के योग्य और पंजीकृत चिकित्सक अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की तरह अपने पेशे की सीमाओं के भीतर कार्य करते हैं, जिन्हें राष्ट्रीय दिशानिर्देशों द्वारा विनियमित किया जाता है। होम्योपैथी की प्रभावकारिता को सिद्ध किया है। होमियोपैथी का उपयोग विभिन्न स्थितियों और सामान्य बीमारियों के लिए सुरक्षित और प्रभावी रूप से किया जा सकता है। यह पारंपरिक चिकित्सा के कार्य में हस्तक्षेप नहीं करती है और पूरक चिकित्सा के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है। डॉ0 जय सिंह पटेल ने बताया होम्योपैथिक दवाओं का उपयोग सर्जरी के बाद जल्दी ठीक होने के लिए पारंपरिक चिकित्सा के साथ या अकेले किया जा सकता है। होम्योपैथी चिंता और हल्के से गंभीर अवसाद डिप्रेशन के उपचार में उपयोगी है।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का हुआ जनपदीय आयोजन, मंडलीय समन्वयक ने किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को 30वी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपदीय आयोजन गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य श्रीराम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के मंडलीय समन्वयक, मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार ने मां सरस्वती के पूजन कर किया। जनपदीय आयोजन में विविध विद्यालयों के विद्यार्थियों के 117 समूह ने किया। विद्यार्थियों ने मुख्य विषय स्वास्थ्य व कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना के अंतर्गत निर्धारित पांच उपविषयों अपने पारितंत्र को समझना, स्वास्थ्य पोषण व कल्याण को प्रोत्साहन देना, परितंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रथाएं, आत्मनिर्भरता के लिए पारितंत्र आधारित दृष्टिकोण, पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह ने बताया राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद उत्प्रेरित करती है। यह 1993 से लगातार पूरे देश में आयोजित हो रहा है। जिसमें 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे मुख्य विषय से संबंधित स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर विज्ञान विधि की सहायता से नवाचारी खोज करते है। देश के हर जिले में आयोजित जनपद स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अपने शोध परिणाम को प्रस्तुत करते हैं। सभी प्रोजेक्टों का मूल्यांकन डीआईओएस प्रतिनिधि/प्रधानाचार्य जीआईसी धौराहरा विनोद कुमार के नेतृत्व में वाईडी कॉलेज के भौतिकी विभाग से डॉ बृजेश कुमार शुक्ला, विज्ञान शिक्षक गांधी स्मारक विद्यालय गोला डॉ राजेश कुमार, समन्वयक जिला विज्ञान क्लब सुनील कुमार मिश्र ने मिलकर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों संग विभिन्न विद्यालयों से आए मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रणीत अग्निहोत्री, विपिन कुमार श्रीवास्तव, जयश्री बाजपेई, मीनू माहेश्वरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रमोद कुमार मिश्र व संतोष रस्तोगी का विशेष योगदान रहा।

# कायस्थ महासभा का द्वीज पूजन एवं वार्षिकोत्सव आयोजित

● मेधावियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा एव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 5680 द्वारा द्वईज पूजन एव वार्षिकोत्सव कार्यक्रम स्थानीय ओम मैरिज हाल मे अत्यन्त धूमधाम और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का सुआरम्भ भगवान श्री चित्रगुप्त जी के पूजन एव आरती से हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा की गयी व संचालन कुलदीप समर एव महिला शाखा अध्यक्ष वर्षा सक्सेना द्वारा की गयी। कार्यक्रम मे पधारे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 5680 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष डा. इन्द्रसेन श्रीवास्तव, महामंत्री श्याम चन्द्र श्रीवास्तव, प्रभारी मध्य संभाग गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष विकास बख्शी,प्रदेश सचिव डा. संतोष निगम लखनऊ जिलाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष युवा संभाग प्रत्यूष श्रीवास्तव, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव रतन खरे,पूर्व अध्यक्ष/संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, अधिवक्ता योगेश सक्सेना का स्वागत जिलाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने चंदन का तिलक, माल्यार्पण व बैच लगाकर व महिला कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर किया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभा को संबोधित किया तथा सभा द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह व भगवान श्री चित्रगुप्त जी का चित्र भेंट स्वरूप प्रदत्त किया गया कार्यक्रम मे वरिष्ठ चित्रांश गौरव सम्मान से अधिवक्ता वेद प्रकाश श्रीवास्तव एव विजय सिन्हा तथा श्रीमती किशोरी लता श्रीवास्तव को माल्यार्पण कर व शाल प्रदत्त कर अलंकृत किया गया। कार्यक्रम मे 2022 मे विशिष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों का भी सम्मान प्रमाण पत्र, शील्ड व कलम देकर किया गया। कार्यक्रम मे हुए रंगारंग कार्यक्रम मे बच्चों की प्रस्तुतियों ने देर रात तक लोगों को अपने मोहपाश मे बांधे रखा और एक से बढ़ कर एक अपनी प्रतिभा से मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया और लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप सक्सेना मुकेश, रविकान्त श्रीवास्तव, अनीता निगम, लोकेन्द्र श्रीवास्तव, महेंद्र खरे, मितुल श्रीवास्तव, डा. ओ.पी. श्रीवास्तव, प्रख्याति खरे, रीना अस्थाना, सांची माथुर, मोनिका श्रीवास्तव, प्रीती निगम, दीपाली श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव सुरेन्द्र श्रीवास्तव सहित हजारों लोगों उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य रूप दिया। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ सम्पन्न हुआ।

# निकाय चुनाव जीतने को प्रतिबद्ध है भाजपा कार्यकर्ता:जितेंद्र सिंह

**संवाददाता।** मोहम्मदी-लखीमपुर

● निकाय चुनाव प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने मोहम्मदी नगर में जनता व कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**निकाय चुनाव** के लिए भाजपा ने पूरी तरह से कमर कस ली है। मोहम्मदी नगर पालिका के निकाय चुनाव प्रभारी तथा भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने रविवार को मोहम्मदी के कई वार्डो का भ्रमण कर जमीनी हकीकत जानी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान में किये जा रहे कार्य व सहयोग को लेकर भी चर्चा की। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा मोहम्मदी निकाय चुनाव प्रभारी जितेंद्र सिंह मोहम्मदी पहुंचे। इसके बाद उन्होंने बबौरी, पूर्वी लखपेड़ा और इस्लामाबाद का भ्रमण कर आम लोगों से वार्ता की तथा कार्यकर्ताओं से मतदाता पुनरीक्षण अभियान की हकीकत जानी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी मुख्य कार्य अधिक से अधिक मतदाता बनवाना हैं। कोई भी व्यक्ति जो कि मतदान की पात्रता प्राप्त कर चुका है, मतदाता बनने से न रह जाए। इसके बाद उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव नजदीक है। सभी कार्यकर्ता तन मन धन से भारतीय जनता पार्टी को चुनाव जिताने के लिए लग जाएं। क्योंकि हम संगठन और कार्यकर्ताओं के दम से ही चौथी बार मोहम्मदी में भाजपा का परचम लहराएंगे।

इस अवसर पर विधायक लोकेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, निकाय चुनाव संयोजक आशीष रस्तोगी, जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया, सहित अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद।

## पेज एक का शेष

### ईडब्ल्यूएस के लिए...

न्यायाधीशों ने बहुमत से तीनों प्रश्नों का उत्तर नहीं में दिया। हालांकि न्यायमूर्ति त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि इस तरह के आरक्षण के लिए एक समय-सीमा तय करने की जरूरत है और ये हर समय जारी नहीं रह सकते। दोनों न्यायाधीशों ने कहा कि आरक्षण का मकसद सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है, लेकिन यह अनिश्चितकाल तक जारी नहीं रहना चाहिए, ताकि यह निहित स्वार्थ न बन जाए। न्यायमूर्ति भट ने अपना अल्पमत का विचार व्यक्त करते हुए ईडब्ल्यूएस आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन पर असहमति जताई। उन्होंने 103वें संशोधन कानून को इस आधार पर असंवैधानिक और अमान्य करार दिया कि यह संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन है। प्रधान न्यायाधीश ललित ने न्यायमूर्ति भट के विचार से सहमति व्यक्त की। न्यायालय ने संविधान के 103वें संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला 27 सितंबर को सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित अन्य वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने के बाद इस कानूनी प्रश्न पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण ने संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन किया है या नहीं। शीर्ष न्यायालय में इस संबंध में साढ़े छह दिन तक सुनवाई हुई थी। पीठ ने दाखिलों और नौकरियों में ईडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं से निकले तीन व्यापक विषय निर्णय के लिए तय किए थे। न्यायालय ने करीब 40 याचिकाओं पर सुनवाई की और 2019 में जनहित अभियान द्वारा दायर की गई एक अग्रणी याचिका सहित ज्यादातर में संविधान (103वां) संशोधन अधिनियम 2019 को चुनौती दी गई थी। लोकसभा और राज्यसभा ने 103वें संविधान संशोधन को 2019 में क्रमश: 8 और 9 जनवरी को मंजूरी दी थी। इसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस पर हस्ताक्षर किए थे।

### संघर्ष जारी रखेगा...

उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट भी फांसी की सजा बरकरार रखेगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो फांसी की सजा उम्रकैद में बदली जा सकती है, लेकिन बरी होने की उम्मीद बिल्कुल नहीं थी। पिछले दस सालों से पीड़ित परिवार को समर्थन दे रहे सामाजिक कार्यकर्ता विनोद बछेती ने कहा कि मंगलवार को बैठक सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा करेंगे, उसके बाद अगला कदम उठाएंगे।

### बढ़ेगी सिसोदिया की...

सीबीआई ने गत अगस्त में आबकारी नीति घोटाले में एक एफआईआर दर्ज की थी और मामले में आरोपी बनाए गए आठ व्यक्तियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था। आरोपियों में सिसोदिया, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण, उपायुक्त आनंद तिवारी और सहायक आयुक्त पंकज भटनागर शामिल हैं।

### नोएडा और ग्रेनो के...

को सौपे जाने के बाद से पिछले तीन सालों में करीब 46,000 आम्रपाली होमबायर्स में से केवल 4,981 को उनके फ्लैटों पर कब्जा मिला है। बहुत से होमबायर्स द्वारा गड़बड़ी करने तथा फ्लैट न देने की शिकायत करने के बाद शीर्ष अदालत इस रियल एस्टेट कंपनी के संबंधित मामलों की निगरानी कर रही है। आम्रपाली ग्रुप के पूर्व निदेशक अनिल कुमार शर्मा, शिव प्रिया तथा अजय कुमार को 2019 में अदालत के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया था। होमबायर्स के पैसों को दूसरे कामों में लगाने के आरोप में उन पर कई मामले दर्ज किए गए। हाल ही में शर्मा को कुछ मामलों में जमानत दी गई थी। उस पर 30 से ज्यादा केस चल रहे हैं। इसमें पीएमएलए के तहत धनशोधन का मामला भी शामिल है। कई मामलों में जमानत देते हुए शीर्ष अदालत ने उससे जमानत के पीएमएलए में जाने को कहा था। वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने एनबीसीसी को आम्रपाली के रुके हुए दो आवासीय परियोजना को शुरू करने के लिए हरी झंडी दी थी।

### दिल्ली में कल से...

हालांकि प्राथमिक स्कूल खुलेंगे और 50 प्रतिशत कर्मियों के लिए घर से काम करने की व्यवस्था भी खत्म होगी। राजधानी में लगभग तीन लाख बीएस-4 और दो लाख बीएस-3 मानक वाले वाहन हैं। पिछले दो दिन में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण में सुधार के बाद केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिया था कि गैर-बीएस छह डीजल से चलने वाले हल्के मोटर वाहनों और ट्रकों के राजधानी में प्रवेश करने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया जाए। ग्रेप के अंतिम चरण के तहत यह प्रतिबंध लगाया गया था। आयोग ने दिल्ली में राजमार्गों, फ्लाईओवर और पाइपलाइन जैसी सार्वजनिक परियोजनाओं से संबंधित निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी थी, जिसे हटा लिया गया है। राय के मुताबिक, निजी निर्माण कार्यों पर पाबंदी जारी रहेगी। आयोग ने बृहस्पतिवार को अपने आदेश में पाबंदियों की सिफारिश की थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन...

सुधांशु धूलिया की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर झारखंड सरकार और सोरेन की अलग-अलग याचिकाओं पर 17 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय को खनन पट्टा मामले में सोरेन के खिलाफ जांच का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर कार्यवाही करने से रोक दिया था। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि उच्च न्यायालय ने उसके समक्ष सभी दस्तावेज पेश किए जाने से पहले ही याचिका पर विचार करने का फैसला कर लिया। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका दायर करने वाले व्यक्ति की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए थे।

### भारत जोड़ो यात्रा में...

सूत्रों ने बताया कि एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे और प्रियंका चतुर्वेदी आदि पदयात्रा में राहुल गांधी के साथ चल सकते हैं। पिछले सप्ताह महाराष्ट्र कांग्रेस के इंचार्ज एचके पाटिल, कांग्रेस विधायक दल के नेता बाला साहेब थोराट और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने उद्धव ठाकरे और पवार से मिलकर उन्हें भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। सूत्र ने कहा कि स्वास्थ्य कारणों के चलते महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के इस यात्रा में कहीं भी शामिल होने पर अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं आदित्य ठाकरे ने यात्रा में राहुल के साथ जुड़ने का मन बना लिया है। शिव सेना के प्रवक्ता सचिन अहीर ने मुंबई में कहा कि आदित्य ठाकरे के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। संयोग से, इस समय आदित्य ठाकरे मराठवाड़ा क्षेत्र का दौरा भी कर रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या कांग्रेस की यात्रा आदित्य ठाकरे के कार्यक्रम से मेल खा सकती है। शिवसेना नेता ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पीछे का विचार सभी को एक साथ लाना है और जाने-अनजाने समाज के हर वर्ग के लोग इसका समर्थन कर रहे हैं। अगर यह यात्रा महाराष्ट्र आ रही है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

### कोर्ट ने ट्विटर से...


यह आरोप लगाया गया है कि इसके कॉपीराइट का उल्लंघन किया गया है और इसके कॉपीराइट संगीत का उपयोग करने पर कांग्रेस तथा इसके नेताओं के खिलाफ स्थाई रोक लगाने की मांग की गई है। अदालत ने आदेश में कहा, वादी ने विशेष रूप से सीडी प्रस्तुत कर एक-एक कर दोनों तरह की फाइल दिखाई, जिनमें उसके कॉपीराइट अधिकार वाली कृति का मूल प्रारूप और अवैध रूप से बनाया गया प्रारूप भी शामिल है। आदेश में कहा गया है, इस समय अदालत के समक्ष उपलब्ध यह सामग्री प्रथम दृष्टया यह स्थापित करती है कि यदि इसका (कॉपीराइट का) उल्लंघन हुआ है तो, सिनेमैटोग्राफी फिल्म्स, गीत, संगीत अलबम का कारोबार कर रहे वादी...को अपूर्णीय क्षति होगी और यह व्यापक रूप से पाइरेसी को बढ़ावा देगी। अदालत ने ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर साक्ष्य के ऑडिट के लिए और उन्हें संरक्षित करने के लिए एक आयुक्त भी नियुक्त किया।

### न्यायमूर्ति ललित ने उच्चतम...

इस अदालत में मेरी यात्रा अदालत संख्या। से शुरू हुई। मैं बंबई में वकालत कर रहा था और यहां प्रधान न्यायाधीश वाई वी चंद्रचूड़ के सामने एक मामले को रखने आया था। उन्होंने कहा, इस अदालत से मेरी यात्रा शुरू हुई और आज इसी अदालत में समाप्त हो रही है। अनेक संविधान पीठों के गठन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बार के लिए कुछ करना बहुत यादगार और संतोषजनक अनुभव रहा है। न्यायमूर्ति ललित ने कहा, मुझे लगता है कि उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश बनने वाले कोई भी न्यायाधीश किसी भी काम के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम होते हैं और उन्हें संविधान पीठों में शामिल होने का समान अवसर मिलना चाहिए। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश बनने जा रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायमूर्ति ललित की यह खासियत रही कि वह इस अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में काम करने के बाद यहां न्यायाधीश बने।

# कांग्रेस वाइड, आप नो बॉल, केवल भाजपा सही लेंथ की बॉल: राजनाथ

**भाषा।** बैजनाथाबल्ह (हिमाचल प्रदेश)



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधने के लिए क्रिकेट की शब्दावली का इस्तेमाल किया और कांग्रेस को वाइड बॉल तो आम आदमी पार्टी को नो बॉल करार दिया। हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ और बल्ह विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राजनीति की पिच पर केवल भाजपा सही लेंथ की बॉल है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का भाजपा का संकल्प वोट हासिल करने के मकसद से नहीं लिया गया है। सिंह ने कहा, हमने हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि हम वोट पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। हम समाज को बांटकर वोट हासिल नहीं करना चाहते। गोवा में सालों से समान नागरिक संहिता लागू है। क्या गोवा में समाज टूट गया। ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट के दौरान देश में क्रिकेट का माहौल है और ऐसे में रक्षा मंत्री ने भी राजनीति की तुलना क्रिकेट से करते हुए मतदाताओं को संदेश देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, क्रिकेट के शब्दों में मौजूदा राजनीति को बयां करना हो तो मैं कहूंगा कि भाजपा राजनीति की पिच पर अच्छी लेंथ की बॉल है, कांग्रेस पार्टी वाइड बॉल बन गई है। आम आदमी पार्टी की स्थिति नो बॉल की है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में नौवें या दसवें स्थान पर थी। उन्होंने कहा, आज (नरेंद्र) मोदीजी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवें स्थान पर है। वह दिन दूर नहीं जब भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के तीन शीर्ष देशों में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार पर काबू पाया है और केंद्र से सारा धन सीधे लोगों के खातों में पहुंचता है। सिंह ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा कि हमने भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त कर दिया। हमने भ्रष्टाचार रोकने की प्रणाली बदली है। आज, अगर दिल्ली से 100 पैसे चलते हैं तो पूरी राशि लोगों के खातों में पहुंचती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा उत्पादों में आत्म-निर्भरता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, आज भारत का रक्षा निर्यात करीब 20,000 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। हिमाचल में हर पांच साल में सरकार बदलने के इतिहास का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, हिमाचल प्रदेश की जनता चपाती को पलटती रहती है। लेकिन इस बार यहां चपाती अच्छी तरह पक गई है। इसे पलटने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड में भी ऐसा होता था, लेकिन वहां की जनता ने अब इस पर रोक लगा दी है।

## मोदी के साथ मित्रवत संबंध है, फिर भी भाजपा को प्रतिद्वंद्वी ही मानेंगे: पटनायक

**भाषा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा के** मुख्यमंत्री एवं राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके मित्रवत संबंध हैं, लेकिन उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य में अपना मुख्य प्रतिद्वंद्वी मानती है। पटनायक ने यह भी स्वीकार किया कि ओडिशा को विकासपरक कार्यों के लिए केंद्र से अब अच्छा सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को यहां द न्यू इंडियन एक्सप्रेस द्वारा आयोजित ओडिशा साहित्य महोत्सव (ओएलएफ) में एक संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं, पटनायक ने कहा, हां, यह मित्रवत है। यह पूछे जाने पर कि क्या देश का संघीय ढांचा खतरे में है, पटनायक ने कहा, जहां तक मेरा और मेरी सरकार का सवाल है, केंद्र के साथ हमारे संबंध रचनात्मक हैं। हमारा सरोकार सिर्फ अपने राज्य के विकास और कल्याण से है तथा केंद्र इसमें हमारा सहयोग करता है। पटनायक का यह बयान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ क्षेत्रीय दल और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केंद्र के खिलाफ आवाज उठाई है तथा नरेंद्र मोदी सरकार पर गैर-भाजपा राज्यों के साथ व्यवहार में संघीय मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। यहां तक कि पटनायक भी पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के दौरान इस तरह के आरोप लगा चुके हैं। बीजद, 2019 तक, कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से समान दूरी बनाए रखने का दावा करती थी। हालांकि, राजग के साथ बीजद का समीकरण उस वक्त स्पष्ट रूप से बदल गया, जब पटनायक ने 2020 में राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव का समर्थन किया। इसके चलते, विपक्षी कांग्रेस ने बीजद और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू करार दिया था। धामनगर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के नतीजों पर पटनायक ने कहा कि वह लोगों के फैसले का सम्मान करते हैं। धामनगर उपचुनाव में भाजपा के सूर्यवंशी सूरज ने बीजद के अबंती दास को 9,881 मतों के अंतर से हरा दिया। उन्होंने कहा, धामनगर के विधायक का हाल ही में निधन हो गया था। वह बहुत लोकप्रिय थे। उनके बेटे को टिकट दिया गया। इस सीट पर भाजपा का कई सालों से कब्जा था। इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि वही जीतेगी। बीजद अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि, हाल के पंचायत और शहरी चुनावों में, सत्तारूढ़ दल ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था।

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल से अल-कायदा का सदस्य जम्मू-कश्मीर के रामबन में गिरफ्तार: पुलिस

**रामबनाजम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में आतंकवादी संगठन अल-कायदा के एक सदस्य को हथगोले के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मशिता हाओरा निवासी अमीरुद्दीन खान को पुलिस दल ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि अल-कायदा के सदस्य के कब्जे से एक चीनी हथगोला बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ रामबन थाने में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त प्रकरण के संबंध में आगे की जांच जारी है।

### समान नागरिक संहिता लागू करने का उद्देश्य ध्रुवीकरण नहीं: जितेंद्र सिंह

**धर्मशाला।** केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी वादे का उद्देश्य ध्रुवीकरण नही है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, जब वे (कांग्रेस) पूछते है कि हम हिमाचल में समान नागरिक संहिता क्यों लागू कर रहे है जबकि यहां 95 प्रतिशत आबादी हिंदू है तो इसका मतलब है कि वे नही चाहते कि इस कानून को देश में लागू किया जाए। उन्होंने कहा, जब हिमाचल में ध्रुवीकरण की कोई गुंजाइश नही है और फिर भी भाजपा यहां समान नागरिक संहिता लागू करना चाहती है तो यह दिखाता है कि हम ध्रुवीकरण के लिए ऐसा नही करना चाहते। हिमाचल में भाजपा के चुनावी घोषणापत्र के संदर्भ में सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी ने उन क्षेत्रों पर ध्यान देने की कोशिश की है जिनकी कांग्रेस ने अनदेखी की। उन्होंने कहा कि पर्वतीय राज्यों के युवा केवल सरकारी नौकरियों को रोजगार के विकल्प के रूप में देखते है, लेकिन इस धारणा को बदलना होगा। भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी), सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तथा विभिन्न क्षेत्रों के लिए रियायतों का वादा किया।

### प्रधानमंत्री का नोटबंदी की अपनी भयावह विफलता को स्वीकारना बाकी है : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नोटबंदी के छह साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि उनका अभी इस भयावह विफलता को स्वीकार करना बाकी है। उन्होंने ट्वीट किया,"देश को कालेधन से मुक्त करने के वादे के साथ नोटबंदी की गई थी। लेकिन इससे कारोबार और रोजगार नष्ट हो गए। इस मास्टरस्ट्रोक के छह साल बाद आज चलन में नकदी 2016 की तुलना 72 प्रतिशत अधिक है। खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री का अभी अपनी उस भयावह विफलता को स्वीकार करना बाकी है जिस कारण अर्थव्यवस्था औंधे मुंह गिर गई। प्रधानमंत्री मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा की थी जिसके तहत 500 और 1000 रुपए के नोट चलन से बाहर हो गए थे। इनके स्थान पर 500 और 2000 रुपए के नए नोट चलन में आए।

### जब से मैंने अमेठी में राहुल गांधी को हराया है, तब से वह भाग ही रहे हैं: स्मृति ईरानी

**शिमला।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से उन्होंने राहुल गांधी को अमेठी में हराया है तब से वह भाग ही रहे है और देश भर मे घूम रहे है। पिछले लोकसभा चुनावो में ईरानी ने राहुल गांधी के गढ़ अमेठी में उन्हे हराया था, हालांकि वह केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीत गए थे।महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने 12 नवंबर को होने वाले हिमाचल विधानसभा चुनाव के लिए रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए कहा, लेकिन वह जहां भी गए, वहां क्या हुआ? कांग्रेस वहां भी चुनाव हारती रही। उन्होंने यात्रा में शामिल हुए कुछ लोगो पर भी सवाल उठाए। ईरानी ने कहा, कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने यात्रा निकाली, केरल में उन्होंने किसके साथ यह यात्रा निकाली? उन लोगो के साथ जिन्होंने गायो का वध किया और फिर फोटो इंटरनेट पर अपलोड कर दी। और कांग्रेस के युवराज यात्रा निकालते हुए पीठ थपथपा रहे है। उन्होंने कहा, "उन्होंने (कांग्रेस ने) कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रस्ताव रखने वालों के साथ यात्रा निकाली।ईरानी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ से पूछा,"जब आपका नेता उन लोगो का समर्थन करता है जो एक खंडित भारत देखना चाहते है, तो क्या आपका खून नही खौलता, जब आपका नेता गोहत्यारों की पीठ थपथपाता है, तो क्या आपका खून नही खौलता?

## ईडब्ल्यूएस पर न्यायालय का निर्णय सामाजिक न्याय के संघर्ष के लिए झटका: तमिलनाडु के मुख्यमंत्री

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को कहा कि दाखिला एवं सरकारी नौकरी में ऊंची जाति में आर्थिक रूप से कमजोर वर्क (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण पर उच्चतम न्यायालय का फैसला सदियों पुराने सामाजिक न्याय के संघर्ष के लिए एक झटका है। दाखिला एवं सरकारी नौकरी में ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले 130वें संविधान संशोधन की वैधता को बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के सोमवार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में राजनीतिक पार्टियों और समान विचारधारा वाले सभी संगठनों को सामाजिक न्याय की रक्षा एवं देश भर में इसे सुनिश्चित करने के लिए एकसाथ आना चाहिए। स्टालिन द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के अध्यक्ष भी हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटा पर कानून संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता है। केंद्र सरकार द्वारा लाई गई आरक्षण प्रणाली के खिलाफ द्रमुक के कानूनी संघर्ष को याद करते हुए स्टालिन ने कहा, इस मामले में आज के फैसले को सामाजिक न्याय को लेकर सदियों से चले आ रहे संघर्ष के लिए झटका माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हालांकि फैसले के गहन विश्लेषण के बाद कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण के खिलाफ संघर्ष जारी रखने के लिए अगले कदम पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए पहला संवैधानिक संशोधन करने वाली तमिलनाडु की इस धरती से मैं समान विचारधारा वाले सभी संगठनों से सामाजिक न्याय की आवाज को पूरे देश में प्रतिध्वनित करने के लिए एकजुट होने का अनुरोध करता हूं।



जम्मू के कानाचक गांव में वार्षिक झिरी मेला के दौरान श्रद्धालु

## महागठबंधन के वोटों में बिखराव से गोपालगंज में हार हुई : जद (यू) नेता कुशवाहा

**भाषा।** पटना

**जनता दल** (यूनाइटेड) के नेता उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि गोपालगंज विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में महागठबंधन के वोटों में बिखराव के कारण राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सीतामढ़ी जिले में पत्रकारों से बातचीत में जद(यू) संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने मतदाताओं से उन लोगों से सावधान रहने का आग्रह किया, जो किसी अन्य उम्मीदवार की हार सुनिश्चित करने के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मैदान में कूदते हैं।

कुशवाहा ने कहा, गोपालगंज में महागठबंधन के वोटों में बिखराव हुआ। एक उम्मीदवार को करीब 8,000 वोट मिले जबकि दूसरे को 12,000 वोट मिले। ए सभी वोट महागठबंधन के थे। अगर बिखराव नहीं हुआ होता तो राजद बड़े अंतर से जीत जाता। विधायक सुभाष सिंह के निधन के कारण गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया गया। सिंह की पत्नी, भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी को 70,032 वोट मिले, जबकि राजद के मोहन गुप्ता को 68,243 वोट मिले। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिन्हें मिलाकर 20,000 से अधिक वोट मिले। कुशवाहा उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव की मामी और बसपा से चुनाव लड़ने वालीं इंदिरा यादव तथा एआईएमआईएम उम्मीदवार अब्दुल सलाम को मिले वोट का जिक्र कर रहे थे। ओवैसी की पार्टी पर अक्सर भाजपा के बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगाया जाता है। इंदिरा यादव को 8,854 वोट जबकि अब्दुल सलाम को 12,212 वोट मिले। कुशवाहा ने कहा, मैं मतदाताओं से अपील करना चाहता हूं कि ऐसे उम्मीदवारों के झांसे में न आएं। वे अपनी किसी महत्वाकांक्षा के साथ मुकाबले में नहीं आते हैं। उनका एकमात्र मकसद दूसरे उम्मीदवार की हार सुनिश्चित करना है। ऐसे उम्मीदवारों पर वोट बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। जद (यू) नेता ने गोपालगंज के उपचुनाव के नतीजों के लिए खुशफहमी पालने पर भाजपा पर भी कटाक्ष किया। भाजपा ने गोपालगंज सीट बरकरार रखी जबकि मोकामा में उसे हार का सामना करना पड़ा। राजद विधायक अनंत कुमार सिंह को अयोग्य करार दिए जाने के कारण मोकामा में उपचुनाव हुआ जहां उनकी पत्नी नीलम देवी ने भाजपा उम्मीदवार को 16000 से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। कुशवाहा ने कहा, भाजपा को पता होना चाहिए कि गोपालगंज की उम्मीदवार कुसुम देवी को मिले वोट पार्टी के कारण नहीं थे।

### प्रतिमा मामला: मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तमिलनाडु के एक पूर्व पुलिस निरीक्षक की याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रतिमांए लापता होने के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 22 जुलाई को सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ए. जी. पोन मनिकवेल के खिलाफ आरोपों को लेकर सीबीआइ को जांच का आदेश दिया था। प्रतिमा शाखा से जुड़े एक सेवानिवृत्त निरीक्षक कादेर बाचा ने मनिकवेल के खिलाफ आरोप लगाए गए थे। सीबीआई ने राज्य पुलिस द्वारा दर्ज उस प्राथमिकी की फिर से जांच करने के मामले को अपने हाथ में लिया, जिसमें बाचा और एक हेड कांस्टेबल को आरोपी बनाया गया था। आरोप लगाया कि प्रतिमा चोरी के मामलों के मुख्य आरोपी दीनदयालन की मिलीभगत से तत्कालीन विशेष अधिकारी एवं एसआईटी के प्रमुख मनिकवेल ने उनके जैसे अधिकारियों पर झूठे मामले थोपना शुरू कर दिए।

## असम: माओवादियों से संबंध के संदेह में तीन गिरफ्तार

**भाषा।** सिलचरा/डिब्रूगढ़



**असम के** विभिन्न हिस्सों से माओवादियों के साथ संबंधों के संदेह में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कछार जिले से गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक के कथित तौर पर माओवादी नेता अरुण कुमार भट्टाचार्जी के साथ संबंध थे, जिसे कंचन दा के नाम से जाना जाता है। अन्य दो व्यक्तियों को सेना ने डिब्रूगढ़ से पकड़ा है।

कछार के पुलिस अधीक्षक नुमाल महता ने कहा कि शनिवार रात धरित्री शर्मा को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, गुवाहाटी पुलिस की अपराध शाखा के एक दल ने शर्मा को गिरफ्तार किया था। महता ने कहा कि कंचन दा की गिरफ्तारी के बाद मिली जानकारी के आधार पर अन्य गिरफ्तारियां की गईं। अधिकारी ने कहा, शर्मा के खिलाफ विशिष्ट आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा-माओवादी) की केंद्रीय समिति के सदस्य कंचन दा को मार्च में कछार से गिरफ्तार किया गया था। उसे असम में प्रतिबंधित संगठन की एक राज्य स्तरीय समिति गठित करने और पड़ोसी झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के लिए एक लाल गलियारा बनाने का काम सौंपा गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिटुल चेतिया ने बताया कि दो अन्य लोगों को सेना ने रविवार को डिब्रूगढ़ से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा, सेना ने दोनों को माओवादियों के साथ संदिग्ध संबंधों के चलते गिरफ्तार किया है। उक्त मामले के संबंध में जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से प्वाईंट 22 पिस्तौल, एक मैगजीन और गोला बारूद बरामद किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में विस्फोटक लगाने में शामिल दो हाइब्रिड आंतकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर के** बांदीपोरा जिले में पिछले महीने विस्फोटक लगाने में शामिल दो हाइब्रिड आतंकवादियों को बारामूला से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने उनके कब्जे से दो रिमोट से चलने वाले परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) भी बरामद किए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कश्मीर, विजय कुमार ने एक ट्वीट में कहा, सोपोर पुलिस ने केनुसा बांदीपोरा में हाल ही में आईईडी विस्फोट की घटना का खुलासा किया है। दो हाइब्रिड आतंकवादी इरशाद गनी और केनुसा बांदीपोरा के वसीम राजा को गिरफ्तार किया गया। डेटोनेटर के साथ दो रिमोट नियंत्रित आईईडी बरामद हुए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया और आगे की कार्वाई की जा रही है। बता दें कि आतंकवादियों ने 15 अक्टूबर को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के केनुसा-अस्टांगो इलाके में एक आईईडी लगाया था, जिसका वजन लगभग 18 किलोग्राम था और इसमें दो गैस सिलेंडर लगे थे। सुरक्षा बलों ने विस्फोटक उपकरण का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड की तरह हिमाचल में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी :नड्डा

**भाषा।** शिमला



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की तरह दोबारा पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश और गुजरात में आम आदमी पार्टी की चुनौती को खारिज करते हुए कहा कि उसका चुनाव के दौरान शोर मचाने और सबसे ज्यादा सीटों पर जमानत तक नहीं बचा पाने का इतिहास है। नड्डा ने कहा कि दोनों ही राज्यों में भाजपा के सामने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा दोनों राज्यों में आसानी से जीत हासिल कर पुनः सरकार बनाएगी।

अपने इस विश्वास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के लगाव को प्रमुख कारण बताते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री के रूप में उनके कामकाज ने गुजरात में पार्टी को चुनाव में जीत दिलाई और 2014 में केंद्र में सरकार बनाने के बाद उन्होंने सत्ता विरोधी लहर को सत्ता समर्थक लहर में तब्दील कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा 2019 में मोदी के नेतृत्व में दोबारा केंद्र की सत्ता में आई और फिर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के अलावा असम, गोवा तथा मणिपुर समेत कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में सत्ता-विरोधी लहर को धता बताया। नड्डा ने आप पर निशाना साधते हुए कहा, यह पार्टी आती है और बहुत शोर-शराबा करती है। आपने उत्तर प्रदेश में, गोवा में और उत्तराखंड में भी ऐसा देखा। क्या हुआ? वे अधिकतर सीटों पर जमानत तक नहीं बचा पाए।

## हमने सिख परंपराओं और विरासत को सशक्त बनाने का प्रयास किया : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने सिख परंपराओं और विरासत को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने पहले सिख गुरु नानक देव की 553वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा के आवास पर आयोजित एक समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान वह विशेष अरदास में भी शामिल हुए।

इस मौके पर उन्होंने कहा, आप सभी को पता है कि मैंने कार्यकर्ता के तौर पर लंबा समय पंजाब में बिताया। उस दौरान कई बार हरमंदिर साहब पर मत्था ठेकने का मौका मिला। उनका कहना था, हमें गुरु गोविंद सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व को मनाने का सौभाग्य मिला। हमें गुरु तेग बहादुर जी के 400वां प्रकाश पर्व को मनाने का सौभाग्य मिला। तीन वर्ष पहले हमने गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश उत्सव भी पूरे उल्लास से देश और विदेश में मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा, जो मार्गदर्शन देश को सदियों पहले गुरुवाणी से मिला था, वो आज हमारे लिए परंपरा भी है, आस्था भी है, और विकसित भारत का विजन भी है। उनके अनुसार, प्रकाश पर्व का जो बोध सिख परंपरा का रहा है, जो महत्व रहा है आज देश भी उसी तन्मयता से कर्तव्य और सेवा परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। ए मेरा सौभाग्य है कि मुझे लगातार इन अलौकिक आयोजनों का हिस्सा बनने का, सेवा में सहभागी होने का अवसर मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि हर प्रकाश पर्व का प्रकाश देश के लिए प्रेरणापुंज का काम कर रहा है। मोदी ने कहा, हमारा प्रयास रहा है कि हम सिख परंपराओं और सिख विरासत को सशक्त करें। प्रधानमंत्री ने कहा, विभाजन में हमारे पंजाब के लोगों ने, देश के लोगों ने जो बलिदान दिया, उनकी स्मृति में देश ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की शुरुआत भी की है... विभाजन के शिकार सिख और हिंदू को हमने सीएए कानून बनाकर नागरिकता देने का प्रयास किया है।

## शिरोमणि अकाली दल ने बीबी जागीर कौर को पार्टी से निष्कासित किया

**भाषा।** चंडीगढ़

**शिरोमणि अकाली** दल (शिअद) ने सोमवार को बीबी जागीर कौर को पार्टी से निष्कासित कर दिया, क्योंकि वह नौ नवंबर को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के अपने फैसले के बारे में स्पष्टीकरण के लिए अनुशासन समिति के सामने पेश होने में विफल रहीं। इस कदम की घोषणा पार्टी की अनुशासन समिति के प्रमुख सिकंदर सिंह मलूका ने यहां की। एसजीपीसी के अध्यक्ष पद के लिए नौ नवंबर को होने वाला चुनाव लड़ने के लिए कौर के अपने रुख पर कायम रहने के बाद शिअद ने यह कार्वाई की है। शिअद ने कौर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कारण बताओ नोटिस का जवाब देने और सोमवार दोपहर तक यहां पार्टी मुख्यालय में पेश होने को कहा था।


मलूका ने सोमवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें अपना रुख स्पष्ट करने का मौका दिया था लेकिन वह जवाब देने में विफल रहीं। मलूका ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारे पास उनके खिलाफ कार्वाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। अनुशासन समिति ने आज उन्हें पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया। पार्टी में उनकी प्राथमिक सदस्यता रद्द कर दी गई है। पार्टी में उनकी सेवाएं अब समाप्त हो गई हैं। पार्टी का अब बीबी जागीर कौर के साथ कोई लेना-देना नहीं है। पिछले हफ्ते, कौर को पार्टी की इच्छा के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी जताने के बाद पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। शिअद ने पहले कौर को पार्टी विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम जारी करते हुए कहा था कि इसमें विफल रहने पर उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्वाई की जाएगी। हालांकि, कौर ने पार्टी द्वारा उन्हें दो मौके देने के बावजूद कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया।

### सुप्रिया सुले पर टिप्पणी: राकांपा कार्यकर्ताओं का मंत्री अब्दुल सत्तार के खिलाफ प्रदर्शन

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने को लेकर महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार के आवास के बाहर सोमवार को प्रदर्शन किया। आलोचनाओं का सामना कर रहे सत्तार ने कहा कि यदि उनकी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सुले के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की थी। सत्तार, राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत बालासाहेबबांची शिवसेना से हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने महिलाओं के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की थी। औरंगाबाद जिला स्थित सिल्लोद विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे सत्तार ने सुले का जिक्र करते हुए कथित तौर पर एक अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था, जब संवाददाताओं ने उनसे खोखे (रुपए के बक्से) तंज के बारे में सवाल किया था।

# इमरान पर हुए हमले की दर्ज हो एफआईआर: पाक सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पंजाब प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक को निर्देश दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुए हमले के मामले में 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज की जाए।

रविवार को, खान ने कहा था कि उनकी हत्या के प्रयास के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है क्योंकि अधिकारी तब तक मामला दर्ज न करने की बात कह रहे हैं जब तक कि वह शिकायत से सेना के एक जनरल का नाम नहीं हटा देते। बृहस्पतिवार को दाहिने पैर में गोली लगने से घायल खान को सफल सर्जरी के बाद रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 70 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री अब लाहौर में एक निजी आवास में हैं। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के पुलिस प्रमुख फैसल शाहकर को 24 घंटे के भीतर खान पर हमले की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने कहा कि अगर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो शीर्ष अदालत स्वत: संज्ञान लेगी। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिए उच्चतम न्यायालय की लाहौर रजिस्ट्री से सुनवाई में शामिल हुए शाहकर से यह भी पूछा कि प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं की गई। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा, हमें बताओ कि प्राथमिकी कब दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज न करने का कोई ठोस कारण होना चाहिए। उन्होंने कहा, महानिरीक्षक साहिब, आप अपना काम करिए। यदि कोई हस्तक्षेप करेगा तो फिर अदालत हस्तक्षेप करेगी।

इस बीच, पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के नेता फवाद चौधरी ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश को न्याय की दिशा में पहला कदम करार दिया। पंजाब सरकार से इस्तीफा देने का फैसला कर चुके और प्रांत के मुख्यमंत्री परवेज इलाही के नेतृत्व वाली मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था के साथ काम करने से इनकार करने वाले शाहकर ने अदालत से कहा,"हमने प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री से बात की है और उन्होंने कुछ आपत्तियां व्यक्त की हैं। उन्होंने आगे कहा कि घटना में मारे गए व्यक्ति के परिजनों की शिकायत पर भी प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। पीटीआई के प्रमुख खान ने आरोप लगाया है कि उन पर हुए हमले के पीछे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल नसीर का हाथ है। उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है क्योंकि कुछ लोग (कुछ नामों से) डरते हैं।

## सत्ता के दुरुपयोग को रोकने के लिए इमरान ने राष्ट्रपति अल्वी को लिखा पत्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को पत्र लिखकर कहा है कि वह सरकार में दुष्ट तत्वों के हाथों सत्ता के दुरुपयोग को रोकने के लिए तत्काल कार्वाई करें। रविवार को राष्ट्रपति को लिखे एक पत्र में, खान ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार हटने के बाद से, देश को झूठे आरोपों, उत्पीड़न, गिरफ्तारी और हिरासत में प्रताड़ना के बढ़ते मामलों का सामना करना पड़ा है। एक्सप्रेस ट्रब्यून अखबार के अनुसार, 70 वर्षीय खान ने आरोप लगाया है कि गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह उन्हें बार-बार जान से मारने की धमकी देते रहे हैं और उन्हें सूचना मिली थी कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह तथा एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी द्वारा उनकी हत्या कराने की साजिश रची जा रही है। खान ने कहा, इस हफ्ते की शुरुआत में हमारे लॉन्ग मार्च के दौरान साजिश को अंजाम दिया गया, लेकिन अल्लाह ने मुझे बचा लिया और हत्या का प्रयास विफल हो गया। उन्होंने राष्ट्रपति से कहा कि वह पाकिस्तान की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली इन गंभीर चीजों का संज्ञान लें। पाकिस्तान के राष्ट्रपति अल्वी पीटीआई से ही जुड़े थे। खान ने उनसे आग्रह किया कि वह दोषियों की पहचान करने के लिए जांच का नेतृत्व करें और घटना के जिम्मेदार लोगों को दंडित कराएं।



नॉर्थ कोरिया की सरकार ने मिसाइल परीक्षण के जारी किए चित्र



इजिप्ट में होने वाले सम्मेलन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूएई के क्राउन प्रिंस अल शेख से मुलाकात करते हुए

## सिंगापुर में काम करने भारत से भी प्रमुखता से आते हैं डॉक्टर :मंत्री

**सिंगापुर।** सिंगापुर के अस्पतालों में काम के बोझ को कम करने के लिए जिन पांच देशों से प्रमुख रूप से विदेशी योग्य चिकित्सकों को बुलाया जाता है, उनमें भारत भी शामिल है। सिंगापुर की संसद में यह जानकारी दी गई। वरिष्ठ स्वास्थ्य राज्य मंत्री जनिल पुथुचियारी ने कहा कि सिंगापुर में जिन देशों से डॉक्टरों को लाया जाता है उनमें भारत, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन और ब्रिटेन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय मेडिकल कॉलेज, सिंगापुर में डॉक्टरों के लिहाज से प्रमुख स्रोत हैं, लेकिन अस्पतालों में कामकाज के बोझ को कम करने के लिए विदेशी डॉक्टरों की भी सेवाएं ली जाती हैं। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार स्थानीय चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में सीटों की संख्या बढ़ाने के सवाल पर पुथुचियारी ने कहा कि सिंगापुर के चिकित्सा संस्थानों ने 2010 से 2019 तक अपनी संयुक्त सीट संख्या करीब 60 प्रतिशत बढ़ाई है।

# दक्षिण कोरिया, अमेरिका से मुकाबले के अभ्यास के लिए किए मिसाइल प्रक्षेपण: उत्तर कोरिया

**एपी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया की सेना ने सोमवार को कहा कि उसने हाल में मिसाइल परीक्षण अपने प्रतिद्वंद्वियों दक्षिण कोरिया और अमेरिका के हवाई अड्डों जैसे ठिकानों को निशाना बनाने और उनके ऑपरेशन कमांड सिस्टम को पंगु बनाने की तैयारी के तौर पर किए थे। उत्तर कोरिया की यह घोषणा उनके नेता किम जोंग-उन की उनके प्रतिद्वंद्वियों के सैन्य अभ्यास के विस्तार के आगे घुटने न टेकने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि किम ने अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण करने और दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका से भविष्य में कोई भी वार्ता में अपना पक्ष मजबूत करने के लिए ऐसा किया है। उत्तर कोरिया ने पिछले हफ्ते दर्जनों मिसाइलें दागीं और युद्धक विमानों का अभ्यास किया, जिस कारण दक्षिण कोरिया और जापान के कुछ क्षेत्रों से लोगों को निकालने के लिए अलर्ट जारी किया गया था। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के विरोध में यह प्रक्षेपण किए थे। उत्तर कोरिया इस तरह के अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताता है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने इस कार्वाई पर कहा था कि वे अपने संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक बढ़ाएंगे। उन्होंने उत्तर कोरिया को आगाह किया कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से किम के शासन का अंत होगा। सरकारी मीडिया ने कोरियाई पीपुल्स आर्मी के जनरल स्टाफ के हवाले से कहा, कोरियाई पीपुल्स आर्मी के इस तरह के हालिया सैन्य अभियान (उत्तर कोरिया को) एक स्पष्ट जवाब है कि दुश्मनों की उत्तेजक सैन्य चालें जितनी उग्रता से जारी रहेंगी, उतने ही उचित तरीके से एवं निर्ममता से केपीए उसका मुकाबला करेगा। उत्तर कोरिया की सेना ने कहा कि उसने दुश्मन के ऑपरेशन कमांड सिस्टम को पंगु बनाने के मकसद से एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। उसने सुपर-लार्ज, मल्टीपल-लॉन्च मिसाइलों और सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों का भी प्रक्षेपण किया। उसने विशेष रूप से अमेरिकी सरजमीं को निशाने बनाने में सक्षम एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के एक कथित प्रक्षेपण का उल्लेख नहीं किया। हालांकि इसके मुख्य समाचार पत्र ने पिछले सप्ताह परीक्षण गतिविधियों के दौरान इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) जैसी मिसाइल की एक तस्वीर जारी की थी। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले हफ्ते किए गए प्रक्षेपण में कम दूरी तक मार करने वाले परमाणु-सक्षम हथियार शामिल थे जो दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य ठिकानों सहित कई प्रमुख सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने में सक्षम हैं।

# कमजोर वैश्विक मांग, कोविड अंकुशों की वजह से अक्टूबर में चीन का व्यापार घटा

**एपी।** बीजिंग

**वैश्विक** मांग में कमी तथा कोविड महामारी की वजह से लगाए गए अंकुशों के चलते चीन के व्यापार में अक्टूबर में गिरावट आई है। कोविड अंकुशों की वजह से चीन में उपभोक्ताओं का खर्च घटा है जिसका असर व्यापार पर भी पड़ा है। सीमा शुल्क एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, चीन का निर्यात अक्टूबर में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 0.3 प्रतिशत घटकर 298.4 अरब डॉलर रह गया। सितंबर में चीन का निर्यात 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। अक्टूबर में चीन का आयात भी 0.7 प्रतिशत घटकर 213.4 अरब डॉलर पर आ गया। सितंबर में चीन का आयात 0.3 प्रतिशत बढ़ा था। चीन का वैश्विक व्यापार अधिशेष एक साल पहले की तुलना में 0.9 प्रतिशत बढ़कर 85.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विश्लेषकों का मानना है कि फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से वैश्विक मांग कम हुई है, इससे अभी चीन का व्यापार सुस्त रहने के आसार हैं। घरेलू मोर्चे पर चीन ने शून्य कोविड रणनीति अपनाई है। वायरस पर काबू के लिए कई शहरों को बार-बार बंद किया जा रहा है। इसकी वजह से कारोबार प्रभावित हुआ है और लाखों लोगों को अपने घरों में ही बंद रहना पड़ रहा है। अमेरिका के साथ शुल्कों को लेकर चीन का विवाद चल रहा है। इसके बावजूद अक्टूबर में अमेरिका को चीन का निर्यात 35.3 प्रतिशत बढ़कर 47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अमेरिकी वस्तुओं का आयात 52.4 प्रतिशत बढ़कर 12.8 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 29.9 प्रतिशत बढ़कर 34.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रूस से चीन का आयात दोगुना से अधिक होकर 10.2 अरब डॉलर रहा। रूस से चीन मुख्य रूप से तेल और गैस का आयात करता है। 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) को चीन का निर्यात 5.5 प्रतिशत बढ़कर 44.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं यूरोपीय संघ से आयात 15.5 प्रतिशत घटकर 21.4 अरब डॉलर पर आ गया। यूरोपीय संघ के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 38.1 प्रतिशत बढ़कर 22.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

● **फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से वैश्विक मांग कम हुई**

## भारत को 500 गीगावॉट की हरित ऊर्जा क्षमता के लिए 300 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को करीब 300 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। ऑर्थर डी लिटल (एडीएल) की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास 165 गीगावॉट की हरित ऊर्जा क्षमता पहले से है। भारत अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा जरूरत को नवीकरणीय पोर्टफोलियो से पूरा करने के लिए सही दिशा में अग्रसर है। एडीएल की रिपोर्ट पावरिंग इंडियाज एनर्जी विजन-2030 में कहा गया है कि भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए 300 अरब डॉलर के अतिरिक्त रणनीतिक निवेश की जरूरत है। रिपोर्ट के अनुसार, अगले दशक के दौरान भारत में बिजली की खपत सालाना 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और 2030 तक वार्षिक मांग 2,300 अरब यूनिट (बीयू) पर पहुंच जाएगी।

# दिखने लगने हैं एनपीए कम करने के प्रयासों के नतीजे, सरकारी बैंकों का मुनाफा बढ़ा: सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि फंसे कर्ज यानी गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) को कम करने के सरकार के प्रयासों के परिणाम अब दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सामूहिक रूप से 50 प्रतिशत बढ़कर 25,685 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, 2022-23 की पहले छमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों का शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत उछलकर 40,991 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सीतारमण ने ट्वीट किया, एनपीए को कम करने और पीएसबी की वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयास अब ठोस परिणाम दिखा रहे हैं।

उन्होंने कहा, सभी 12 सरकारी बैंकों का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 25,685 करोड़ रुपए और पहली छमाही में बढ़कर 40,991 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसमें सालाना आधार पर क्रमश: 50 प्रतिशत और 31.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि केनरा बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की तुलना में आलोच्य तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 2,525 करोड़ रुपए हो गया है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि कोलकाता स्थित यूको बैंक का शुद्ध लाभ भी चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 145 प्रतिशत बढ़कर 504 करोड़ रुपए हो गया।

वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध मुनाफा आलोच्य तिमाही में 58.70 प्रतिशत बढ़कर 3,312.42 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से दो...पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का मुनाफा नौ से 63 प्रतिशत घटा है। डूबे कर्ज के लिए ऊंचे प्रावधान की वजह से इन बैंकों के मुनाफे में कमी आई है।

वहीं 10 अन्य बैंकों का मुनाफा दूसरी तिमाही में 13 से 145 प्रतिशत बढ़ा है। यूको बैंक के मुनाफे में सबसे अधिक 145 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का तिमाही लाभ 103 प्रतिशत चढ़ा है।

# सेंसेक्स 235 अंक चढ़कर फिर 61,000 अंक के पार

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 235 अंक चढ़कर फिर 61,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच बैंक, वाहन और धातु शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से भी घरेलू बाजारों को समर्थन मिला।भारी उतार-चढ़ाव के बीच तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 234.79 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,185.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक ऊंचे में 61,401.54 अंत तक गया और नीचे में 60,714.34 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 85.65 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,202.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक सबसे अधिक 3.44 प्रतिशत चढ़ा। एसबीआई ने शनिवार को कहा कि कर्ज और ब्याज आय में मजबूती से उसका शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत बढ़कर 13,265 करोड़ रुपए रहा। यह बैंक का किसी तिमाही में अबतक का सबसे अधिक लाभ है।इसके अलावा टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, पावरग्रिड और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।इसके उलट नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, टाइटन, कोटक बैंक और डॉ. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.37 प्रतिशत तक की गिरावट रही।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार को स्पष्ट दिशा का इंतजार है। हालांकि, यह लाभ में बंद हुआ। दवा कंपनियों के शेयरों में नुकसान की भरपाई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और धातु शेयरों में लिवाली से हुई। तेजी में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अगुवा रहे। इसका कारण प्रमुख बैंकों का लाभ बेहतर रहना है। उन्होंने कहा, चीन में कोविड पाबंदियों के हटने की अफवाह और अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़ों से भी बाजार को समर्थन मिला है। हालांकि, निवेशकों को बाजार की दिशा के लिए अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों की प्रतीक्षा है। इसका कारण कंपनियों के तिमाही परिणामों के बाद घरेलू स्तर पर स्पष्ट रुख का अभाव है...। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल रुख और सकारात्मक घरेलू कारकों से बाजार धीरे-धीरे ऊपर चढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हालांकि बाजार के उच्चस्तर पर पहुंचने के साथ गति के अभाव के संकेत दिख रहे हैं। सभी चीजों को देखते हुए, हमारा मानना है कि प्रतिभागियों को शेयर चयन पर ध्यान देना चाहिए...। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.19 प्रतिशत टूटकर 98.38 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 45 पैसे चढ़कर 81.90 (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 1,436.25 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## जैव ऊर्जा कार्यक्रम 2025-26 तक रहेगा जारी, पहले चरण में होगा 858 करोड़ रुपए खर्च

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम 2025-26 तक जारी रखेगा। इसके लिए पहले चरण में 858 करोड़ रुपए का बजटीय खर्च निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के तहत बड़े पैमाने पर उपलब्ध बॉयोमास (कृषि अवशेष आदि), गोबर और औद्योगिक तथा शहरी जैव कचरे का उपयोग हो सकेगा। एमएनआरई ने एक बयान में कहा, नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने दो नवंबर, 2022 को राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम को अधिसूचित कर दिया है। एमएनआरई ने 2021-22 से 2025-26 के लिए राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम को जारी रखा है। कार्यक्रम को दो चरणों में क्रियान्वित करने की सिफारिश की गई है। पहले चरण के लिए 858 करोड़ रुपए के बजटीय खर्च को मंजूरी दी गई है। राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम में तीन उप-योजनाएं शामिल होंगी।

# जीएसटी में सिर्फ एक दर चाहते हैं पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन देबरॉय

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में सिर्फ एक दर का सुझाव दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि कराधान प्रणाली मुक्तता या छूट रहित होनी चाहिए। हालांकि, देबरॉय ने स्पष्ट किया है कि उनकी इस राय को ईएसी-पीएम का सुझाव नहीं माना जाए। देबरॉय ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र और राज्यों का कर संग्रह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 15 प्रतिशत है, जबकि सार्वजनिक ढांचे पर सरकार के खर्च की मांग कहीं ऊंची है।

उन्होंने कहा, जीएसटी पर यह मेरी राय है। कर की सिर्फ एक दर होनी चाहिए। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि हमें ऐसा कभी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि अभिजात्य प्रकृति और अधिक उपभोग वाले उत्पादों पर अलग-अलग कर दरें हटा दी जाएं, तो इससे मुकदमेबाजी कम होगी। देबरॉय ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि उत्पाद कोई भी हो, जीएसटी दर एक होनी चाहिए।

यदि हम प्रगतिशीलता दिखाना चाहते हैं तो यह प्रत्यक्ष करों के जरिए होनी चाहिए, जीएसटी या अप्रत्यक्ष करों के जरिए नहीं। उन्होंने कहा कि उनके इस विचार को ईएसी-पीएम का सुझाव नहीं समझा जाए। देबरॉय ने कहा कि जीएसटी को लागू करने से पहले आर्थिक मामलों के विभाग ने 17 प्रतिशत के जीएसटी राजस्व निरपेक्ष दर (आरएनआर) का अनुमान दिया था, लेकिन आज औसत जीएसटी 11.5 प्रतिशत है। ईएसी-पीएम के चेयरमैन ने कहा, या तो हम कर देने के लिए तैयार रहें या सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं की कम आपूर्ति के लिए। सरकार द्वारा जो कर मुक्तता या रियायत दी जाती है वह जीडीपी के 5-5.5 प्रतिशत के बराबर है।

उन्होंने कहा कि कर चोरी गैरकानूनी है, लेकिन मुक्तता या छूट के प्रावधान के जरिए कर से बचाव कानूनी रूप से सही है। देबरॉय ने सवाल किया कि क्या हमें इस तरह छूट की जरूरत है। जितना हम कर-मुक्तता देंगे यह उतना जटिल बनेगा। हमारा ऐसा सुगम कर ढांचा क्यों नहीं हो सकता, जिसमें किसी तरह का ऐसा प्रावधान नहीं हो। देबरॉय ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के बीच कृत्रिम अंतर को समाप्त किया जाना चाहिए। इससे प्रशासनिक अनुपालन का बोझ कम होगा।

# गंगा किनारे उतरे चांद-सितारे, 21 लाख दीपों से जगमग हुई काशी

**अयोध्या में दीपोत्सव के बाद काशी में मनायी गयी भव्य और अलौकिक देव दीपावली**

**ग्रीन आतिशबाजी देखने घाटों पर उमड़े सैलानी**

**लेजर शो ने किया मंत्रमुग्ध**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी





**शिव** की नगरी काशी में सोमवार शाम भव्य देव दीपावली मनायी गयी। सूर्यास्त के साथ ही उत्तर वाहिनी गंगा के तट पर प्रज्जवलित लाखों दीपों ने आलौकिक छटा बिखेरी। तकरीबन आठ किलोमीटर लंबे काशी के घाटों पर मानो आकाशगंगा के सितारे उतर आये हों। सभी महत्वपूर्ण घाटों पर भव्य महाआरतियों और घण्ट.घड़ियालों की ध्वनि से काशी की धरा पर देवताओं का स्वागत हुआ। गौरतलब है कि कल ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया था और अधिकारियों को समुचित निर्देश भी दिए थे। देव दीपावली के अवसर पर काशी का प्रत्येक घाट अलग.अलग रंग बिखेरता दिखा। कहीं लेज़र शो का आयोजन हुआए तो कही ग्रीन आतिशबाजियां देखने देश और दुनिया के सैलानी टकटकी बांधे दिखे। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट पर अमर जवान ज्योति की अनुकृति बनाकर देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मां गंगा की महाआरती में नारी शक्ति की भी अद्भुत तस्वीर देखने को मिली। यहां मुख्य अर्चक के रूप में कन्याओं ने गंगा मइया की पूजा.वंदना की।

**21 लाख दीपों से जगमग हुई पुण्यधरा काशी:**.देव दीपावली पर काशी नगरी में तकरीबन 21 लाख दीये जलाये गये। केवल काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर ही 10 लाख से अधिक दीये जलाये गये। इसमें आठ लाख दीये पश्चिमी तट पर स्थित 84 घाटों पर जबकिए दो लाख दीये पूर्वी तट की रेत पर जलाये गये। इसके अलावा गंगा.गोमती तट पर स्थित मार्कण्डेय महादेव के धाम से लेकर शूलटंकेश्वर मंदिर के समीप नदी तट को आकर्षक दीयों से सजाया गया। शिवपुर झीलए मोती झीलए जंसा क्षेत्र में रामेश्वर महादेव मंदिरए दुर्गाकुंड मंदिरए कर्दमेश्वर महादेव मंदिर तालाबए मैदागिन स्थित मंदाकिनी कुंडए संकुलधारा पोखराए बरेका स्थित सूर्य सरोवर के साथ ही वरुणा नदी के शास्त्रीघाट पर भी लाखों दीयों से जलनिधियों को जगमग किया गया।

**अलौकिक के साथ आधुनिक काशी का नजारा:**काशी में एक साथ 21 लाख दीयों के प्रज्जवलित होने से अलौकिक समा तो बंधा ही साथ ही चेत सिंह घाट पर पहली बार 3 डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से गंगा आवरण व देव दीपावली की कथा और लेज़र शो के माध्यम से भगवान शिव के चित्रात्मक भजन सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। देव दीपावली पर काशी के सभी मंदिरोंए यहां तक कि सड़क के विद्युत खंभों को भी आकर्षक झालरों से सजाया गया। काशी विश्वनाथ धाम के सामने गंगा पार रेत पर ग्रीन आतिशबाजी का भी लोगों ने जमकर आनंद लिया। इसके अलावा शहर के छह स्थानों पर घाटों की रौनक और महाआरतियों का सीधा प्रसारण किया गया।

**अध्यात्म के साथ राष्ट्रीयता का संदेश:** देव दीपावली महोत्सव ने अध्यात्म के साथ ही राष्ट्रीयता का भी संदेश दिया। दशाश्वमेध घाट पर अमर जवान ज्योति की अनुकृति पर जवानों को श्रद्धांजलि भी दी गई। यहां देश के वीर शहीद जवानों को सेना के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। लगभग सभी घाटों पर धार्मिक आयोजन हुएए धार्मिक कलाकृति देखने को मिली। घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

## गंगा आरती के साथ कार्तिक पूर्णिमा मेले का हुआ शुभारंभ

**डलमऊ** रायबरेली। राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेला और डलमऊ महोत्सव का कार्यक्रम गंगा आरती के साथ शुभारंभ हो चुका है। सोमवार को कस्बे के वीआईपी घाट पर मुख्यअतिथि राज्य मंत्री एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह व राज्य मंत्री विरेंद्र कुमार तिवारीए जिलाधिकारी माला श्रीवास्तवए अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ए नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ की मौजूदगी में विशाल गंगा आरती का आयोजन किया गया।इस दौरान अधिकारियों ने दीपदान कर मेले शुभारंभ किया। कस्बे के मियां टोला मे आयोजित नौ दिवसीय डलमऊ महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। डलमऊ महोत्सव में गीत एवं नाटक प्रभाग भारत सरकार लखनऊ के कलाकारों द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने मेला महोत्सव में स्थित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मेला महोत्सव में कलाकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप मे राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व राज्य मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने लुत्फ उठाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामदेव पालएएडीएम प्रशासन अमित कुमारएएडीएम पूजा मिश्रा एडिशनल एसपी विश्वजीत श्रीवास्तवएनगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ए एसडीएम आसाराम वर्माएअधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तवएतहसीलदार उमेश चंद्र एतहसीलदार सदर अभिनव पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

अम्बेडकरनगर। उपजिलाधिकारी पवन जयसवाल ने नवीन मंडी सिझौली में स्थिति क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया ।बताते चले कि सोमवार सदर एसडीएम पवन जयसवाल नवीन मंडी पहुँच गए ।वहाँ उन्होंने धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान एसडीएम को सारी व्यवस्था दुरुस्त मिली ।मौके पर किसान का धान तौला जा रहा था एडस्टर फैन चल रहा था एनमी मापक यंत्र भी ठीक पाया गया ।एसडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि किसी भी किसान को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।वही खाद्य विभाग व विपणन शाखा से संचालित क्रय केंद्र प्रभारी प्रेम नारायण दुबे ने अवगत कराया कि अभी तक कुल 90 कुंतल की खरीद की गई।

**हाइब्रेड धान की खरीद अब बन जायेगा किसानों के लिए मुसीबत:** वही केंद्र पर कुछ ऐसे भी किसान पहुँच रहे है ।जो हाइब्रेड धान को पैदा किए है।अब क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा उनसे बताया जा रहा कि हाइब्रेड धान पे सरकार ने नियम लागू कर दिया है कि जहाँ से धान का बीज क्रय किया हो एऔर कितनी मात्रा में बीज क्रय किया है उसका पक्का बिल क्रय केंद्र पर देने पर ही धान की खरीद हो पाएगी ।तब से किसानों की समस्या बढ़ गयी है ।

## देवबंद रेलवे स्टेशन को दिया जा सकता है बाला सुंदरी देवी मंदिर का रूप: रेल मंत्री

**भाषा।** सहारनपुर



**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने देवबंद रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने का ऐलान करते हुए सोमवार को कहा कि इस स्टेशन की इमारत को मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर का रूप देने पर विचार किया जा रहा है। देवबंद रेलवे स्टेशन पर जारी निर्माण कार्यों का जायजा लेने आए रेल मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशभर के 200 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाने की योजना में देवबंद रेलवे स्टेशन को भी जोड़ा जा रहा है।

अब इस स्टेशन को भी विश्व स्तरीय मानकों के हिसाब से विकसित किया जाएगा। वैष्णव स्टेशन पर निरीक्षण के बाद रेलमंत्री मां त्रिपुर बाला सुन्दरी देवी मन्दिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

रेल मंत्री ने कहा कि देवबंद रेलवे स्टेशन की इमारत को मां त्रिपुर बाला सुन्दरी देवी मंदिर का रूप देने के संबंध में भी विचार किया जा रहा है। मंदिर के डिजाइन को देखते हुए रेलवे स्टेशन को वह स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। इस बीच, इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारूल उलूम देवबंद के एक प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्री से मुलाकात की और विभिन्न ट्रेन का देवबंद में ठहराव करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने रेल मंत्री को देवबंद का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए उन्हें एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि देवबंद एक धार्मिक स्थान है, जहां देशभर से हजारों बच्चे पढ़ने आते हैं और प्रतिदिन हजारों लोग धार्मिक आस्था के चलते यहां पहुंचते हैं, इसलिए देवबंद रेलवे स्टेशन पर कई मुख्य ट्रेन का ठहराव होना बेहद जरूरी है।

## रेलवे ट्रैक पर 16 गोवंश की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**शाहजहांपु।** शाहजहांपुर जिले में रेलवे ट्रैक पर घूम रहे 16 गोवंश के कथित रूप से किसी अज्ञात ट्रेन से कटकर मरने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि थाना रोजा अंतर्गत लखनऊ-दिल्ली रेलवे लाइन पर दुर्गा एनक्लेव के पीछे सोमवार की सुबह ग्रामीण टहलने गए तो वहां 16 गोवंश कटे पड़े थे। सूचना पर रोजा पुलिस ने पहुंचकर क्रेन की सहायता से गोवंश को रेलवे ट्रैक से हटवाया। उन्होंने बताया कि गोवंश किस ट्रेन से कटे, यह पता नहीं लग पाया है। इस लाइन पर ज्यादा काफी अधिक ट्रेन की आवाजाही होती है। एएसपी ने कहा कि मरे हुए सभी गोवंश को जमीन में दफना दिया गया।

## एलआईसी कानपुर में मना सतर्कता जागरूकता सप्ताह



**कानपुर।** स्थानीय एलआईसी क्षेत्रीय कार्यालय फूलबाग में सतर्कता जागरूकता सप्ताह व्यापक रूप से मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान जागरूकता का संदेश फैलाने के लिए बीमाकर्ता द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में एलआईसी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत ष् पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की । एसएन सेन बालिका पीजी कॉलेजए माल रोडए कानपुर में शिक्षकों और छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या महोदया डॉ सुमन ने श्री पंकज कुमारए क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारीए क्षेत्रीय कार्यालयए कानपुर के नेतृत्व में एलआईसी टीम का स्वागत किया। एलआईसी टीम ने छात्रों के बीच जागरूकता के पूरे कार्यक्रम का संचालन किया और उनके भविष्य के प्रयासों में शानदार सफलता की कामना की। प्रतियोगिता के विजेताओं को एलआईसी द्वारा आकर्षक उपहारों से सम्मानित किया गया। एलआईसी ने सतर्कता जागरूकता के संदेश को फैलाने के लिए कर्मचारियों के बीच अपने कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किये ।

## बरेली में सरकारी जमीन पर आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बवाल

### 12 लोगों के खिलाफ मामला किया गया दर्ज

**भाषा।** बरेली

**बरेली** जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में सरकारी जमीन पर बिना अनुमति डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर कुछ स्थानीय लोगों और पुलिस-प्रशासन के बीच विवाद हो गया। इस दौरान जमकर पथराव किए जाने के बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि करीब 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने प्रतिमा और चबूतरा हटा दिया। पुलिस के अनुसार सिरौली थाना के मोहल्ला साहूकारा में रविवार की रात कुछ लोगों ने सरकारी (ग्राम समाज) की भूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। सोमवार की सुबह पुलिस प्रशासन को मामले की सूचना मिली तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर प्रतिमा हटाने के लिए लोगों को राजी कर लिया। इस बीच कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को आगे कर दिया गया जो प्रतिमा हटाने के लिए राजी नहीं थीं। इसके बाद विवाद बढ़ गया और पथराव होने लगा। जमकर पथराव होने पर स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और आंसू गैस छोड़ कर लोगों को तितर-बितर किया। पुलिस के अनुसार मामले की सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) वेद प्रकाश मिश्रा व क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजय कुमार गौतम सिरौली थाने पर पहुंचे। भीम आर्मी के नेता विपिन सागर आदि भी वहां पहुंच गए। एसडीएम ने समझाया कि बिना किसी अनुमति के किसी भी सरकारी भूमि पर प्रतिमा स्थापित नहीं हो सकती और इसके बाद लोग प्रतिमा हटाने को राजी हो गए। अनुमति लेकर ही प्रतिमा स्थापित करने को राजी हुए लोगों के साथ जब स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां पर कुछ महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया।

स्थिति खराब होते देख सीओ ने कई थानों से पुलिस बल को बुला लिया। एसडीएम ने नगर पंचायत सिरौली के अधिशासी अधिकारी श्याम भजन सरोज और सभी सफाई कर्मचारियों को वाहन समेत बुला लिया। पुलिस के मुताबिक पंचायत कर्मियों ने जैसे ही प्रतिमा को हटाना शुरू किया, महिलाएं आक्रोशित हो गईं। गौतम ने बताया कि प्रशासन ने आसपास के घरों की छतों पर पुलिस तैनात कर प्रतिमा हटाना शुरू किया तो आक्रोशित महिलाओं ने लाठी-डंडे लेकर पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जवाबी कार्वाई के तहत बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे महिलाएं पीछे हट गईं।

### आंबेडकर प्रतिमा पर कालिख पोतने का विरोध कर रही महिलाओं पर लाठीचार्ज

**अयोध्या।** आंबेडकर नगर जिले के जलालपुर मे डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोते जाने के विरोध के दौरान कथित रूप से एक महिला कांस्टेबल पर हमला करने वाली भीम आर्मी संगठन की दलित महिला कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज किया गया। पुलिस सूत्रो ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रो ने यहां बताया कि आंबेडकर नगर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के वाजिदपुर मे रविवार को कुछ अराजक तत्वो ने आंबेडकर की एकप्रतिमा पर कालिख पोत दी। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या मे महिलाओ समेत कई लोग मौके पर जमा हो गए और घटना का विरोध करते हुए दोषियो की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। भीड़ मे भीम आर्मी संगठन की कई कार्यकर्ताएं भी शामिल थी। पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि विरोध कर रही महिलाओ ने उग्र रुख अख्तियार कर लिया और एक महिला पुलिसकर्मी पर हमला किया। इस पर पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। मौके पर स्थिति सामान्य है। जलालपुर के उप जिलाधिकारी हरि शंकर लाल ने बताया कि पुलिस आंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने वालो की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## ट्रक ने दो बहनों को रौंदा, एक की मौत

**आगरा।** आगरा के एत्माद्दौला थाना क्षेत्र में रामबाग मार्ग पर गोयल मोड़ के पास सोमवार दो बजे दो बहनें एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं जिससे बड़ी बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी घायल हो गई। हादसा तब हुआ जब दोनों बहनें सड़ं2392ी पार कर रही थीं। पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में थाना एत्माद्दौला इंसपेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि छोटी बहन का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत में सुधार है। उन्होंने कहा कि मृतक युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के संबंध में अभी परिजनों की ओर से तहरीर आने का इंतजार है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक और खलासी (क्लीनर) को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों बहनें सोमवार को शिकोहाबाद से परिचित के घर गमी में शामिल होने जा रही थीं। लेकिन ट्रांस यमुना कालोनी स्थित गोयल अस्पताल के मोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों बहनों को चपेट में ले लिया। पुलिस ने बताया कि फिरोजाबाद निवासी सीमा (उम्र 35 वर्ष) अपनी चचेरी बहन मधु अग्रवाल पत्नी मोहित अग्रवाल निवासी शिकोहाबाद के साथ गोयल मोड़ के पास सड़ं2392ी पार कर रही थीं, तभी तेजी से आते एक ट्रक ने दोनों बहनों को चपेट में ले लिया। सीमा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और छोटी बहन मधु गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें पास ही अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कार सवार व्यक्ति की मौत, चार अन्य घायल:** मुजफ्फरनगर (उप्र), सात नवंबर (भाषा) मुजफ्फरनगर जिले के भोपा क्षेत्र में एक ट्रैक्टर की ट्रॉली की टक्कर से कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि भोपा-मोरना मार्ग पर रविवार देर रात लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार बादल (23) नामक युवक की मृत्यु हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि कार सवार सभी लोग नहान उत्सव पर गंगा में स्नान के लिए शुक्रताल जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## गोल्डी के आजमगढ़ डिपो का शुभारम्भ



**आजमगढ़।** सुप्रसिद्ध मसालों के निर्माता गोल्डी मसाले प्रा0 लि0 कानपुर के आजमगढ़ डिपो का शुभारम्भ बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कानपुर से विशेष रूप से पधारे कम्पनी के क्षेत्रीय बिक्री प्रबन्धक श्री अनिल आर्या जी द्वारा गणेश पूजन व दीप प्रज्जवलन करके किया गया। अपने उद्बोधन में अनिल आर्या ने गोल्डी समूह के निदेशकों वितरकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, बढ़िया क्वालिटी और वाजिब दाम के साथ बदलते मार्केटिंग परिवेश को ध्यान में रखते हुए टेक्नोलॉजीए उत्पादन विस्तार मार्केटिंग तथा प्रचार में जो नये.नये प्रयोग किये गये वहीं गोल्डी की सफलता के मूलमंत्र हैं। क्षेत्रीय बिक्री प्रबन्धक अनिल आर्या ने बताया कि प्रारम्भ से लेकर आज तक कम्पनी ने ग्राहकों के हित को सर्वोपरि रखा,जिसका परिणाम कानपुर से प्रारम्भ होकर गोल्डी मसाले आज पूरे भारत में अपनी प्रसिद्धि की धाक जमा चुका है । गोल्डी मसाले की मार्केटिंग की नीति का खुलासा करते हुए अनिल आर्या ने बताया कि गोल्डी ने अपने सभी वितरकों के मध्य समान मार्केटिंग सिस्टम से ही आज सफलता के इस मुकाम पर अपनी जगह बनाई है। साथ.साथ कम्पनी की प्रगतिए पैकेजिंगए निर्माणए नेटवर्क पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया गया और देश के साथ विदेशों में भी गोल्डी मसाले की महक को बढ़ाने पर बल दिया।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार फ्लाईओवर के नीचे गिरा, मौत

आगरा।आगरा में थाना सिकंदरा क्षेत्र अंतर्गत बोदला फ्लाईओवर पर कूड़ा उठाने वाली गाड़ी की टक्कर के टक्कर मारने पर बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार युवक फ्लाईओवर के नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। थाना सिकंदरा इंसपेक्टर आनंद कुमार शाही ने बताया कि मृतक की शिनाख्त रोहित निवासी किरावली के रूप में हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हादसा तब हुआ जब पीछे से आ रही नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने बुलेट सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक बुलट से उछलकर फ्लाईओवर के नीचे आ गिरा जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है। शाही ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी छोड2392र मौके से फरार हो गया।

**बांदा में 24 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला:** बांदा। बांदा जिले के बदौसा थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवक ने बबूल के पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। हालांकि, युवक के परिजनों ने हत्याकर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदौसा थाने के कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) कृपाशंकर मिश्रा ने बताया कि सोमवार सुबह बबूल के पेड़ से बंधे रस्सी के फंदे के सहारे लटके शव को बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि शव की पहचान सुशील यादव (24) पुत्र गोरेलाल के रूप में हुई है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया कि अपने ही गांव की एक लड़की से युवक का प्रेम प्रसंग पहले से चल रहा था और रविवार शाम लड़की के परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया था। मिश्रा ने कहा, प्रेम प्रसंग के खुलासे पर युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मिश्रा ने बताया कि युवक सुशील के परिजनों का आरोप है कि लड़की पक्ष ने हत्या करने के बाद शव को पेड़ से लटका दिया, लेकिन पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

**शादी से इनकार करने पर किशोरी की गला दबाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार:** मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के भोपा क्षेत्र में कथित रूप से शादी से इनकार करने पर 14 साल की एक लड़की की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने रिपोर्ट के हवाले से सोमवार को बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में सोनू बंजारा नामक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाली प्रियांशी (14) नामक किशोरी की रविवार को गला दबाकर हत्या कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि प्रियांशी पिछले शनिवार से लापता थी। रविवार को उसका शव गन्ने के खेत से बरामद किया गया। लड़की के पिता का आरोप है कि सोनू उसकी बेटी पर शादी के लिए दबाव बना रहा था, मगर उसने इस विवाह से इंकार कर दिया था।

## पाकिस्तान जिंदाबाद नारे लगाने का वीडियो वायरल, छह गिरफ्तार

**आजमगढ़।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं की एक बैठक के बाद कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद यह गिरफ्तारी हुई। इस वीडियो में कथित रूप से दिखाया गया है कि पिछले हफ्ते स्थानीय निकाय चुनाव के लिए जहानागंज में बसपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक के बाद कुछ लोग पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान नाम सामने आने के बाद शनिवार को छह लोगों- मोहम्मद अफजल, खुर्शीद अहमद, पप्पू खान, मकसूद आलम, अब्दुल वसीद और जुबैर अहमद को गिरफ्तार किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शैलेंद्र लाल ने बताया कि इनके खिलाफ बिना अनुमति लिए जुलूस निकालने और आपत्तिजनक नारे लगाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस वायरल वीडियो के फुटेज की जांच कर रही है और इस मामले में कुछ और लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

# पंत को सेमीफाइनल में मिल सकता है मौका

## मुख्य कोच द्रविड़ ने संकेत दिए

भाषा। मेलबर्न

**ऋषभ पंत** ने जिंबाब्वे के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन किया लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए यह चिंता का विषय नहीं है और उन्होंने संकेत दिए इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को मौका मिल सकता है। पंत को पहले चार मैचों में मौका नहीं दिया गया था, जिनमें दिनेश कार्तिक को उतारा गया था जो कि संभवत अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे हैं। कार्तिक इस टूर्नामेंट में फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। कार्तिक ऑस्ट्रेलिया कि गेंदबाजों के अनुकूल पिचों पर नहीं चल पाए जिसके कारण पंत को मौका दिया गया। द्रविड़ ने जिंबाब्वे के खिलाफ 71 रन से जीत के बाद कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें एक मैच के आधार पर खिलाड़ी का आकलन करना चाहिए। हम उन्हें खिलाते हैं या नहीं यह एक मैच के प्रदर्शन पर आधारित नहीं होता है। पंत ने जिंबाब्वे के खिलाफ मैच में केवल तीन रन का योगदान दिया। द्रविड़ ने पर्याप्त संकेत दिए कि पंत को उतारने का फैसला कुछ खास कारणों से ही नहीं लिया जाएगा क्योंकि वह संभवत: इसे सेमीफाइनल में लेकर स्पिनर आदिल राशिद के मैच अप के रूप में देख रहे हैं। द्रविड़ ने कहा, कई बार मैच अप को ध्यान में रखकर ऐसा किया जाता है। हमें यह देखने की जरूरत होती है किसी खास गेंदबाज के खिलाफ हमें किस तरह के कौशल की जरूरत पड़ेगी। इसलिए इस तरह के फैसलों में कई तरह की चीजें जुड़ी होती हैं। उन्होंने फिर से दोहराया टीम प्रबंधन ने पंत पर से कभी भरोसा नहीं खोया था। द्रविड़ ने कहा, ऐसा नहीं है कि हमने कभी पंत पर से भरोसा खोया। हमें टीम में शामिल सभी 15 खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है लेकिन केवल 11 खिलाड़ी खेल सकते हैं और यह संयोजन पर निर्भर करता है। अगर वह यहां है और विश्वकप टीम का हिस्सा है तो इसका मतलब है कि हमें उन पर बहुत भरोसा है। इसका मतलब है कि उन्हें किसी भी समय अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। मुख्य कोच ने कहा, आप केवल एक मैच में 11 खिलाड़ियों के साथ ही खेल सकते हैं। ऐसे में कुछ खिलाड़ियों को बाहर रहना पड़ता है। ऋषभ भी इनमें से एक है। उसने नेट्स पर काफी बल्लेबाजी की है तथा उसने विकेटकीपिंग का भी जमकर अभ्यास किया है ताकि वह तैयार रहे। द्रविड़ बाएं हाथ के स्पिनर सीन विलियम्स के खिलाफ पंत के रवैए से खुश हैं भले ही वह अपने शॉट को सही तरह से नहीं खेल पाए थे। निश्चित तौर पर आज उसका रवैया काम नहीं आया लेकिन मैं इससे परेशान नहीं हूं क्योंकि मुझे लगता है कि उसने सही फैसला किया था। उसकी भूमिका बाएं हाथ के स्पिनर पर हावी होकर खेलना था और उसने ऐसा किया। कभी आप इसमें सफल होते हैं तो कभी नाकाम। द्रविड़ ने इसके साथ ही था कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर जानबूझकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया क्योंकि एडिलेड में होने वाले सेमीफाइनल से पहले वह स्कोर का बचाव करने के बारे में सोच रहे थे। कुछ चीजें जो हम करना चाहते थे उनमें मौका मिलने पर पहले बल्लेबाजी करना भी शामिल था। निश्चित तौर पर इसके लिए हमारा टॉस जीतना जरूरी था। हमने यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले गेंदबाजी की थी लेकिन अब हम यह देखना चाहते थे कि इस तरह की परिस्थितियों में हम स्कोर का बचाव कैसे करते हैं। इसके साथ ही द्रविड़ यह भी चाहते थे कि उनके बल्लेबाज पूरे 20 ओवर तक बल्लेबाजी करें। इसके अलावा हमें यह भी लगा कि अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो हमें सभी 20 ओवर खेलने का मौका मिलेगा। द्रविड़ से जब एडिलेड ओवल में युजवेंद्र चहल को मौका दिए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जैसा मैंने पहले कहा कि सभी 15 खिलाड़ियों को लेकर हमारी राय स्पष्ट है। हमारा मानना है कि जो 15 खिलाड़ियों में शामिल है उसके रहने से हम किसी तरह से कमजोर नहीं होते हैं। भारतीय कोच ने कहा कि एडिलेड की पिच को देखने के बाद ही अंतिम एकादश के बारे में फैसला किया जाएगा क्योंकि इस मैदान पर बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच में स्पिनरों ने अहम भूमिका निभाई थी। हम वहां जाकर परिस्थितियों को देखने के बाद फैसला करेंगे। हमने वहां आज (रविवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच) मैच में देखा कि पिच थोड़ा धीमा खेल रही है तथा गेंद टर्न भी ले रही है।



### इंग्लैंड के खिलाफ एक्स फैक्टर पंत को भारतीय टीम में देखना चाहते हैं शास्त्री



**मेलबर्न।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री चाहते है कि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल मे टीम विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर उतरे जो छोटी बाउंड्री वाले एडीलेड ओवल पर टीम का एक्स फैक्टर साबित होगे। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से खेलेगी। पूर्व कोच का मानना है कि पंत मैच विनर है और फिनिशर की भूमिका बखूबी निभा सकता है। पंत ने इस टूर्नामेंट मे एकमात्र मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला और तीन रन पर आउट हो गए। शास्त्री ने स्टार स्पोटर्स से कहा , दिनेश (कार्तिक) टीम का खिलाड़ी है लेकिन इंग्लैड या न्यूजीलैड के गेंदबाजी आक्रमण को देखते हुए आपको आक्रामक खब्बू बल्लेबाज की जरूरत है। उसने इंग्लैड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है और हाल ही में वनडे मैच जिताया है। मै पंत को चुनूंगा क्योकि वह सेमीफाइनल में एक्स फैक्टर साबित हो सकता है। एडीलेड मे बाउंड्री छोटी है और बाएं हाथ का बल्लेबाज काफी उपयोगी साबित हो सकता है। दाहिने हाथ के बहुत सारे बल्लेबाज होने से विविधता नही रह जाती। इंग्लैड के पास अच्छा आक्रमण है और ऐसे में खब्बू बल्लेबाज उपयोगी साबित होगा।

# आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए कोहली

भाषा। दुबई



### सबसे यादगार शॉट्स में से एक : कोहली के छक्के पर बोले पोंटिंग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिग का मानना है कि हारिस रऊफ की गेंद पर कोहली का स्ट्रेट ड्राइव पर लगाया गया छक्का टी20 विश्व कप के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ शॉट्स मे से एक कहलाएगा। कोहली ने फाइन लेग पर वह छक्का लगाया था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच के 19वें ओवर में दो छक्के लगाकर जीत का मार्ग प्रशस्त किया था। कपोंटिग ने टी20 विश्व कप की वेबसाइट पर कहा , यह टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे चर्चित शॉट्स मे से एक रहेगा। उन्हें पता होगा कि आखिरी ओवर स्पिनर डालेगा। इससे साबित होता है कि 19वें ओवर की आखिरी दो गेंद कितनी अहम थी।

**भारत के स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में शानदार प्रदर्शन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का अक्टूबर महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार को महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। निदा ने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत की जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को पछाड़ा। भारत की एशिया कप में खिताब जीत के दौरान इन दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। मीडिया प्रतिनिधियों, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और पंजीकृत प्रशंसकों के बीच हुए वैश्विक मतदान के बाद कोहली और निदा को विजेता घोषित किया गया। कोहली ने अक्टूबर में 205 रन बनाकर पहले बार आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया। सिडनी में नीदरलैंड के खिलाफ शानदार अर्धशतक से पहले उन्होंने मेलबर्न में खचाखच भरे स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतक जड़कर भारत को रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोहली को पहली बार इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और जिंबाब्वे के सिकंदर रजा को पछाड़ा। इन दोनों ने भी टी20 विश्व कप में अपनी टीम की ओर से अहम योगदान दिया। कोहली ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, अक्टूबर महीने के लिए, आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है।

### लक्ष्य ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने गले में संक्रमण के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अल्मोड़ा के रहने वाला यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हाइलो ओपन से ठीक पहले बीमार हो गया था। उन्होंने हालांकि इस टूर्नामेंट में भाग लिया था लेकिन वह पहले दौर में ही हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस से हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 15 से 20 नवंबर के बीच सिडनी में खेला जाएगा।

### परेरा की गोल से पीएसजी ने लोरिएंट को हराया

**पेरिस।** डिफेंडर डैनिलो परेरा के आखिरी क्षणों मे किए गए गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लोरिएंट को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपनी मजबूत बढ़त कायम रखी। परेरा ने खेल के 81वें मिनट में नेमार की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल किया। नेमार ने नौवें मिनट मे पीएसजी के लिए पहला गोल किया था। इस जीत से पीएसजी ने दूसरे स्थान पर काबिज लेंस पर पांच अंकों की बढ़त बरकरार रखी।

### देसवाल चमके, पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को हराया

**पुणे।** रेडर अर्जुन देसवाल के शानदार प्रदर्शन से जयपुर पिंक पैंथर्स ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा को 42-39 से हरा दिया। देसवाल ने 15 रेड अंक बनाए। अंकुश ने पांच टैकल अंक जुटाकर उनका अच्छा साथ निभाया जिससे जयपुर की टीम कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करने मे सफल रही।

### आईओए ने चुनाव से पहले आठ दिग्गज खिलाड़ियों को आवेदन का न्योता दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने दस दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिए आठ दिग्गज खिलाड़ियों के आवेदन मंगवाए है। आईओए की दस नवंबर को होने वाली आमसभा की विशेष बैठक से पहले आवेदन मंगवाने के लिए न्योता दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन आठ खिलाड़ियों में छह पुरूष और दो महिलाएं होंगी जिन्हें कार्यकारी परिषद के चुनाव मे मतदान का अधिकार होगा।

### एआईएफएफ ने 50 पेशेवर रेफरी रखने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का इरादा अपनी पुनर्गठन योजनाओ के तहत पूर्णकालिक आधार पर 50 पेशेवर रेफरी रखने का है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने सोमवार को यह बात कही। एआईएफएफ रेफरी समिति की बैठक यहां फुटबॉल हाउस में हुई और इसकी अध्यक्षता फीफा के पूर्व रेफरी माइकल एंड्रयूज ने की। चौबे ने समिति को अपने संदेश में पेशेवर रेफरी की संख्या बढ़ाने की अपनी योजना के बारे में बताया ताकि उन्हें अपने कौशल पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल सके। हम कई सुधार करेंगे और रेफरी के मामले में अपने काम करने के तरीके का पुनर्गठन करेंगे। कुल मिलाकर हम अलग तरह की रणनीति अपनाने इरादा रखते है क्योंकि अगर हम वही करते रहे जो हम कर रहे थे तो हमें उसी तरह के परिणाम मिलेंगे। हम अपने अधिक रेफरियों को बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अधिकारी की भूमिका निभाते हुए देखना चाहते है जिससे कि भारत को गर्व हो।

# सबालेंका ने स्वियातेक को हराया

## फाइनल में गर्सिया से भिड़ेंगी



भाषा। फोर्ट वर्थ

आर्यना सबालेंका ने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक के चोटी की 10 खिलाड़ियों के खिलाफ 15 मैचों से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने तीन सेट तक चले मुकाबले में स्वियातेक को 6-2, 2-6, 6-1 से हराया। फाइनल में सबालेंका का सामना कैरोलिन गार्सिया से होगा, जिन्होंने मारिया सक्कारी को 6-3, 6-2 से हराया। सबालेंका सत्र की अंतिम प्रतियोगिता का खिताब जीतने वाली दूसरी फ्रांसीसी खिलाड़ी बनने की कवायद में हैं। फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन चैंपियन स्वियातेक के पास लगातार सर्वाधिक बार शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराने के स्टैफी ग्राफ के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका था। ग्राफ ने 1987 में चोटी की 10 खिलाड़ियों पर लगातार 17 मैच जीते थे। युगल में मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा और कटरीना सिनियाकोवा ने भी ल्युडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको को 7-6 (5), 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### बार्टी का टेनिस में वापसी का कोई इरादा नहीं

**मेलबर्न।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी का टेनिस में वापसी करने या किसी अन्य खेल को अपनाने का कोई इरादा नहीं है। मेलबर्न पार्क में अपनी आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी उच्च स्तर के खेलों में वापसी करने की कोई इच्छा नहीं है और भविष्य में भी वह ऐसा नहीं करेंगी। इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाली बार्टी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, नहीं मेरा वापसी का कोई इरादा नहीं है। मैंने जो हासिल करना था कर लिया है। बार्टी ने तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वहां 121 सप्ताह तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। उन्होंने ब्रिसबेन हीट की तरफ से पेशेवर क्रिकेट भी खेला है और वह गोल्फ में खेलती रही हैं। इससे कयास लगाए जा रहे थे कि टेनिस छोड़ने के बाद वह किसी अन्य खेल में हाथ आजमा सकती हैं।

# सूर्य नया मिस्टर 360, उसके बिना 140-150 रन बनाने के लिए जूझना होगा

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व महान** बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि सूर्यकुमार यादव नए मिस्टर 360 डिग्री (मैदान में चारों तरफ शॉट खेलने वाला खिलाड़ी) बन गए हैं और अगर वे विफल रहते हैं तो भारत को पर्याप्त रन बनाने के लिए जूझना पड़ेगा। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार ने अपने पहले ही टी20 विश्व कप में प्रभावित किया है और सुपर 12 चरण में उनके प्रभावी प्रदर्शन से भारत की सेमीफाइनल की राह आसान हुई। जिंबाब्वे के खिलाफ अंतिम सुपर 12 मैच में सूर्या ने 25 गेंद में नाबाद 61 रन बनाए। इंडिया टुडे ने गावस्कर के हवाले से कहा, इन प्रत्येक पारी में उसने 360 डिग्री पर रन बनाए। वह नया मिस्टर 360 डिग्री है। उसने विकेटकीपर की बाईं ओर से एक छक्का जड़ा जो शानदार था। अंतिम ओवरों में उसने गेंदबाज के कोण का फायदा उठाते हुए शॉट खेले। इसके अलावा लॉफ्टेड कवर ड्राइव, उसके पास सभी शॉट मौजूद हैं। उसने स्टेट ड्राइव भी खेला। पूर्व भारतीय कप्तान का मानना है कि सूर्यकुमार की वजह से ही भारत बचाव करने लायक स्कोर बनाने में सफल हो रहा है। वह असल में ऐसा खिलाड़ी बन रहा है जो भारत को ऐसे स्कोर तक पहुंचा रहा है जिसका बचाव किया जा सके। भारत ने जो रन बनाए वह एमसीजी में किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक स्कोर है। उसके नाबाद 61 रन के बिना भारत 150 रन तक भी नहीं पहुंच पाता। आलोचनाओं का शिकार लोकेश राहुल ने बांग्लादेश और जिंबाब्वे के खिलाफ पिछले दो मैच में लगातार दो अर्धशतक के साथ फॉर्म में वापसी की है। गावस्कर ने कहा कि अगर सूर्यकुमार विफल होते हैं जो राहुल को जिम्मेदारी लेनी होगी। अगर सूर्या विफल रहता है तो भारत को 140-150 रन बनाने के लिए भी जूझना पड़ेगा इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है कि राहुल जिम्मेदारी ले। कप्तान रोहित शर्मा भी फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं और पांच मैच में सिर्फ 89 रन बना पाए हैं जिसमें नीदरलैंड के खिलाफ 53 रन की पारी भी शामिल है। उम्मीद करता हूं कि उसे अपने रन अंतिम दो मैच के लिए बचाए हुए हैं। ए सबसे बड़े मुकाबले होंगे। ग्रुप मैच में आपको पता होता है कि एक और मैच मिलेगा इसलिए आप कभी कभी अधिक प्रयास करते हैं और आउट हो जाते हैं। अब ए नॉकआउट मुकाबले हैं।



### सूर्यकुमार का खानपान: तले-भुने खाने से दूरी, कम कारबोहाइड्रेट और थोड़ी कैफीन

**एडीलेड।** सूर्यकुमार यादव की सफलता मे उनके खान-पान की भी अहम भूमिका है और यह दुनिया का नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज अपनी खुराक का विशेष ध्यान रखता है। सूर्यकुमार चीट मील्स (डाइट के दौरान किसी समय अधिक कैलोरी वाला खाना) से दूर रहते है और कारबोहाइड्रेट भी कम लेते है जबकि थोड़ा कैफीन लेते है। सूर्यकुमार के साथ काम करने वाली जानी मानी डाइटीशियन और खेल पोषण विशेषज्ञ श्वेता भाटिया ने बताया कि दुनिया के इस नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज ने अपने शरीर को लेकर किस तरह योजना बनाई और उस पर काम किया। श्वेता ने पीटीआई से कहा, हम पिछले एक साल से उसके साथ काम कर रहे है। वह अपनी ओवराल फिटनेस में सुधार करना चाहता था। मैंने खेल पोषण की उसकी समझ को बेहतर करने में मदद की। श्वेता ने कहा कि सूर्या की खुराक पांच बिंदू के एजेंडे पर बनी है।

### रबड़ बॉल क्रिकेट खेलते हुए स्कूप शॉट में महारत हासिल की : सूर्यकुमार

**मेलबर्न।** सूर्यकुमार यादव का जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा की गेंद पर लगाया गया स्कूप शॉट टी20 विश्वकप मे चर्चा का विषय बना हुआ है और इस आक्रामक भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने रबड़ बॉल से खेलते हुए इस विशिष्ट शॉट मे महारत हासिल की थी। सूर्यकुमार ने रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपने विविधता पूर्ण स्ट्रोक्स से 82000 दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। उन्होंने 25 गेंदों पर नाबाद 61 रन की पारी खेली जिससे भारत ने पांच विकेट पर 186 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी में चार छक्के और छह चौके लगाए थे। पारी की आखिरी गेंद पर लगाया गया उनका एक शॉट विशिष्ट था। उन्होंने घुटने के बल पर रिचर्ड नगारवा की ऑफ स्टंप से बाहर की फुलटॉस को स्कूप करके छह रन के लिए भेज दिया था। रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने उनके इस प्रयास की जमकर प्रशंसा की। टी20 मे विश्व के नंबर एक बल्लेबाज सूर्य कुमार ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम में कहा, आपको यह समझना होता है कि उस समय गेंदबाज कौन सी गेंद करने वाला है जो कि उस समय कुछ हद तक पूर्व निर्धारित होता है। मैंने रबड़ बॉल क्रिकेट खेलते हुए इस शॉट का जमकर अभ्यास किया था। इसलिए आपको यह जानना होता है कि गेंदबाज उस समय क्या सोच रहा है। तब मै खुद पर भरोसा करता हूं। आपको पता होता है कि सीमा रेखा कितनी दूर है। जब मैं क्रीज पर होता हूं तो मुझे लगता है कि यह केवल 60-65 मीटर दूर है तथा गेंद की तेजी को भांपकर मै सही टाइमिंग से शॉट लगाने की कोशिश करता हूं। मै गेंद को बल्ले के स्वीट स्पॉट पर लेने की कोशिश करता हूं और अगर वह सही तरह से हिट होती है तो सीमा रेखा के बाहर चली जाती है।

### भारत ने पैरा निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण, कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन में पैरा निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और एक कांस्य के रूप में दो पदक जीते। भारत के राहुल , सिंहराज और निहाल ने 25 मीटर पिस्टल मिश्रित एसएच। वर्ग की पी3 टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत स्पर्धा में राहुल जाखड़ (21 अंक) ने कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया के जुंगनाम और यूक्रेन के डेनियस उनसे आगे रहे। मिश्रित एयर राइफल प्रोन पी3 स्पर्धा में भारत की अवनी ने 630.6 अंक के साथ क्वालीफाइंग दौर में 19वां स्थान पर रही।

# गुणतिलका को अदालत का जमानत देने से इंकार, एसएलसी ने निलंबित किया

भाषा। सिडनी-कोलंबो



**सिडनी की** एक स्थानीय अदालत ने श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका को एक महिला के यौन उत्पीड़न के मामले में सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि उसके देश के क्रिकेट बोर्ड ने उसे तुरंत प्रभाव से सभी तरह की क्रिकेट से निलंबित कर दिया। इकतीस वर्ष के गुणतिलका को श्रीलंका टीम के आस्ट्रेलिया से रवाना होने से ठीक पहले रविवार को तड़के गिरफ्तार किया गया था। उसने स्थानीय अदालत के सरी हिल्स विभाग में एक वीडियो लिंक के जरिए सुनवाई में भाग लिया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार सुनवाई में वर्चुअल उपस्थिति के दौरान गुणतिलका को हथकड़ी पहनाई गई थी। उसने सफेद रंग की टीशर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। उसके वकील आनंद अमरनाथ ने सुनवाई के दौरान जमानत की अर्जी दी थी लेकिन मजिस्ट्रेट रॉबर्ट विलियम्स ने जमानत देने से इनकार कर दिया। निश्चित तौर पर हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका डालने पर विचार कर रहे हैं और यह जितना संभव हो उतनी जल्दी किया जाएगा। निश्चित तौर पर वह निराश होगा। श्रीलंका की टीम शनिवार को टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद गुणतिलका के बिना स्वदेश रवाना हो गई थी।

### भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल में धर्मसेना और रीफेल होंगे मैदानी अंपायर

**दुबई।** भारत और इंग्लैंड के बीच एडिलेड में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में कुमार धर्मसेना और पॉल रीफेल मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को मैच अधिकारियों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। भारत और इंग्लैंड के बीच 10 नवंबर को होने वाले इस मैच के तीसरे अंपायर क्रिस गैफनी होंगे। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नौ नवंबर को सिडनी में होने वाले पहले सेमीफाइनल में मारियास इरासमुस और रिचर्ड इलिंगवर्थ मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे।

### हर कोई भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल देखना चाहेगा : वॉटसन

**सिडनी।** भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान रोमांच अपनी पराकाष्ठा पर होता है और यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन इन दोनो प्रतिद्वंद्वियों के बीच टी20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला देखना चाहते है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप चरण में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर एक दूसरे का सामना कर चुके है जिसमें विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियो में से एक पारी खेली थी। अब यह दोनो टीमें सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है और ऐसे मे भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबले के क्यास लगाए जा रहे है। भारत गुरुवार को एडिलेड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि पाकिस्तान का मुकाबला सिडनी मे इससे एक दिन पहले न्यूजीलैंड से होगा।

### सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग कप टी-20 में जम्मू और कश्मीर की जीत

**लखनऊ।** आज सम्पन्न हुए दूसरे सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग कप टी20 में जम्मू और कश्मीर टीम ट्रॉफी की विजेता रही। के डी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित समापन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर टूर्नामेंट की ब्रैंड एम्बैस्डर डॉः दीपा मलिक पद्मश्री, खेल रत्न एवं अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत, अश्वनी कुमार कार्यपालक निदेशक इंडियन बैंक, रवि चौहान सचिव, डीसीसीआई एवं स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव, डीसीसीआई भी उपस्थित थे।इस टूर्नामेंट में दिव्यांग क्रिकेटरों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया एवं दर्शकों ने कई रोमांचक मैच देखे। हैदराबाद टीम के एस प्रशांत का कर्नाटक के साथ मुक़ाबले के दौरान 5 गेंदों में 5 विकेट का लिया जाना एवं कर्नाटक के साथ मुक़ाबले में महाराष्ट्र के रवींद्र साँते के शानदार 5 छक्के इस मैच के हाइलाइट्स रहे। हरियाणा और जम्मू और कश्मीर के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें जम्मू और कश्मीर की टीम को जीत हासिल हुई। हरियाणा की टीम को जम्मू और कश्मीर की टीम ने सभी विकेट खोकर 87रन का लक्ष्य दिया,जबकि हरियाणा की टीम 18.3 ओवर में 71 रनो में ही सिमट कर मैच हार गयी द्य आज के मैच में आमिर हसन का प्रदर्शन शानदार रहा तथा उन्हे मैन ऑफद मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर श्री रवि चौहान ने कहा कि यह पहली बार है कि भारत में दिव्यांगों के लिए क्रिकेट का इतने बड़े स्तर पर आयोजन किया गया है। इस उपलब्धि के लिए मैं इंडियन बैंक का आभार प्रकट करता हूँ जो इस सिरिज के प्रमुख प्रायोजक हैं ।



# सुमित सेमीफाइनल में, पदक पक्का

## एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय मुक्केबाज** सुमित (75 किलो) ने थाईलैंड के बोरवोर्न कदमदुआन को 3-2 से हराकर जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप में भारत का एक और पदक पक्का कर दिया। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सुमित ने बंटे हुए फैसले के आधार पर क्वार्टर फाइनल जीता। अब उनका सामना गत चैम्पियन उजबेकिस्तान के जाफरोव सैदामशिद से होगा। भारत के अब 11 पदक पक्के हो गए हैं। भारत के सचिन (71 किलो) और लक्ष्य चाहर (80 किलो) अपने अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गए। सचिन को एशियाई खेल 2018 के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के असलानबेक शिमबरजेनोव ने 4-1 से हराया। वहीं लक्ष्य को उजबेकिस्तान के असलोनोव ओदिलजान ने 5-0 से शिकस्त दी। भारत के नवीन कुमार (92 किलो) और नरेंदर (92 प्लस) आज अपने अपने क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। इससे पहले अमित कुमार (67 किलो) , मोनिका (48 किलो) और सिमरनजीत कौर (60 किलो) हारकर बाहर हो गए।

### चोटिल डेविड मलान का भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलना संदिग्ध

**एडीलेड।** इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान का चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में खेलना संदिग्ध है। मलान को शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट से मिली जीत के दौरान चोट लगी थी। दुनिया के पूर्व नंबर एक टी20 बल्लेबाज को श्रीलंकाई पारी के दौरान मैदान छोड़ना पड़ा और वह लौटकर बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सके। उपकप्तान मोईन अली ने कहा कि मलान की चोट ठीक नहीं है। वह बड़ा खिलाड़ी है और लंबे समय से खेल रहा है। वह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से है लेकिन उसकी चोट ठीक नहीं लग रही।

### हेडन ने पाक के सेमीफाइनल में पहुंचने पर कहा, अन्य टीम नहीं चाहती थी लेकिन हम यहां हैं

**सिडनी।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और वर्तमान में पाकिस्तान टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) मैथ्यू हेडन ने स्वीकार किया कि उनकी टीम का टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना चमत्कार जैसा है। पाकिस्तान की टीम भारत और फिर जिंबाब्वे से हार के कारण एक समय बाहर होने के कगार पर थी लेकिन नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को उलटफेर का शिकार बनाया।